e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 155
शनिवार
08.06.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जिंदगी में एक सफलता कुछ संभावनाओं को जन्म देती हैं, लेकिन एक विफलता सैकड़ों संभावनाओं को जन्म दे देती है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### डम्पर ने कार में मारी टक्कर, डॉक्टर परिवार के 4 सदस्यों की मौत

**हिम्मतनगर :** साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर के समीप इडर हाइवे पर स?क हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 4 अन्य लोग घायल हो गए। दुर्घटना गुरुवार देर रात 11 बजे की बताई जा रही है।साबरकांठा जिले के नेत्रामाली गांव निवासी डॉक्टर जरीवाला परिवार बर्थडे पार्टी मना कर लौट रहा था कि हिम्मतनगर के भेटाली के समीप उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जादर थाने की पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। डॉक्टर परिवार फिलहाल मुंबई में रह रहा था।इडर हाइवे पर भेटाली के समीप गुरुवार रात पत्थर भरे डम्पर ने कार को टक्कर मार दी। जिससे कार में सवार 8 लोगों में से 4 की मौत हो गई, वहीं 4 अन्य घायल हो गए।

### कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में धांधली का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट (स्नातक) में धांधली का आरोप लगाते हुए कहा है कि इसकी उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए ताकि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को न्याय मिल सके। नीट का परिणाम गत चार जून को घोषित किया गया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा ने देश के युवाओं को ठगा है।शुक्रवार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रतिक्रिया देने के साथ ही कहा कि उनकी मांग है कि उच्चतम न्यायालय की देखरेख में एक उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए, जिससे नीट व अन्य परीक्षाओं में भाग लेने वाले हमारे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को न्याय मिले।

### महिला कंडक्टर ने बस में मिले 10 लाख रुपये लौटाये

**जूनागढ़ :** राज्य परिवहन बस की एक महिला कंडक्टर ने ईमानदारी की मिसाल पेश कर यह साबित कर दिया है कि आज के दौर में भी ईमानदारी जिंदा है। जूनागढ़ में महिला बस कंडक्टर को किसी यात्री का थैला प?ा मिला, जिसमें 10 लाख रुपये थे। महिला ने यह थैला अपने डिपो मैनेजर के हवाले कर ईमानदारी की मिसाल पेश की। जूनाग? से कुतियाणा बस रूट पर एक यात्री द्वारका डिपो संचालित जूनाग?-पोरबंदर-द्वारका रूट की बस में बैठा था। कुतियाणी पहुंचने पर वह बस से उतर कर कहीं चला गया। यात्री बस में रखे 10 लाख रुपये का थैला लेना भूल गया। इस रूट की बस में ड्यूटी कर रही कंडक्टर दर्शनाबेन कानगड को यह थैला मिला तो उसने देर किए बगैर इसे पोरबंदर डिपो स्टेशन इंचार्ज एच एम रूघाणी को सौंप दिया। स्टेशन इंचार्ज ने जब थैला खोला तो इसमें रुपये भरे थे। डिपो स्टेशन इंचार्ज ने यात्री को सूचना भेजी तो उसने अपने संबंधी को डिपो इंचार्ज के पास भेज दिया।

### सपा विधायक इरफान सोलंकी को हुई सात साल की सजा, विधायकी भी गई

**कानपुर :** कानपुर की सीसामऊ विधानसभा से 4 बार समाजवादी पार्टी से विधायक इरफान सोलंकी को कोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। एमपी/एमएलए कोर्ट ने महिला के घर आगजनी मामले में इरफान सोलंकी को 7 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट के इस फैसले के बाद सपा विधायक इरफान सोलंकी की गई विधायकी भी चली गई है। इरफान सोलंकी को 8 नवंबर 2022 को करोड़ो का प्लॉट हड़पने के लिए महिला की झोपड़ी में आग लगाने का दोषी पाया गया है।सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान समेत तीन अन्य साथियों को इस मामले में सजा सुनाई गई है।

### नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, निमंत्रण किया स्वीकार

**माले:** भारत के साथ चल रहे तनाव के बीच मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू 9 जून को नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए नई दिल्ली आएंगे। उन्होंने पीएम मोदी का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। भारत ने पड़ोसी प्रथम नीति के तहत नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मॉरीशस, बांग्लादेश और मालदीव जैसे देशों के राष्ट्राध्यक्षों को शपथ ग्रहण समारोह का न्यौता भेजा है। मुइज्जू ने सप्ताहांत में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है.खबर के अनुसार राष्ट्रपति मुइज्जू कई अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ समारोह के लिए शनिवार को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 26° |

---

एनडीए के नेता नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति से मिलकर पेश किया नई सरकार बनाने का दावा

# तीसरे कार्यकाल में तेज गति से होगा विकास कार्य : मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** एनडीए के नेता नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति को सांसदों का समर्थन पत्र भी सौंपा।

इसके बाद राष्ट्रपति ने एनडीए संसदीय दल के नेता नरेंद्र मोदी को सरकार बनाने का निमंत्रण दिया। 9 जून को नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति से मिलने के बाद नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार को तीसरी बार देश की सेवा करने का देशवासियों ने आदेश दिया है। ये अवसर देने के लिए मैं देशवासियों का एक बार फिर हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं देशवासियों को यह विश्वास दिलाता हूं पिछले दो कार्यकाल में जिस गति से देश आगे बढ़ा उससे भी तेज गति से विकास कार्य किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार देश के सपनों को पूरा करने का काम करेगी। उन्होंने कि देश की आशा-आकांशाओं को पूरा करने में कोई कमी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि 18वीं लोकसभा एक प्रकार से नई ऊर्जा, युवा ऊर्जा और कुछ कर गुजरने के इरादे वाली लोकसभा है। आजादी के अमृत महोत्सव के बाद का यह पहला चुनाव है।

यह वह 25 वर्ष है जो हमारे अमृत काल के 25 वर्ष है। तीसरी बार एनडीए सरकार को जनता ने देश की सेवा करने का मौका दिया है। मैं देश की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि पिछले दो कार्यकाल में देश जिस तेजी से आगे बढ़ा है, हर क्षेत्र में बदलाव दिख रहा है और 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना हर भारतवासी के लिए गर्व का क्षण है।

### भाजपा नेता नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से राजग संसदीय दल का नेता चुना गया

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन संसदीय दल की बैठक में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने भारत के संविधान को अपने माथे से लगाया। इसके बाद उन्हें सर्वसम्मति से राजग संसदीय दल का नेता चुन लिया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रहलाद जोशी ने एनडीए संसदीय दल की बैठक में कहा कि नरेंद्र मोदी रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। मोदी को अपना नेता चुनने के लिए यहां पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में एकत्रित एनडीए नेताओं से जोशी ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह 9 जून को शाम 6 बजे होगा। बैठक में एनडीए सांसदों के अलावा भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और गठबंधन के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

### राष्ट्रपति ने नरेंद्र मोदी को सरकार बनाने का दिया निमंत्रण, 9 जून को लेंगे पीएम पद की शपथ



### साथ थे, साथ रहेंगे : नीतीश

बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख नीतीश कुमार ने कहा कि खुशी की बात है कि 10 साल से ये प्रधानमंत्री हैं और फिर प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं। उन्होंने देश की सेवा की है। अब पूरा भरोसा है कि जो भी बचा है, अगली बार ये सब पूरा कर देंगे। जो भी हर राज्य का है, वह भी। हम लोग पूरे तौर पर सब दिन इनके साथ रहेंगे। पूरे तौर पर जो भी कुछ करेंगे, जिस तरह से ये करेंगे, सब अच्छा है। उन्होंने कहा,हमका तो लगता है कि जब अगली बार आप आइएगा न, इस बार जो लोग कुछ इधर-उधर जीत गया है, अगली बार वो सब हारेगा। हमें पूरा भरोसा है।

### मोदी के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई : चंद्रबाबू नायडू

नई दिल्ली : एनडीए संसदीय दल की बैठक में टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा, हम सभी को बधाई दे रहे हैं क्योंकि हमने शानदार बहुमत हासिल किया है। मैंने चुनाव प्रचार के दौरान देखा है कि तीन महीने तक पीएम मोदी ने कभी आराम नहीं किया। उन्होंने दिन-रात प्रचार किया। उन्होंने उसी भावना के साथ शुरुआत की और उसी भावना के साथ खत्म किया। आंध्र प्रदेश में पीएम ने 3 सार्वजनिक बैठकें और 1 बड़ी रैली की और इसने आंध्र प्रदेश में चुनाव जीतने में बहुत बड़ा अंतर पैदा किया है।पीडीपी के प्रमुख चंद्र बाबू नायडू ने कहा कि मोदी के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई।

---

## सीएम ने सभी थाना भवनों का निर्माण शीघ्र शुरू करने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के भवन निर्माण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर झारखंड कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक प्रशांत सिंह ने बताया कि गोड्डा, जामताड़ा और पाकुड़ में नई पुलिस लाइन का निर्माण हो चुका है। जिसका शीघ्र उद्घाटन किया जाना है। वहीं पुलिस भवन, पुलिस लाइन और थानों से संबंधित 290 भवनों के निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने प्रस्तावित नए पुलिस मुख्यालय से जुड़ी जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी।मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा जिन भवन निर्माण योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना है।उसमें पूरी पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वीकृत सभी थाना भवनों का निर्माण शीघ्र शुरू करने और लंबित भवनों का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने सभी थानों के परिसर में वन विभाग के सहयोग से वृक्षारोपण करने को भी कहा। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल मौजूद थे।

**सीओ सहित 3 अधिकारियों पर कार्रवाई का सीएम ने दिया आदेश:**लोकसभा चुनाव खत्म होते ही सरकार एक्शन मोड में आ चुकी है. राज्य की चंपाई सरकार ने एक अंचल अधिकारी सहित कई अफसरों पर कार्रवाई की मंजूरी दी है. इसके तहत राम प्रवेश कुमार, तत्कालीन अंचल अधिकारी, वलिपुर, धनबाद पर झारखंड सरकारी सेवक नियमावली 2016 के तहत एक वेतन वृद्धि पर रोक के प्रस्ताव को सरकार ने स्वीकृति दी है. वहीं चन्द्रशेखर सिंह, जिनपर बीडियो सोनवर्षा में पदस्थापन के दौरान अनियमितता को लेकर विभागीय कार्रवाई चल रही थी. सेवानिवृति के बाद उनपर लगे आरोप सही पाए जाने के बाद उनके पेंशन को रोकने के प्रस्ताव को सरकार ने मंजूरी दी है.

**सीएम ने आलमगीर आलम से सभी विभाग लिए वापस :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कैश कांड में जेल में बंद ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के विभाग अपने पास ले लिया है। राज्यपाल सी राधाकृष्ण ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के विभागों को वापस लेते हुए राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को आवंटित कर दिया है।मुख्यमंत्री को पूर्व में आवंटित विभागों के अलावा ग्रामीण विकास विभाग ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग और संसदीय कार्य विभाग का भी कामकाज सौंप दिया गया है। मुख्यमंत्री की सलाह पर राज्यपाल ने यह संशोधन किया है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।विभागीय सचिव वंदना दादेल के हस्ताक्षर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, मुख्यमंत्री के पास पूर्व से आवंटित विभागों के अतिरिक्त खुद सीएम की सलाह से उसमें आंशिक संशोधन करते हुए संसदीय कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग आवंटित किया गया है। पूर्व से आवंटित सभी विभाग मुख्यमंत्री के पास यथावत रहेंगे। यह तत्काल प्रभाव से मान्य होगा।

---

## बंगलुरु में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं के साथ की बैठक



**एजेंसी**

**बंगलुरु :** कर्नाटक के बंगलुरु में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी के राज्य नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जिसमें कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी उपस्थित रहे।

देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव हुए, जिसका परिणाम चुनाव आयोग ने मंगलवार को जारी किया। इस लोकसभा चुनाव में जहां एक ओर भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने पूरा जोर लगाया, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने विपक्षी दलों को जोड़कर इंडी गठबंधन के साथ चुनाव लड़ा। हालांकि चुनाव परिणाम में कांग्रेस को सिर्फ 99 सीट मिल सकीं। वहीं इंडी गठबंधन 230 सीट जीतने में कामयाब रही। कांग्रेस ने अपने जीत का ग्राफ सुधारा है।

कांग्रेस पार्टी ने इस चुनाव में 99 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए के पास 292 सीट हैं, जबकि इंडी गठबंधन ने 230 सीट जीता है। नेता एचके पाटिल ने राहुल गांधी के बारे में बोलते हुए कहा कि उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया है कि हम सब पार्टी की ताकत हैं।

इस लोकसभा चुनाव में कर्नाटक में कांग्रेस ने 9 सीटों पर जीत हासिल की। जिसमें वोट प्रतिशत 45.43 रहा। वहीं भाजपा ने 17 सीटों पर जीत हासिल की है, लेकिन वोट का प्रतिशत 46.06 रहा।

---

लोकसभा चुनाव के बाद झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू

## कम वोटिंग प्रतिशत के कारणों को जानने के लिए जिलों का दौरा करेगी टीम: के. रवि कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** लोकसभा चुनाव के बाद चुनाव आयोग साल के अंत में होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को बैठक हुई, जिसमें बीते लोकसभा चुनाव की समीक्षा की गई। साथ ही विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने के निर्देश दिए गए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की मौजूदगी में हुई इस बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी के अलावा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से निर्वाचन कार्य से जुड़े जिलास्तर के पदाधिकारी शामिल हुए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिन बूथों पर कम वोटिंग हुई है, उसके कारणों को जानने के लिए चुनाव आयोग की टीम जिलों का दौरा करेगी। इन जगहों में मतदान क्यों कम हुए हैं, इसे जानने के लिए संत जेवियर्स के रिसर्च टीम को भी जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा जुलाई के पहले सप्ताह से फील्ड विजिट भी होगा।

इस साल होने वाले झारखंड विधानसभा के चुनाव को ध्यान में रखते हुए आयोग ने तैयारी शुरू करते हुए सभी उप निर्वाचन पदाधिकारी को मतदाता सूची में लोकसभा चुनाव के दौरान आई शिकायतों को दूर करने का निर्देश दिया है। साथ ही मतदाताओं से अपील की है कि समय रहते मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने का काम करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आम लोगों से अपील किया कि मतदाता सूची से संबंधित जो कुछ भी शिकायतें हैं, उसे दूर करने के लिए वोटर को समय पर पहल करनी होगी। अभी वक्त है। विधानसभा चुनाव से पहले ही बीएलओ के माध्यम से इस दिशा में कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि आयोग के द्वारा सभी मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों को मुफ्त में मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे समय रहते वे देख सकें कि किनका वोटर लिस्ट में नाम नहीं है या किसी तरह की संशोधन की जरूरत है।

---

## लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने दाखिल की अंतिम चार्जशीट, 78 आरोपित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में अंतिम चार्जशीट दाखिल कर दी। चार्जशीट में 78 लोगों को आरोपित बनाया गया है, जिनमें रेलवे में नौकरी पाने वाले 38 उम्मीदवार भी शामिल हैं। स्पेशल जज विशाल गोगने ने चार्जशीट पर 6 जुलाई को सुनवाई करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश वकील डीपी सिंह ने कहा कि इस मामले में अभियोजन चलाने के लिए अनुमति का इंतजार किया जा रहा है। इससे पहले 31 मई को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई को अंतिम चार्जशीट दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय दिया था, जिसके बाद सीबीआई ने आज चार्जशीट




दाखिल की है। कोर्ट ने 7 मार्च को राबड़ी देवी मीसा भारती, हीमा यादव और हृदयानंद चौधरी को नियमित जमानत दी थी। इस मामले में कोर्ट ने 27 जनवरी को ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 9 जनवरी को ईडी ने इस मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने इस मामले में अमित कात्याल को गिरफ्तार किया था। अमित कात्याल अभी अंतरिम जमानत पर है। इस मामले में ईडी के पहले सीबीआई ने केस दर्ज किया था। सीबीआई का मामला भी दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में ही चल रहा है। सीबीआई से जुड़े मामले में कोर्ट ने 4 अक्टूबर, 2023 को बिहार के पूर्व उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी को जमानत दी थी। कोर्ट ने 22 सितंबर, 2023 को सीबीआई की ओर से दाखिल दूसरी चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 3 जुलाई, 2023 को सीबीआई ने पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने 27 फरवरी, 2023 को सभी आरोपितों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 7 अक्टूबर, 2022 को लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती समेत 16 आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

---

## छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ के दौरान चार नक्सली ढेर

**एजेंसी**

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर-दंतेवाड़ा के सीमावर्ती इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए हैं। साथ ही बड़ी संख्या में नक्सलियों के घायल होने की भी सूचना है। जानकारी के मुताबिक, नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि अभी तक चार सशस्त्र नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। हालांकि, सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। बता दें कि यह क्षेत्र घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। यहां आए दिन पुलिस की नक्सलियों से मुठभेड़ होते रहता है। विगत दो महीनों के अंदर कई नक्सली मारे गए हैं। इस क्षेत्र में पुलिस लगातार नक्सलियों के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चला रही है। इस अभियान के सार्थक परिणाम भी देखे जा रहे हैं।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

# उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा एक एक कर शिक्षा विभाग के विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त द्वारा शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति, विद्यालयों की साफ सफाई, पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की साफ सफाई, पुस्तक वितरण, मध्याह्न भोजन का संचालन, बच्चों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं, विद्यालयों के भवन निर्माण एवं रंग रोगन समेत अन्य विषयों पर एक-एक कर समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग के उक्त समीक्षात्मक बैठक में उपायुक्त द्वारा जिला अंतर्गत सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शौचालय, पेयजल की व्यवस्था एवं विद्यालय की विधिवत्त साफ-सफाई, विद्युतिकरण, पोषाहार, पोशाक आदि बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिससे विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा के तहत विद्यालयों में कराटे का प्रशिक्षण देकर बच्चियों को सशक्त बनाने की बात कही गई। साथ ही स्मार्ट क्लास संचालन, स्कूल मैनेजमेंट कमिटी का गठन, नए पीजीटी, टीजीटी शिक्षकों की जोइनिंग, बीआरसी प्रबंधन, एक्सपेंडिचर रिपोर्ट, ई विद्या वाहिनी, सीआरपी बीआरपी के कार्य, खेलो झारखंड, रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण, वोकेशनल पाठ्यक्रम, यूसी बिल यूटिलाइजेशन, सिविल एवं टेंडर संबंधित मामले समेत अन्य की भी बिंदुवार समीक्षा की गई। वहीं मध्याह्न भोजन सामग्री की नियमित रूप से आपूर्ति को लेकर भी उपायुक्त ने कई आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, जेईपीसी के कनीय अभियंतागण, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला समन्वयक एवं सभी प्रखंड समन्वयक, कस्तूरबा गांधी विद्यालय के कर्मचारी व अन्य उपस्थित थें।

# भाजपा की जीत पर हुसैनाबाद में निकला विजय जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** बुधवार की शाम भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम की हैट्रिक बंपर जीत पर विजय जुलूस निकला गया। दोपहर से भाजपा कार्यकर्त्ताओ की भीड़ भाजपा के वरिष्ट नेता सह विधानसभा के संयोजक विनोद कुमार सिंह के आवास पर जमा होने लगी। लोगों ने एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की शुभकामनाएं दी। साथ ही भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह और विधानसभा के उपसंयोजक रविन्द्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह के नेतृव में विजय जूलूस निकाला गया। विजय जुलूस नहर मोड़, रविदास नगर, मुख्य बाजार, गांधी चौक, अंबेडकर चौक, जय प्रकाश चौक तक गया। जूलूस के दौरान भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने जमकर आतिशबाजी भी की। विनोद कुमार सिंह और रविंद्र कुमार सिंह ने लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। मौके पर विनोद कुमार सिंह ने कहा की वीडी राम की हैट्रिक जीत झारखंड में सबसे बड़े मत के अंतर से हुई है।

# पत्रकार की मोटरसाईकिल कोर्ट परिसर से चोरी



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के नौडीहा बाजार के हिंदी दैनिक अखबार प्रभांत मंत्र के संवाददाता विश्वप्रेम कुमार ने अपने निजी कार्य के लिए व्यवहार न्यायलय मेदिनीनगर में आए थे। अपनी मोटर साइकिल की नगर निगम परिसर मे करीब 10 बजे के आस पास पहुंच कर अपनी बाइक खड़ी कर कोर्ट मे काम कराने चले गये। जिसकी नंबर जेएच 03 ए डी 3073 सप्लेंडर प्लस ब्लैक सिल्वर रंग की बाइक अज्ञात चोर चोरी कर भागने मे सफल रहा है। भुक्तभोगी विश्वप्रेम कुमार ने बताया कि हम और अपने चाचा के साथ और दैनिक अखबार के राष्ट्रीय सागर के पत्रकार साथ में व्यवहार न्यायलय आये थे और बाइक खड़ी कर तीनो एक साथ काम कराने के लिए चले गये जब काम कर के करीब 1 बजे दिन में वापस लौटते है तो अपनी मोटर साईकिल को नहीं देखा तो मै नगर निगम परिसर के इर्द गिर्द काफी खोजा लेकिन मेरा गाड़ी नहीं मिला तो मै स्थानीय थाना की लिखित आवेदन देकर खोज बिन सहित उचित करवाई के लिए गुहार लगाया।

# विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर विशेष, जैसा अन्न, वैसा मन : प्राचार्य



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 7 जून को प्रतिवर्ष विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य है खाद्य सामग्रियों की सुरक्षा को लोगों तक पहुंचाना। आज के दिन हमारे समझ से लोगों को यह समझना ज़रूरी है कि वे यह समझें जैसा होगा आहार, वैसा होगा विचार। घर का भोजन सेहत बनाएं बाहर का भोजन हॉस्पिटल पहुंचायें। खाना हो सुरक्षित बच्चों को करें शिक्षित। आज के मंहगाई के दौर में हम सभी को यह वचन लेने की आवश्यकता है कि खाना खाओ, सेहत बनाओ। खुद भी खाओ औरों को भी खिलाओ। यदि हम यह समझें कि खाना खाओं मन भर, ना छोड़ो कण भर। उतना ही लो थाली में व्यर्थ न जाए नाली में। आपको हमेशा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप जो भोजन खा रहे हैं वह पूरी तरह सुरक्षित और उपयोग के लिए उपयुक्त है क्यों कि आज बच्चे फास्त फूड के शोकिन हो गए हैं। उन्हें रोटी, फल, सब्जियों से अच्छा मैगी, पास्ता, चावमिंग इत्यादि खाने में लगता है जिसका नतीजा यह है कि आपके हमारे बच्चे स्वस्थ नहीं हैं। हम सभी को यह जानना चाहिए कि लगभग 60 करोड़ लोग दुनिया में हर वर्ष खाद्य जनित बीमारियों की चपेट में आते हैं जिसमें 4.2 लाख मौतें दुनिया में हर वर्ष असुरक्षित भोजन से हो रही है। यह आंकड़ा भी हम सबों को सजग करने के लिए काफ़ी है कि 40 प्रतिशत बच्चे खाद्य संबंधी बिमारियों से पीड़ीत है। (एमएसए पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एमएस मण्डल सर के कलम से)

# ग्रामीण क्षेत्र का वर्षो पुराना तालाब सरकार की नजर से हो रहा है दूर



**आलोक पांडेय @ प्रभात मंत्र**

**बिश्रामपुर :** जिला स्थित ग्रामीण क्षेत्र में पुराने जमाने के लोगों के द्वारा हर पंचायत में बड़ी-बड़ी तालाब लोगो ने खुदवाया था, ताकि नजदीकी क्षेत्र का जलस्तर सदैव बनी रहे, पशु पक्षी को पानी के अभाव में अपनी जान ना गवानी पड़े वही कभी भी पानी को लेकर संकट आने पर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग तालाब का सहारा लेकर अपना जीवन यापन कर सके। पर सरकार के देखरेख के अभाव में यह पुरानी तालाब विलुप्त होते नजर आ रहा है, प्रखंड बिश्रामपुर के ग्रामीण क्षेत्र में आनेको तालाब पढ़ रही भीष्न गर्मी की वजह से सूख गए हैं, कही-कही कुछ तालाब में पानी देखने को मिल रहा है अगर बात करे बिश्रामपुर प्रखंड का भंडार पंचायत स्थित बड़ी तलब जो गुरु मठ के नजदीक है, विश्रामपुर प्रखंड मे पांच बड़ी तलाब है तो उसमें एक यह भी आएगा पर गंदगी के बोझ लिए अपना दुखड़ा रोते नजर आ रहा है इस पर नजर किसी की नहीं, ज्यादातर सरकार की ओर से लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए डीप बोर कर जल नल योजना के द्वारा घर-घर तक पानी पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने द्वारा भी बोर पानी पूर्ति के लिए करा रहे हैं पानी संचय की ओर किसी का ध्यान नहीं है, गर्मी के दिन में पानी की संकट को देखते हुए शहर में रहने वाले लोग अपने ग्राम में निवास करने लगते हैं, आने वाले समय के लिए यह एक गंभीर विषय है अगर समय रहते सरकार की ध्यान ईश् ओर आकृष्ट नहीं होती है तो ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी काफी संकट का सामना करना पड़ सकता है।

# सीओ ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर चैनपुर थाना को सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** पीला सोना कहे जाने वाले बालू का खेल चरम पर है। प्रतिदिन अवैध तरीके से काली कमाई करने में लगें हुए हैं बालू माफिया। इसी क्रम में प्रखंड के हरीनामांड के तहले नदी से अवैध बालू लदा ट्रेक्टर को सीओ चंद्रशेखर कुणाल द्वारा जब्त कर लिया गया।लेकिन मौके पर से ड्राइवर फरार हो गया, ट्रैक्टर चैनपुर थाना को सौंप दिया गया। इस संदर्भ में सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने बताया कि बालू लदे ट्रैक्टर को चैनपुर थाना में पार्क करा दिया गया हैं, जांच कर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। वहीं इसी क्रम में अग्रतर कारवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को पत्राचार भेज दी गई हैं। गौरतलब है कि बालू माफिया प्रशानिक कारवाई के बावजूद भी हरकत से बाज नहीं आ रहे वहीं चैनपुर थाना क्षेत्र में दर्जनो ट्रैक्टर नदी से अवैध तरीके से बालू की ढुलाई कर रहें है। पुलिस प्रशासन के डर से शाम ढलने के बाद से सूर्योदय होने से पूर्व तक लोग बालू का ढुलाई ट्रैक्टर से कर चुके होते हैं। अब बात दूसरे पहलू का करें तो इसमें आम जनता पीस रही है। क्योंकि बालू माफियाओं ने अपने फ़ायदे के लिए आम लोगों के लिए जरूरी बालू की कीमत को पहले से ही बढ़ा रखा होता हैं।

# ग्रामीणों की शिकायत पर मुखिया ने जन वितरण प्रणाली की दुकान में लगाया ताला



**खरौन्धी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकार के द्वारा गरीब और असहाय एवं जरूरतमंद परिवारों को जन वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन उपलब्ध कराकर उनको राहत देने की योजना चलाई जा रही है. लेकिन खरौंधी प्रखंड के कुछ राशन डीलरों के द्वारा सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना पर डाका डाला जा रहा है. ताजा मामला गढ़वा जिला के खरौंधी प्रखंड के कुपा पंचयात के मेलवान गांव का है जहां राशन डीलर के द्वारा गरीब लाभुकों के राशन की हेराफेरी की जा रही है। खरौंधी प्रखंड अंतर्गत कुपा पंचायत के मेलवान गांव के जन वितरण प्रणाली के डीलर सुरेश पासवान के द्वारा प्रत्येक लाभुक से दो से तीन किलोग्राम राशन की कटौती की जा रही थी। लाभुकों का आरोप है कि पिछले महीने मई का भी आधे से अधिक कार्डधारियों का भी राशन उपलब्ध नहीं कराई गयी है। ग्रामीणों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से मांग किया है की डीलर द्वारा राशन कालाबाजारी एवं कार्डधारियों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले डिलर पर कार्रवाई करने की मांग की है। कार्डधारियों में अवध राम, कुमारी देवी, एतवरीया देवी, सुमन देवी, विगनी देवी, सुरेन्द्र राम, प्रमोद राम, सुरवन राम, मरवोला देवी, शम्भू राम, सविता देवी, किशुनी देवी, शीला देवी आदि का नाम शामिल है। **क्या कहते हैं मुखिया :** मुखिया प्रमोद राम ने कहा की डिलर सुरेश पासवान द्वारा राशन वितरण में घोर अनियमितता बरती जा रही है जो की सरासर ग़लत है ऐसे डिलर पर कार्रवाई होनी चाहिए। **क्या कहते हैं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी :** इसकी सुचना हमें मिली है जांचों उपरांत कार्रवाई की जाएगी.. सुनिल कुमार प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी खरौंधी **क्या कहते हैं डिलर :** डिलर सुरेश पासवान ने कहा की मुखिया द्वारा गोदाम में ताला मार दिया गया जिसके वज़ह से आधे कार्डधारियों का ही राशन वितरण कर पाए हैं। **क्या कहते हैं पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी :** पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने कहा की जनता के हक अधिकार लूटने वाला डिलर पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# पुलिस ने अवैध बालू लोडिंग कर ले जा रहे दो ट्रैक्टर को किया जप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** पुलिस ने अवैध बालू लोडिंग कर ले जा रहे हैं दो ट्रैक्टर को पकड़कर थाना परिसर में गुरुवार को लगा दिया है, इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया की थाना क्षेत्र अंतर्गत लिखनी धौरा गांव स्थित कनहर तटीय बेवारा घाट से दो ट्रैक्टर अवैध तरीके से बालू लोडिंग कर ले जा रहे धुरकी पुलिस ने उक्त ट्रैक्टर को पकड़कर जब्त करते हुए थाना परिसर में लगा दिया है वही मौके से चालक भागने में सफल रहा, थाना प्रभारी ने कहा की ट्रैक्टर किसकी है इस संबंध में डीटीओ से जांच कराई जा रही है, अग्रतर करवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी को सूचित कर दिया गया है इधर धुरकी पुलिस के इस करवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप है, थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध बालू की ढुलाई किसी भी कीमत में नही होने दिया जाएगा पुलिस लगातार छापामारी अभियान जारी रखेगी, मालूम हो की धुरकी पुलिस अवैध बालू लदा ट्रैक्टर लगातार जब्त कर करवाई कर रही है।

# वरदान अस्पताल का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला डाल्टनगंज के कुंड मुहल्ला के नजदीक सदर अस्पताल स्थित वरदान अस्पताल का उद्घाटन किया गया। अस्पताल उद्घाटन के मौके पर मुख्य रूप से पलामू सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुमताज अहमद खान समाजसेवी दुर्गा जोहरी, वार्ड कमिश्नर टिंकल गुप्ता, राजा, एजाज अहमद खान पांकी, असगर हुसैन एवं वरदान अस्पताल के चिकित्सक, नर्स, स्टाफ सहित अस्पताल से जुड़े प्रबंधन टीम के आलावा और कई लोग उपस्थित थे। बताया गया कि डाल्टनगंज में सस्ता और बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने वाले अस्पताल की जरूरत थी। इसी को देखते हुए वरदान अस्पताल स्थापित किया गया है। यहां पर मरीजों का इलाज कम खर्च पर बेहतर व आधुनिक चिकित्सा पद्धति से की जाएगी। हर तरह के मरीजों के लिए यहां पे चिकित्सक मौजूद रहेंगे। बच्चा, महिला, एमरजेंसी की विशेष व्यवस्था रहेगी। किसी तरह की दिक्कत ना हो इसका पूरा ध्यान वरदान अस्पताल की पुरी टीम रखेगी।

# पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने की वट सावित्री की पूजा, कथा सुनकर लिया आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए वट सावित्री की पूजा कर पर्व को हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाएं वट सावित्री की पूजा के लिए सुबह से ही बरगद के पेड़ के नीचे पहुंचने लगी थी। जहां वट वृक्ष के नीचे बैठ विधि विधान से पूजा अर्चना की। हिंदू धर्म में सुहागिन महिलाओं के लिए वट सावित्री पूजा बेहद खास व महत्वपूर्ण माना जाता है। अमावस्या की तिथि को महिलाएं अपने पति की लंबी आयु व दीर्घायु जीवन की मंगलकामना के साथ सावित्री व्रत करती है। इस व्रत को रखने से महिलाओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस व्रत में सबसे अधिक महत्व वट वृक्ष की होती है। वट सावित्री पूजा के अवसर पर अनुमंडल मुख्यालय के अहिपुरवा स्थित काली मंदिर, शनि देव मंदिर, भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर, हेन्हों स्थित शिव मंदिर, थाना परिसर के निकट, ऐतिहासिक राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर सहित अन्य वट वृक्ष के स्थानों पर बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं एकत्रित होकर पूरे विधि विधान से बरगद पेड़ की पूजा की और सत्यवान और सावित्री की कथा का श्रवण भी किया। पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष की सात बार परिक्रमा कर धागा बांधकर सात जन्मों तक पति के साथ का आशीर्वाद मांगा। साथ ही घर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की।

# बच्चो के बीच हुई मामूली विवाद बदला खूनी संघर्ष में, तीन घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** क्रिकेट खेल रहे दो बच्चों के बीच हुई मामूली विवाद को परीजन ने खूनी संघर्ष में बदल दिया.जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.घायलों में 11 वर्षीय गोलू कुमार, 19 वर्षीय सुनैना कुमारी व 37 वर्षीय सुषमा देवी का नाम शामिल है। भी घायल रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत डंडिला कला के रहने वाले हैं। घटना गुरुवार देर रात की बताई जाती है.जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम क्रिकेट खेलने के क्रम में दो बच्चे गोलू व राजा किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए। साथ खेल रहे अन्य बच्चों ने दोनो को अलग कर घर भेज दिया। राजा कुमार अपने घर जाकर विवाद की बात परिजनों को बताई। जिसके बाद उसका बड़े भाई और अन्य घर वाले बिना कुछ जाने गोलू के घर जाकर मार पीट शुरू कर दिया। जिसमे गोलू, उसकी बहन सुनैना और उसकी मां सुषमा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। सभी घायलों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन सबकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु मेदिनीनगर एमएचसीएच रेफर कर दिया गया। घायलों को इलाज में बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा और भोजपुरी गायक विजय बावली ने आर्थिक मदद किया। इधर दोनो पक्षों ने रेहला थाना में एक दूसरे के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराने हेतु आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## हुसैनाबाद में किसानों का महापंचायत 19 जून को

# किसान हित की लड़ाई जारी रहेगी : कर्नल संजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** किसान ब्रिगेड के तत्वाधान में हुसैनाबाद विधानसभा सहित पूरे पलामू के किसानों के विभिन्न समस्यायों को लेकर 19 जून दिन बुधवार को किसान महापंचायत का आह्वान किया है । उक्त बातों की जानकारी किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के गलत नीतियों की वजह से अभी भी किसान युवा और महिला वर्ग आर्थिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित है और शोषित महसूस कर रहे हैं इन्हीं समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और इसके समाधान के लिए किसान ब्रिगेड जपला अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में हुसैनाबाद के सभी किसानों की महापंचायत करने का निर्णय लिया है। इस महापंचायत के माध्यम से हाल के सर्वे ऑनलाइन में हुए भूमि गड़बड़ी का रि-सर्वे, बिजली विभाग की मनमानी, सिंचाई की व्यवस्था, बालू की किल्लत, बेरोजगारी की समस्या, शिक्षा आदि को प्रमुखता से सरकार के सामने रखा जाएगा। किसान ब्रिगेड द्वारा पूर्व में दिए गए धरना का नतीजा है कि राज्य सरकार द्वारा भूमि संबंधी धारा सतासी का कोर्ट डाल्टनगंज से जपला शिफ्ट हो गया, नीलगाय द्वारा फसल छाती पूर्ति की राशि में बढ़ोतरी हुई है, बहुत सारे फैक्ट्री में मृत मजदूर के परिवारों को मुआवजा मिला तथा किसानों को सुखाड़ का मुआवजा इत्यादि शामिल है। हम सभी महात्मा गांधी, भगत सिंह, जगदेव प्रसाद, लोहिया जी के विचारधारा पर चलते हुए सत्याग्रह के माध्यम से सरकार को हुसैनाबाद विधानसभा सहित पूरे पलामू पलामू के किसानों को विभिन्न समस्याओं को हल करवाने के लिए बाध्य करेंगे।उन्होंने कहा कि किसान हित की लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने हुसैनाबाद प्रखंड के मजदूर, किसान और नौजवानों से दिनांक 19 जून 2024 को हुसैनाबाद अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में पहुंचकर इस महा पंचायत को सफल बनाने का आग्रह किया है।

# बुजुर्ग ने सगमा बीडीओ पर अभद्र व्यवहार करने तथा कार्यालय से भागने का लगाया आरोप



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सगमा प्रखंड के वैलिया ग्राम निवासी नन्द गोपाल चौबे ने अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर को आवेदन देकर सगमा बीडीओ के द्वारा अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग किया है। एसडीओ को दिए गए आवेदन में नन्द गोपाल चौबे ने लिखा है कि सगमा प्रखंड कार्यालय में आश्रित प्रमाण पत्र बनवाने के लिए 30 मई 2024 को आवेदन दिया था। 2 दिन के बाद जब कार्यालय में इस संबंध में पूछने गया तो प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्यम कुमार के द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया और अपने कार्यालय से भगा दिया गया। उन्होंने एसडीओ को दिए गए आवेदन में लिखा है कि मैं बुजुर्ग व्यक्ति 6 किलोमीटर दूर से चिल्लाती धूप के बीच साइकिल चलाकर आश्रित प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहा हूं। लेकिन बीडीओ के द्वारा अपना पावर दिखाकर मेरा आश्रित प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा रहा है। जिससे मैं निराश होकर अनुमंडल पदाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आश्रित प्रमाण पत्र बनवाने का अनुरोध किया है। बताते चले नंदकुमार चौबे का पुत्र अग्निवेश चौबे की मृत्यु 8 दिसंबर 2020 को हो गई थी। जिस पर हुए पूर्णता आश्रित थे। इसी संबंध में उन्होंने बीडीओ आश्रित प्रमाण पत्र बनाने का आवेदन दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में अब चंपाई सोरेन के फोटो वाले बैग में मिलेगा राशन

**रांची।** लोकसभा चुनाव संपन्न हो गया और आचार संहिता भी खत्म हो गई। अब झारखंड की सभी राशन कार्डधारियों को मासिक राशन जो मिल रहा था आगे भी मिलेगा। लेकिन अब लाभूक राशन के साथ मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की तस्वीर और राज्य सरकार का चिन्ह लगे झोला में राशन भरकर दिया जायेगा। इसके लिए पूर्वी सिंहभूम समेत राज्य के सभी जिलों को 66 लाख से अधिक सरकारी झोला भेजा गया है।इस झोला में चंपाई सरकार का टैगलाइन 'सिलसिला जारी रहेगा' अंकित है। राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बनाये गये पीएच श्रेणी के 52,17,620 राशन कार्ड और अंत्योदय श्रेणी के 8,92,455 राशन कार्डधारियों के अलावा झारखंड सरकार खाद्य सुरक्षा योजना के तहत बनाये गये 5,12,536 ग्रीन राशन कार्डधारियों को इसी माह से उक्त झोला में ही राशन देने का आदेश दिया गया है। बता दें कि, सरकार सूबे में सोना-सोबरन योजना के तहत सभी श्रेणियों के कार्डधारियों को साल में दो बार 20 रुपये में साड़ी के साथ धोती या लुंगी दे रही है।

### मुख्यमंत्री 11 को करेंगे विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक

**रांची :** आदर्श आचार संहिता समाप्त होते ही मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 11 जून को राज्य की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक प्रोजेक्ट भवन में 11 बजे से करेंगे। मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक को देखते हुए मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग में सभी विभागों को पत्र लिखा है और योजनाओं की स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट योजना विकास विभाग के माध्यम से मांगा है। मुख्यमंत्री सीएम विकास योजना के अलावा विधि व्यवस्था की भी समीक्षा करेंगे। इसकी भी रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय से मांगी गई है। वारंट की तामील, अपराध के साथ-साथ अबुआ आवास योजना, सर्टिफिकेट केस, भूमि सुधार राजस्व विभाग सहित सभी विभागों की योजनाओं की स्थिति की बारी-बारी से समीक्षा करेंगे।

# जुलूस मे नाचने वाले थाना प्रभारी के खिलाफ भाजपा ने चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल न्यायिक मामले के प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व मे चुनाव आयोग पहुँच कर दुमका सांसद के विजय जुलूस मे नाचने वाले थाना प्रभारी की बर्खास्त करने की मांग किया।

सुधीर श्रीवास्तव ने कहा की पांच जून 24 को समय साढ़े चार बजे शाम, स्थान कुंडहित मुख्य सड़क पर दुमका लोक सभा से विजयी प्रत्याशी का विजय जुलूस था और उसमे नाला विधान सभा अंतर्गत जामताड़ा जिला के कुंडहित थाना प्रभारी सुरेश दुबे का सार्वजनिक नाच चल रहा था, पूरे देश मे इस प्रकार का कोई पुलिस पदाधिकारी का किसी विजय जुलूस मे नाचने का पहली घटना है,भाजपा ने मांग किया की दरोगा जब अपने उम्मीदवार के जीतने पर इतना नाचे तो जीतने के पहले चुनाव के दौरान



अपने पसंदीदा उम्मीदवार को जिताने के लिए क्या क्या डीलिंग किये यह भी सार्वजनिक होना चाहिए। थाना प्रभारी का काम विजय जुलूस मे विधि व्यवस्था देखना काम होता है न की विजय जुलूस मे नाचना।

किस प्रकार झामुमो ने प्रशासन का उपयोग चुनाव मे किया है उसका उदाहरण मात्र है , अब तो जरूरत है की झामुमो एवं कांग्रेस के सभी पांचो जीते प्रत्याशियों का विजय जुलूस का वीडियो मंगाया जाय, ताकि पता चले की कौन कौन प्रशासन के पदाधिकारी नाच रहे हैं । साथ ही थाना प्रभारी सुरेश दुबे का पिछले तीन महीने का कॉल डाटा और व्हातसप चैट भी मंगाने का अनुरोध प्रतिनिधिमंडल ने किया है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग किया है की सुरेश दुबे को बर्खास्त करते हुए दुमका लोक सभा सीट पर पुनः चुनाव हो।प्रतिनिधिमंडल मे तारिक इमरान और सुबोध कांत शामिल थे।



# हम सबका संघर्ष खत्म नहीं हुआ है : कल्पना सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता ने अपने एक प्रतिनिधि मंडल के साथ गांडेय की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की और फूलों का बूके देकर गांडेय विधानसभा की जीत के लिए उन्हें मुबारकबाद दिये।

इसके बाद झारखंड विधानसभा क्षेत्रों को लेकर के विचार विमर्श भी किया गया । विधायक कल्पना सोरेन कार्यकर्ताओं से कहा कि अभी हम सब का संघर्ष खत्म नहीं हुआ है । जब तक हमारे नेता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से बाहर नहीं आते हैं , तब तक रण जारी रहेगी। घर घर जाकर भाजपा की करतूतों को बतायें कि कैसे प्रचंड से झारखंड के आदिवासी लोकप्रिय नेता को जेल में डाला गया है। हम सबको विश्वास है जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा । वहीं जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि पार्टी शीर्ष का जो आदेश होगा हमलोग उसे पूरा करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से जितेंद्र गुप्ता, अजीत नायक, अकबर कुरैशी ,आयुष राज वर्मा ,अवधेश कुमार आदि मौजूद थे।

## शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे तंबाकू पदार्थ बेची तो खैर नहीं, निषेधाज्ञा जारी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए सिगरेट या किसी अन्य तंबाकू पदार्थ की बिक्री पर रोक लगाया गया है। रांची सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने शुक्रवार को धारा 144 के अंतर्गत प्रदान शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा लागू की है। जारी सूचना में कोटपा अधिनियम के तहत किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में सिगरेट या किसी अन्य तंबाकू पदार्थ की बिक्री पर रोक की बात कही गई है, जिसमें सभी निजी एवं सरकारी स्कूल, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के 100 गज की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है। यह निषेधाज्ञा अगले 60 दिनों के लिए लागू रहेगी। यदि किसी ने इसका उल्लंघन की तो प्रशासन उसपर कार्रवाई करेगी।

# नामकुम के हेसाबेड़ा जंगल में दो नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म

**पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** नामकुम थाना क्षेत्र के खरसीदाग ओपी क्षेत्र में अभी आर्मी जवान की पत्नी के साथ हुए दुष्कर्म का मामला में पुलिस को सफलता मिली भी नहीं थी कि एक और दुष्कर्म की घटना नामकुम थाना क्षेत्र के हेसाबेड़ा जंगल में हुई है। बताया जा रहा है कि 2 नाबालिग युवतियों के साथ दो युवकों ने दुष्कर्म किया है। इस घटना की पुष्टि के लिए पुलिस जांच में जुट गई है। इस घटनाक्रम से जुड़े दोनों आरोपी भी नाबालिग बताये जा रहे हैं । यह घटना चार जून मंगलवार की है, आरोप है कि मंगलवार की शाम दोनों नाबालिग युवकों ने दोनों युवतियों को फोन कर बात करने के लिए हेसाबेड़ा जंगल बुलाया था। दोनों ने युवतियां वहां पहुंची और फिर उसको धमकाकर उनके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म की घटना की जानकारी मिलने के बाद दोनों युवकों के परिजनों ने पंचायत कर मामले को दबाने की कोशिश की। पंचायत के कारण दो दिनों तक पुलिस को मामले की जानकारी नहीं दी गई, लेकिन दुष्कर्म की शिकार दोनों नाबालिग पीड़िताएं न्याय की मांग पर अड़ी रहीं, जिसके बाद मामला नामकुम थाना पहुंचा। पीड़ित के परिजनों के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है । बताया जा रहा है दोनों नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार कर सुधार गृह भेज दिया है।

## दुर्गा वाहिनी प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण आयोजित किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद् के दुर्गा वाहिनी प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण तथा मातृशक्ति सात दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में किया जा रहा है। प्रशिक्षण वर्ग 5 जून से प्रारंभ हुआ जिसका समापन 11 जून को सार्वजनिक कार्यक्रम के साथ संपन्न होगा ।

वर्ग का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अजय कुमार, विश्व हिंदू परिषद की प्रांत उपाध्यक्षा रेखा जैन ,प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ,दुर्गावाहिनी प्रांत संयोजिका अनुराधा कच्छप एवं जिलाध्यक्ष अजय राणा ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। वर्ग में पूरे झारखंड प्रांत के सभी जिलों से लगभग 250 युवतियां भाग ले रही हैं जिन्हें सप्ताह भर शारीरिक एवं बौद्धिक रूप से प्रशिक्षण देकर आत्मरक्षा, समाज देश एवं धर्म की रक्षा की दृष्टि से सक्षम बनाया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग में 7 दिनों तक योग, व्यायाम,आसन,समता, दंडचालन, नियुद्ध ,लक्ष्यभेद तथा समाज में सेवा कार्य संचालित करने का का प्रशिक्षण दिया जाएगा । वर्ग में बौद्धिक स्तर पर मार्गदर्शन के लिए केंद्रीय मंत्री अंबरीश सिंह, दुर्गावाहिनी की राष्ट्रीय संयोजिका प्रज्ञा महाला, क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद पांडे, प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत सहित कई अधिकारियों का प्रवास वर्ग में होने वाला है।

# रांची : विभिन्न आदिवासी संगठनों की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आदिवासियों के विभिन्न संगठनों के द्वारा सामाजिक एवं राजनीतिक चिंतन बैठक में संगम बैंकट हॉल में सोनोत संथाल समाज के अनिल टुडू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसका संचालन प्रेम शाही मुंडा ने की द्य इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे बबिता कच्छप शामिल हुई द्य भारत आदिवासी पार्टी के बबीता कच्छप ने कहा कि झारखंड में भारतीय आदिवासी पार्टी का अपार संभावनाएं हैं इसलिए आदिवासी



समाज को जब तक राजनीतिक रूप से जागरूक नहीं होंगे तब तक विकास नहीं हो पाएगा। आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि झारखंड में नई राजनीतिक विकल्प की आवश्यकता है आदिवासी मूलवासी को मिल जुल करके राजनीतिक विकल्प तलाश करना होगा द्य तभी राज्य के सभी मुद्दे का समाधान हो सकता हैद्य इस चिंतन बैठक में अजय कच्छप( आदिवासी सेना )जोन मीरन मुंडा, मजदूर पार्टी अभय भूत कुंवर (आदिवासी लोहरा समाज )प्रसून मसार,जोन्हा मुखिया कृष्णा मुंडा, बिरसा पाहन पडहा समिति आकाश उरांव सनिका मुंडा, सिकंदर मुंडा आतिश मरांडी, रामाशीष करमाली,प्रकाश मंडा,मुचिराम माझी, उमेश लोहरा, सोहन टुडू, इंद्र मुर्मू,प्रेम सिंह हेमरोम,सवाना मुंडा,लखीचरण सिंह मुंडा,सुंदर सिंह मुंडा यदि शामिल हुए।

## राष्ट्रीय बागवानी मिशन समेत कृषि उद्योग आधारित व्यवसाय के प्रोत्साहन को लेकर शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड योजना, कृषि विपणन अवसंरचना योजना, कृषि अवसंरचना निधि योजना, कृषि क्लिनिक और कृषि व्यवसाय केंद्रीय योजना और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना से अधिकाधिक किसानों और व्यापारियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से सोमवार, 10 जून को सुबह 11 बजे से चैंबर भवन में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और अहारी उप समिति के चेयरमेन आनंद कोठारी ने प्रेस को संबोधित किया। अहारी उप समिति के चेयरमेन आनंद कोठारी ने बताया कि शिविर में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों के लिए



निबंधन शुल्क 1000 रू0 निर्धारित किया गया है। निबंधन की अंतिम तिथि 9 जून है। शिविर में प्रगतिशील किसान, बेरोजगार युवा, कृषि इनपुट व्यापारी, खाद्य व्यापारी, फल और सब्जी व्यापारी, कृषि उद्यमी, एफपीसी, जो सरकार की इन योजनाओं का लाभ उठाने में रूचि रखते हैं, उन्हीं को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि झारखण्ड में कमर्शियल खेती, बागवानी कृषि विपणन अवसंरचना, माइक्रो फूड प्रोसेसिंग उद्योग की असीम संभावनाएं हैं। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि इन योजनाओं के तहत राज्य के सभी जिलों में कोल्ड स्टोरेज का निर्माण, सभी प्रखंड में गोदाम का निर्माण, सभी जिलों में पॉली हाउस में हाइटेक मुनाफा, सब्जी एवं फूल की खेती, सभी गांवों में लघु दाल मिल, तेल मिल, राइस मिल, फल-सब्जी, प्राइमरी प्रोसेसिंग यूनिट, 5 एकड से अधिक भूमि वाले कृषकों के जमीन में व्यवसायिक खेती को विकसित करवाया जायेगा।

# ड्रग्स से होने वाले नुकसान को लेकर नाट्य प्रस्तुति की गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के फिल्म मेकिंग विभाग के छात्रों के साथ एक प्रस्तुति पर नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

जिसमें विभिन्न प्रकार के ड्रग्स से होने वाले नुकसान के संदर्भ में विश्वविद्यालय परिसर के ओपन एयर थिएटर में एक नाटक की प्रस्तुति तैयार कर बताई गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य , के साथ साथ प्रोफेसर्स, विश्वविद्यालय के अधिकारी गण, छात्र और उपस्थित सभी दर्शकों ने नाटक की विशेष रूप से सराहना की। नाटक के पश्चात कुलपति ने नाटक और विषय वस्तु के संदर्भ में अपने विचारों से अवगत कराया। वैसे छात्र जिनका रंगमंच से कोई संबंध नहीं था। वे पहली बार नाटक कर रहे थे। उनके साथ रंगमंच अभिनय और नाट्य प्रस्तुति का निर्देशन करना एक सुखद अनुभूति रही है।

## साक्ष्य के अभाव में हत्या के 5 आरोपित बरी

**रांची :** जमीन विवाद में पवन ठाकुर की हत्या मामले के पांच आरोपितों मंटू पांडे, राकेश सिंह, मुन्ना सिंह, बिनोद रजक और बीटू पांडे को साक्ष्य के अभाव में अपर न्याययुक्त विशाल श्रीवास्तव को कोर्ट ने शुक्रवार को बरी कर दिया। हत्या का मामला साल 2013 का है। जमीन कारोबारी पवन ठाकुर की हत्या गोली मारकर की गई थी। मृतक की पत्नी के बयान पर आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में अभियोजन पक्ष ने पांच गवाह पेश किए थे लेकिन आरोप सिद्ध नहीं कर पाए। पांच आरोपितों में तीन गिरफ्तारी के बाद से जेल में थे जबकि दो जमानत पर बाहर थे।

# रांची उपायुक्त ने जारी किया आदेश, 6 अपराधी जिला बदर, 6 को लगानी होगी थाने में हाजिरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा रांची की अनुशंसा पर उपायुक्त राहुल सिन्हा ने कार्रवाई करते हुए राँची के 06 अपराधियों को जिला बदर और 06 अपराधियों को हर दिन थाने में हाजिरी लगाने का आदेश जारी किया गया है। साथ ही यह भी आदेश है कि जिसको जिला बदर किया गया है वह अपने गृह जिला तुरंत छोड़ कर दूसरे जिला चले जायें। सूचना यह भी है कि कुछ अपराधी जिसे जिला बदर किया गया है वे अपने मुहल्ले



घर में रह रहा है। ऐसे लोग सुधर जायें नहीं तो गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा और भी धाराएं जोड़ दी जायेगी। वहीं स्थानीय थाना को भी निर्देश है कि वे ऐसे जिला बदर अपराधियों को दूसरे जिला जिला भेजे नहीं तो कार्रवाई होगी।

**अपराधी जिन्हें जिला बदर किया गया, उनके नाम निम्न हैं :**

पांच जून को जिला प्रशासन ने इन आरोपियों को जिला बदर किया है। अरविंद कुमार,सूरज करमाली, शाहनवाज अली उर्फ कांजा गद्दी, मोजिब अली, लव कुश शर्मा उर्फ, अभिषेक प्रियदर्शी,अफसर अंसारी शामिल हैं।

**थाने में हाजिरी लगाने वाले अपराधियों के नाम निम्न हैं :**

सद्दाम अंसारी, बाबूलाल महतो, मोबिन अंसारी, फैयाज अंसारी,बबलू करमाली,इम्तियाज अंसारी है।

# भू-माफियाओं से संबंधित लंबित मामलों की हुई समीक्षा : एसएसपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** राँची जिला में भू-माफिया से संबंधित लंबित कांडों की समीक्षा वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची चंदन सिन्हा के नेतृत्व में कॉन्फ्रेन्स हॉल (समाहरणालय ब्लॉक-बी) में की गई।

जिसमें पुलिस अधीक्षक, नगर, राँची राजकुमार मेहता, पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, राँची सुमित अग्रवाल सभी पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं कांडों के अनुसंधानकर्ता उपस्थित हुए । भू-माफिया से संबंधित लंबित कांडों की समीक्षा के क्रम में भू-मफिया के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने एवं अविलंब गिरफ्तार




करने का निर्देश दिया गया है। जिन अनुसंधानकर्ता द्वारा कांड के अनुसंधान में शिथिलता बरती गई, उनके विरूद्ध निलंबन / विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ किये जाने का निर्देश दिया गया है। लंबित कांडों का प्रभार आदान-प्रदान करने तथा अभ्यासिक प्रकृति के भू-माफिया के जमानत रद्दीकरण की कार्रवाई करने के निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया गया है। भू-माफिया के विरूद्ध दर्ज कांडों में बेहतर साक्ष्य संकलन कर ठोस अभियोजन चलाने का भी निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त भू-माफिया के विरूद्ध छ्ष्ट की कार्रवाई, निगरानी की कार्रवाई प्रारंभ करने तथा गुंडा पंजी में नाम प्रविष्टि करने का भी निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया है।

# जागरण के साथ तीन दिवसीय बड़ा पूजा महोत्सव का समापन हुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** जय मां काली जगदंबा ट्रस्ट के तत्वाधान में तीन दिवसीय बड़ा पूजा महोत्सव के अंतिम दिन शाम 4ः00 बजे से रात्रि 10ः00 बजे तक भव्य जागरण का आयोजन किया गया । जिसमें झारखंड और देश के नामी कलाकार इस भजन संध्या में भाग लिया । भजन सम्राट जोली छाबड़ा मानवी सिंह पवन दे रीना कुमारी अपने मधुर आवाज से आज मां के सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। ऐसे सुंदर-सुंदर भजनों के प्रस्तुति की गई महिलाएं बच्चे काली मां के भक्त भजनों पर खूब झूमते हुए मां की स्तुति की। मां जगदंबा ट्रस्ट के सचिव पवन पासवान ने इस सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया। इस आयोजन में वीरेंद्र प्रधान, दिनेश सिंह ,राजा पासवान, अशोक राय, संजय पोद्दार ,दीपक राम, शंकर मेंस, प्रियंका रजनी ,विमल, सिंटू पासवान सुमित जायसवाल प्रमोद पासवान सहित सैकड़ो लोगों उपस्थित रहे।

**भजन सम्राट जोली छाबड़ा मानवी सिंह पवन दे रीना कुमारी अपने मधुर आवाज से आज मां के सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी।**

## झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने श्राद्धकर्म में की मदद

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत केरवा डूंगरी पंचायत के ग्राम भीतरडाड़ी निवासी दासमात हांसदा का विगत दिनों आकस्मिक देहांत हो गया था जिसके उपरांत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। शुक्रवार को उनके श्राद्धकर्म के लिए झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ उनके पिता बिदू चंदन गाड़ के पुजारी (नायके बाबा) किशुन हांसदा से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया एवं श्राद्धकर्म हेतु सुखा राशन देकर सहयोग किया। मौके पर माटकू पंचायत के पूर्व मुखिया बिल्टु हांसदा, डोमजुड़ी पंचायत समिति सदस्य जालिम मार्डी, पप्पू उपाध्याय, मनोज तांती, करणवीर कालिंदी आदि उपस्थित थे।



## बोड़ाम में टैगोर सोसाइटी ने बागवानी लाभुकों को दिया प्रशिक्षण

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को टैगोर सोसाइटी द्वारा मनरेगा के माध्यम से चलाई जा रही रोजगार सृजन सह स्वावलंबी योजना आम बागवानी के लाभुकों और बागवानी सखी को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक के रूप में मौजूद टैगोर सोसाइटी की रुपाली बॉक्सी ने वित्तीय वर्ष 2024 - 2025 में चयनित लाभुकों को आम बागवानी को बेहतर और पारदर्शी बनाने के लिए तकनीकी एवं मनरेगा योजना की प्राक्कलित राशि और व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान लाभुकों को बागवानी से मिलने वाली आय और पर्यावरण संरक्षण पर भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षक रुपाली बॉक्सी ने बताया कि बेहतर तरीके से आम बागवानी करने वाले लाभुक सलाना हजारों रुपये कमाकर स्वावलंबी बन सकते हैं। इस दौरान बीपीओ बंधु कुशल महतो, प्रखंड समन्वयक संतोष महतो, सौरव कुंडु, चन्द्रमोहन महतो, रेणुका महतो, मंजोदरी महतो, मंजुश्री महतो, बुद्धेश्वर महतो के अलावे सभी ग्राम रोजगार सेवक, बागवानी सखी और बागवानी लाभुक उपस्थित थे।



## डायलिसिस बंद होने की सूचना पर डीसी व सीएस से मिले दर्जनों मरीज

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** किडनी की बीमारी से पीड़ित पूर्वी सिंहभूम जिले के दर्जनों मरीजों ने पटमदा निवासी आदित्य हालदार के नेतृत्व में शुक्रवार को जमशेदपुर पहुंचकर जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। मरीजों ने कहा कि उनलोग जमशेदपुर के साकची स्थित साईं डायलिसिस सेंटर में आयुष्मान कार्ड से मुफ्त में डायलिसिस कराते थे। लेकिन पीएमजेएवाई से बकाया राशि का भुगतान नहीं होने की वजह बताकर अगले 9 जून से डायलिसिस बंद करने की चेतावनी दी गई है। इससे सभी गरीब मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। लोगों ने डीसी अनन्य मित्तल से गुहार लगाई है ताकि उन्हें आयुष्मान की सुविधा मिलती रहे। इसके बाद डीसी ने जिले के सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी से दूरभाष पर बात करते हुए इस मामले की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने का आदेश दिया। डीसी ने आश्वासन दिया कि इस मामले में जल्द ही उचित कदम उठाया जाएगा इससे मरीजों ने राहत की सांस ली है। मौके पर आदित्य हालदार, रूपा भकत, प्रदीप सिंह, सतपाल सिंह, माधव हेंब्रम, रमेश सोनी, लज्जावती महतो, कृष्णा जायसवाल, स्वर्णाली दे, आशा कुमारी, राजेश बेसरा व संगीता मंडल आदि मौजूद थे।



## दाईगुटू में एक साथ चार घरों में चोरी, मोबाइल समेत गहने उड़ाए

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानगो थाना अंतर्गत दाईगुटू में बीती रात चोरों ने एक साथ चार घरों को निशाना बनाया. चोरों ने घरों से मोबाइल समेत गहनों की चोरी कर ली. चोरों ने राजू प्रजापति के घर से गहने और अन्य तीन घरों से मोबाइल की चोरी की. घटना की जानकारी मानगो पुलिस को दी गई. सूचना पाते ही मानगो पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. राजू ने बताया कि वे लोग अपने घर पर सोए हुए थे. सुबह उठे तो पाया कि घर में चोरी हो गई है. घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा है. थोड़ी देर बाद पता चला कि चोरों ने पड़ोसियों के घर में भी चोरी की. राजू ने बताया कि संभवत~ चोर छत की ओर से घर के अंदर घुसे और घटना को अंजाम दिया. चोरों ने उनके घर से गहनों की चोरी की जिसकी कीमत ढाई से तीन लाख रुपये है. इसके अलावा चोरों ने पड़ोस के तीन घरों को भी निशाना बनाया जहां सभी घरों से मोबाइल की चोरी की है. इधर, घटना के बाद से ही स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है. हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## शौचालय का दीवार गिरने से 8 वर्षीय बालक की हुई मौत

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोवाली थाना अंतर्गत कूटसूरी गांव के निजी तालाब में खुदाई कार्य करने के क्रम मे ट्रैक्टर के द्वारा मिट्टी लाकर महूलडीहा में एक गड्ढा को भरने का कार्य किया जा रहा था. इसी क्रम में ट्रैक्टर का ट्रॉली शौचालय के दीवार से टकराने के कारण ग्राम प्रधान बिधान मंडल के 8 वर्षीय पुत्र शिवराज मंडल के शौचालय में दब जाने से दर्दनाक मौत हो गई. बताया जाता है कि कई दिनों से मिट्टी भरने का कार्य किया जा रहा था जिसे महूलडीहा के ग्राम प्रधान विधान मंडल के 8 वर्षीय पुत्र शिवराज मंडल शौचालय के पास खड़ा होकर मिट्टी डालते हुए देख रहा था. ट्रैक्टर के द्वारा मिट्टी डालने के क्रम में ट्रैक्टर जाकर शौचालय के दीवार में टकराई और दीवार का मलवा उक्त बच्चे के ऊपर गिर जाने से बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई. आस पास के लोगों के सहयोग से परिजनों ने मलवे से बच्चे को बाहर निकाला और उसे आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के तुरंत बाद ट्रैक्टर ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़कर भागने में सफल रहा।



# बिना ग्राम सभा के जमीन खरीद बिक्री के खिलाफ ग्रामीणों ने किया अंचल कार्यालय पर प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** बिना ग्राम सभा के ही अवैध रूप से जमीन बेचे जाने के विरोध में पालूबेड़ा गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को गम्हरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष पारंपरिक हथियारों से लैस होकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे ग्राम प्रधान धरमू मांझी ने बताया कि उनके गांव में बिना ग्राम प्रधान की अनुमति के बिल्डरों द्वारा जमीन खरीदी जा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी कीमत पर बाहरियों को गांव में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। बिल्डर वहां की जमीन खरीदने के बारे में सोचें भी नहीं अन्यथा उलगुलान किया जाएगा। प्रदर्शन के पश्चात, ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा अंचलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। उक्त ज्ञापन के माध्यम से हाल के दिनों मे पालुबेड़ा मौजा में दाखिल खारिज सभी म्यूटेशन को रद्द किए जाने की मांग की गई। ग्रामीणों ने बताया कि भू माफिया बगैर ग्राम सभा अनुमति के ही जमीनों की खरीद बिक्री कर रहे हैं, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ जमीन दलाल एवं बिल्डरों ने गांव की जमीन की खरीद बिक्री शुरू की है। उन्होंने करीब 40 डिसमिल जमीन बेच दिया है। इस दौरान उन्होंने जमीन खरीद बिक्री जारी रहने पर आगे आंदोलन की चेतावनी भी दी। इस प्रदर्शन में उक्त गांव के सैकड़ो महिला व पुरुष शामिल थे।




## तितिरबिला में जमीन अधिग्रहण मामले में सात नामजद समेत 130 अज्ञात पर मामला दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला अंचल अंतर्गत तितिरबिला मौजा में सड़क निर्माण व चौड़ीकरण कार्य को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जमीन अधिग्रहण कार्य को बाधित करने के आरोप में जिला प्रशासन ने तितिरबिला गांव के सात नामजद समेत 130 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराया हैं. इन पर पुलिस बल निर्माण कार्य कर रही टीम पर हमला करने का भी आरोप है.मौके पर सरायकेला खरसावां उपायुक्त से प्राप्त आदेश के आलोक में दंडाधिकारी के रूप में प्रवीण कुमार सिंह, अंचल अधिकारी सरायकेला और उनके साथ चार अन्य दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी. उसमें अनुमंडल पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति, जिला भू अर्जन पदाधिकारी सरायकेला खरसावां महेंद्र छोटन उरांव एवं जिला परिवहन पदाधिकारी शंकराचार्य समद के साथ पुलिस पदाधिकारी के रूप में मुख्यालय डीएसपी प्रदीप उराव, सरायकेला अंचल के पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी सरायकेला हीरालाल कुमार, थाना प्रभारी राजनगर के साथ पुलिस बल शामिल थे.बताया जाता है कि जैसे ही निर्माण कार्य शुरू हुआ उसके एक घंटे बाद भीड़ की शक्ल में 150 की संख्या में लोगों ने अचानक पुलिस बल पर और निर्माण कार्य कर रही टीम पर हमला कर दिया, जिसके कारण पुलिस बल को हल्की चोटें भी आई . इस संबंध में सरायकेला थाने में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की आगे जांच में पुलिस जुट गई है।

## जेसीए येलो और कवर ड्राइव ने जीते मैच




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहीद निर्मल महतो स्टेडियम, कदमा में आयोजित शहीद निर्मल महतो मेमोरियल अंडर- 12 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में जेसीए येलो की टीम ने रॉयल क्रिकेट अकैडमी को 79 रन से हराया. जेसीए येलो ने 147 रन के जवाब में रॉयल क्रिकेट अकैडमी की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 68 रन ही बना सकी। जेसीए यैलो से रोहन (59 रन) मैन ऑफ़ द मैच बने।दिन का दूसरा मैच कदमा क्रिकेट अकादमी बनाम कवर ड्राइव के बीच खेला गया. कदमा क्रिकेट अकैडमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया कवर ड्राइव की टीम ने 20 ओवर में 138/6 रन बनाये। आरव रंजन 44 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी केसीए ने 20 ओवर में 86/10 ही बना सकी कवर ड्राइव की टीम 52 रनों से यह मैच अपने नाम किया। आई लक्ष्य को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया।

## सरदार पटेल कॉलेज द्वारा हुआ वृक्षारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सचदेवा एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित सरदार पटेल कॉलेज गालूडीह कैंपस में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के प्राचार्य एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे। प्राचार्य द्वारा इस बढ़ती गर्मी से बचने के लिए सभी छात्रों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की, जिससे पर्यावरण का संरक्षण हो।

## मां मनसा क्लब ने अंतरराष्ट्रीय छऊ नृत्य कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** श्री श्री सार्वजनिक मां मनसा क्लब, बासुड़दा, गम्हरिया का एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को रांची स्थित आवास में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को बासुड़दा में आगामी 15 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय छऊ नृत्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। इस अवसर पर आदिवासी कला एवं संस्कृति भवन का उद्घाटन भी मुख्यमंत्री के हाथों किया जाना है। उंक्त प्रतिनिधिमंडल में मांझी बाबा पिथौ टुडू, क्लब के मुकेश सिंहदेव, सोनाराम सोरेन, मुकेश हांसदा, बलराम लोहार, रवि हांसदा, रामू टुडू, राजेश टुडू, रविन्द्र कालिंदी, मंटू लोहार, बलदेव हांसदा, अजय महतो संजय पात्रो आदि शामिल थे।

## लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बीएलओ व सुपरवाइजर हुए सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शुक्रवार को पटमदा सीओ सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार महतो ने लोकसभा (आम) चुनाव में 90 प्रतिशत से अधिक मतदान होने वाले पांच बूथों के बीएलओ, सुपरवाइजर , स्वीप कोषांग, कंप्यूटर ऑपरेटर को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीओ ने बताया कि पटमदा प्रखंड के कुल 92 बूथों में बुथ संख्या 134 - उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोकलाबेड़ा की बीएलओ जानकी मुर्मू, 69- प्राथमिक विद्यालय माकुला की बीएलओ लक्ष्मीरानी माझी, 107 - प्राथमिक विद्यालय माचा कन्या की बीएलओ छबि रानी बाउरी, 144 - प्राथमिक विद्यालय मुकरुडीह की बीएलओ शीतला महतो व 113- प्राथमिक स्कूल पावनपुर के बीएलओ बासुदेव महतो को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि इन पांचों बूथों के मतदाताओं ने बीएलओ की पहल पर 90 प्रतिशत से अधिक मतदान कर जागरुक मतदाता होने का परिचय दिया है। सीओ ने बताया कि आनेवाले विधानसभा चुनाव में अन्य सभी बूथों के बीएलओ भी मतदाताओ को जागरुक करते हुए अधिक से अधिक मतदान कराने का प्रयास करेंगे। सीओ ने बताया कि जिले में पटमदा अंचल पहला है जहां 90 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने वाले बूथों के बीएलओ को सम्मानित किया गया है। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, तापस हालदार, गौतम गोप समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।



## टाटा स्टील यूआईएसएल ने नए अपसाइक्लिंग सेंटर के साथ पर्यावरण अनुकूल पहल की शुरुआत की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड ने अपने सफल रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल (आरआरआर) पहल के विस्तार के रूप में कदमा के ईसीसी फ्लैट्स में अपसाइक्लिंग सेंटर का उद्घाटन किया है। पिछले साल शुरू किए गए आरआरआर सेंटर ने स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इस सफलता के आधार पर, कंपनी अब अपसाइक्लिंग सेंटर की स्थापना करके अपने प्रयासों को अगले स्तर पर ले जा रही है, जहाँ एकत्रित कचरे को मूल्यवान उत्पादों में बदला जाता है, जिससे समुदाय के भीतर एक परिपत्र अर्थव्यवस्था का निर्माण होता है। अपसाइक्लिंग सेंटर से रोज़गार और सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। निवासियों द्वारा दान किए गए जूतों की छोटी-मोटी मरम्मत करने के लिए एक कुशल व्यक्ति को लगाया गया है। इससे न केवल जूतों की उम्र बढ़ती है, बल्कि व्यक्ति को नियमित रोजगार भी मिलता है, जिससे स्थानीय शिल्पकला को बढ़ावा मिलता है। एकत्रित प्लास्टिक कचरे को आदित्यपुर में एक पुनर्चक्रणकर्ता के पास भेजा जाता है, जहाँ इसे पेवर ब्लॉक में बदल दिया जाता है। यह पहल प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने में मदद करती है और टिकाऊ बुनियादी ढाँचे के निर्माण में सहायता करती है। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने शीट बनाने के लिए मल्टी-लेयर्ड प्लास्टिक (एमएलपी) को संपीड़ित किया है, जिसका उपयोग अपसाइक्लिंग सेंटर में पुन~ उपयोग की गई वस्तुओं के संग्रह के लिए डिब्बे बनाने में किया गया है। 200 लीटर की क्षमता वाले प्रत्येक डिब्बे में 30 किलोग्राम प्लास्टिक की खपत होती है । कंपनी ने मेसर्स हथकरगा उद्योग के साथ साझेदारी की है, जो एकत्रित कपड़ों को श्रेडर के माध्यम से संसाधित करता है, और उन्हें ताज़ा धागे में परिवर्तित करता है । फिर इस धागे का उपयोग फुट मैट, दरी, बेडशीट और कालीन जैसे विभिन्न उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है ।

## मरीन ड्राइव डोबो पुल समीप भीषण सड़क दुर्घटना में ट्रेलर चालक केबिन में फंसा, घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोनारी थाना क्षेत्र के मरीन ड्राइव डोबो पुल के पास गुरुवार रात घटी एक सड़क दुर्घटना में ट्रेलर का चालक प्रकाश गाड़ी की केबिन में बुरी तरह फंस गया. दुर्घटना के बाद ट्रेलर पर लदे 27 टन के स्टील शीट रोल सीधे केबिन से जा टकराये जिससे प्रकाश केबिन में ही बुरी तरह फंस गया. टाटा स्टील फायर ब्रिगेड ने अपनी अत्याधुनिक मशीनों की मदद से 4 घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर प्रकाश को जिंदा बाहर निकाला. घायल चालक को इलाज के लिए टीएमएच पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है. स्थानीय निवासी विकास ने बताया कि वह रात 11.30 बजे सड़क किनारे टहल रहा था. टाटा से आदित्यपुर जाने वाली लेन पर एक ट्रक खराब पड़ा था. इसी बीच एक तेज रफ्तार ट्रेलर पीछे से जाकर ट्रक से टकरा गया. घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया.वहीं



टाटा स्टील के दमकल कर्मियों ने हाइड्रोलिक जैक और कटर की मदद से 4 घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर चालक प्रकाश को सही सलामत केबिन से बाहर निकाला. दुर्घटना में चालक प्रकाश के शरीर का निचला हिस्सा बुरी तरह से चोटिल हो गया है. केबिन से निकालते ही उसे एंबुलेंस से टीएमएच ले जाकर भर्ती कराया गया।

## खरसावां में कालीचरण मुंडा की जीत पर इंडिया गठबंधन ने निकाला विजय जुलूस, बांटा लड्डू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खुंटी लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन सह कांग्रेस के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा की ऐतिहासिक जीत पर गुरूवार को खरसावां में जश्न मनाया गया। इंडिया गठबंधन से जुडे कांग्रेस, झामुमो,आप समर्थको ने दोपहर से खरसावां झामुमों पाटी कार्यालय में एकजुट होकर जमकर आतिशबाजी की। साथ ही खरसावां विधायक दशरथ गागराई के नेतृत्व में गाजेबाजे के साथ पटाखा फोड़ते हुए बाजे गाजे, बॉलीवुड,नागपुरी, संबलपुरी आदि गीतों के धुन पर विजय जुलूस निकाली गई। जो खरसावां के बेहरासाई, कुम्हारसाही, राजमहल चौक, तलसाही, बजारसाही, कदमडीहा, चांदनी चौक होते हुए पुनः झामुमों कार्यालय पहुचकर जुलूस संपन्न हुई। वहीं कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने खरसावां चांदनी चौक में विधायक को लडडूों से तौला। एक कुन्टल लडडू के समक्ष विधायक का वजन 88 किलों हुआ। साथ ही लोगों के बीच लडडू बाटे गए। विजय जुलूस के दौरान कांग्रेस, झामुमों कार्यकर्ता एवं समर्थकों ने एक साथ होली और दिवाली मनाई। बता दे कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन सह कांग्रेस के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने अपने निकठतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी सह केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को 1,49,675 मतो से हराया। कालीचरण मुंडा को 5,11,647 मत मिले। जबकि भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को 3,61,972 मत मिले।



**खरसावां विधानसभा का विकास मेरी जिम्मेदारी : गागराई**

खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि मै जनता का आभार प्रकट करते हुए उन्हे विश्वास दिलाता हूं कि जिस उम्मीद से खरसावां की जनता का प्यार मतों के रूप में इंडिया गठबंधन सह कांग्रेस के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को मिला है। उसें कायम रखते हुए उनके विश्वास पर खरा उतरेगे। मौके पर खरसावां विधायक दशरथ गागराई, समाजसेवी, बांसती गागराई,जिप कालीचरण बानरा, प्रमेन्द्र कुमार मिश्रा, राज बाकछी, अर्जुन गोप, धनु मुखी, पंसस अमर सिंह हांसदा ,कोंदो कम्हार, शंकर लौवादा, सकारी दोगो, फागु मुंडा, राहुल मुदी ,मानसिंह मुंडा, अशोक मुंडरी, होपना हेम्बम, दीपक नायक, सुधीर महतो, भारत सिंह मुंडा, मुखिया राम सोय, मुन्ना सोय, रानी मुदूई, ललन तिवारी,अनुप सिंहदेव, सानगी हेम्ब्रम,अरूण जामुदा, खिरोद प्रमाणिक,मुन्ना महांती,अजय सामड, रानी हेम्ब्रम,रानी बानरा,तनुज प्रधान, मो0 वससी, जियाउल हक, मो मुश्ताक आदि मौजूद थे।

### सीजीपीसी के प्रधान भगवान सिंह ने अभिनेत्री कंगना रनौत के बयान का किया विरोध, कहा-

# संसद की सदस्यता खत्म की जाये

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** लोकसभा चुनाव 2024 पहली बार मंडी से भाजपा सांसद बनी कंगना रनौत को संसद की सदस्यता से तुरंत खत्म करने के मांग करते हुए सीजीपीसी के प्रधान भगवान सिंह ने कंगना रनौत को जुबान पर लगाम लगाने की सलाह दी है. भगवान सिंह ने सांसद कंगना द्वारा पूरे पंजाब में आतंकवाद बढ़ने के बयान से नाराज होकर तीखी प्रतिक्रिया दी. सीजीपीसी प्रधान ने इसे पूरे पंजाब और सिख कौम का अपमान बताया. इधर, सीआईएसएफ महिला जवान कुलविंदर कौर द्वारा





कंगना रनौत पर थप्पड़बाजी घटना की खबर आग की तरह वायरल हो गयी और प्रतिक्रियाएं भी आनी शुरू हो गयी हैं. शुक्रवार को इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए भगवान सिंह ने कहा यह तमाचा कंगना रनौत के गाल पर नहीं बल्कि हर उस विचारधारा पर है जो किसान विरोधी है. भगवान सिंह ने आरोपी कुलविंदर कौर की सराहना करते हुए कहा की यह घटना क्रिया के विरुद्ध प्रतिक्रिया वाली बात है क्योंकि कुलविंदर कौर ने अपनी मां और किसानों के आत्मसम्मान के लिए यह कदम उठाया है. भगवान सिंह ने कहा किसान आंदोलन को कुछ लोगों द्वारा झूठे प्रचार कर खालिस्तानी आंदोलन और भी पता नहीं क्या क्या नाम देकर बदनाम करने की कोशिश की गयी थी, इस क्रिया की प्रतिक्रिया हो होनी ही थी. बता दें है कि हाल ही में मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की सीट पर सांसद चुनीं गयी कंगना रनौत को गुरुवार को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर एक सीआईएसएफ की महिला जवान कुलविंदर कौर ने थप्पड़ जड़ दिया था. महिला जवान ने कंगना रनौत को थप्पड़ मारा है क्योंकि वह उनके किसान आंदोलन के दौरान दिए गए बयान से नाराज़ थीं. हालांकि आरोपी जवान को हिरासत में ले लिया गया है. जब कंगना रनौत चंडीगढ़ से दिल्ली जा रहीं थीं उसी वक्त चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर यह घटना हुई है. कुलविंदर कौर जिन्होंने भाजपा सांसद और अभिनेत्री को थप्पड़ मारा उन्होंने दावा किया वह कंगना रनौत के उस बयान से अत्यधित व्यथित थी जिसमे कंगना ने कहा था कि कि लोग 100 और 200 रुपये के लिए किसानों के विरोध प्रदर्शन में बैठे हैं. जबकि आरोपी कुलविंदर की मां भी उस विरोध स्थल पर बैठी थीं।

संपादकीय

## बुजुर्गों के बीमे के सच

**प्रधानमंत्री** मोदी की एक चुनावी गारंटी है कि अब 70 वर्ष की उम्र या उससे अधिक के प्रत्येक नागरिक को 'आयुष्मान' योजना का लाभ मिलेगा। वे 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त ही करा सकेंगे। यदि प्रधानमंत्री की भावना वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवर देने की थी, तो इस आयु-वर्ग के दायरे में 65 साल के वरिष्ठ नागरिक भी रखे जा सकते थे, क्योंकि इस उम्र तक बीमारियां पकने लगती हैं और इलाज की सख्त जरूरत होती है। इस सूची में मधुमेह, रक्तचाप, हृदय रोग, कैंसर, किडनी, प्रोस्टेट से जुड़ी बीमारियां रखी जा सकती हैं, जो उम्र के साथ-साथ बढ़ने लगती हैं। यदि प्रधानमंत्री ने ऐसा किया होता, तो न केवल देश के बुजुर्ग उन्हें ढेरों आशीर्वाद देते, बल्कि सकल जीवन प्रत्याशा भी बढ़ती। दरअसल बूढ़ों को स्वास्थ्य कवर देना बेहद गंभीर और जरूरी मुद्दा है, क्योंकि स्वास्थ्य बीमा कंपनियां वरिष्ठ नागरिकों को कवर देने से कन्नी काटती हैं या साफ इंकार कर देती हैं। अधिकतर निजी कंपनियों के बीमे की किस्त बेहद महंगी होती है, जिसे बिना पेंशन वाले बुजुर्ग वहन नहीं कर सकते। जो सरकारी सेवाओं में रहे हैं, उनके लिए सीजीएचएस जैसी सुविधाएं ताउम्र उपलब्ध हैं। ऐसे बहुत कम फीसदी लोग हैं। आम आदमी के लिए बीमा कंपनियों की शर्तें इतनी महीन छापी जाती हैं कि उन्हें पढ़ना असंभव होता है, लिहाजा बीमा लेने वालों को एजेंट के कथनों पर ही भरोसा करना पड़ता है। सरकारी डाटा ही खुलासा करता है कि मात्र 6 फीसदी आबादी उन वरिष्ठ नागरिकों की है, जिनके पास अपना स्वास्थ्य बीमा कवर है, जबकि भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडाई) बुजुर्गों की भागीदारी को प्रोत्साहित करता रहा है। यह एक संवैधानिक निकाय है, जिसका गठन संसद में पारित बिल के जरिए किया गया था, ताकि बीमा बाजार पर निगाह रखी जा सके। इसके बावजूद देश और समाज के सबसे संवेदनशील समूह को बीमे के फायदों और जरूरत से बाहर रखा गया है, क्योंकि बीमे की किस्त वाकई बेहद महंगी है। प्रधानमंत्री की गारंटी 'मास्टर स्ट्रोक' साबित हो सकती थी। इरडाई का ही डाटा है कि 144 करोड़ के देश में 55 करोड़ के पास ही स्वास्थ्य कवर है। औसतन 100 में से 54 कवर सरकार द्वारा प्रायोजित हैं। किस्त के तौर पर कमाए गए प्रति 100 रुपए में से 91 रुपए व्यक्तिगत और समूह बीमा पॉलिसी से आते हैं। 'पॉलिसी बाजार' नामक बीमा कंपनी के सर्वेक्षण के मुताबिक, देश में 96 फीसदी लोग स्वास्थ्य बीमा जानते हैं, लेकिन 43 फीसदी ने ही पॉलिसी ले रखी है। औसतन 3 में से 2 लोग महसूस करते हैं कि बीमा किस्त बेहद महंगी है। नीतियां और शर्तें बेहद पेचीदा हैं, लूट भी लेती हैं, भुगतान की शर्तें बिल्कुल अस्पष्ट हैं और कई बीमारियों को कवरेज की सूची से बाहर रखा गया है और बीमाधारक को यह स्पष्ट नहीं किया जाता। यह धोखाधड़ी अधिकतर कंपनियां कर रही हैं। दरअसल स्वास्थ्य बीमा का बाजार बड़ा प्रतियोगी है। बीते 2023 के अंत में 29 कंपनियां ऐसी थीं, जो स्वास्थ्य की नीतियां और शर्तें तय कर रही थीं। गैर-जीवन बीमा बाजार का यह सबसे बड़ा हिस्सा, भाग है। बेशक यह बीमा-क्षेत्र बढ़ भी रहा है, क्योंकि लोग स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा सचेत होने लगे हैं। 2023 में ही स्वास्थ्य बीमा की किस्त 21 फीसदी बढ़ाई गई, जो गैर-जीवन बीमा क्षेत्र की सकल वृद्धि से 7 फीसदी अधिक थी। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) जीवन बीमा के बाजार का सिरमौर अब भी है। अब भी उसमें भारत सरकार की हिस्सेदारी सर्वाधिक है। वह स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में भी उतरने और धमक मचाने पर विचार कर रही है। यह कंपनी 'मील पत्थर' स्थापित करने में भी सक्षम है। एलआईसी का सालाना मुनाफा 40,000 करोड़ रुपए से अधिक का है, लिहाजा उसके शेयर की कीमत, बीते अक्तूबर से ही, दोगुनी हो गई है। बड़ा और महत्वपूर्ण सवाल यह है कि आम बीमा उपभोक्ता के लिए एलआईसी के संभावित प्रयास के मायने और फायदे क्या होंगे? क्या बुजुर्गों की उपेक्षित जमात को रियायती किस्त पर स्वास्थ्य कवर मिल सकेगा? या प्रधानमंत्री मोदी ही अपने तीसरे कार्यकाल में कोई सामाजिक पहल करेंगे? देश में बनने वाली नई सरकार को समझ लेना चाहिए कि अगर उसे बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद चाहिए, तो इस योजना का लाभ 65 वर्ष आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों को देना होगा।


प्रधानमंत्री की भावना वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवर देने की थी, तो इस आयु-वर्ग के दायरे में 65 साल के वरिष्ठ नागरिक भी रखे जा सकते थे, क्योंकि इस उम्र तक बीमारियां पकने लगती हैं और इलाज की सख्त जरूरत होती है। इस सूची में मधुमेह, रक्तचाप, हृदय रोग, कैंसर, किडनी, प्रोस्टेट से जुड़ी बीमारियां रखी जा सकती हैं, जो उम्र के साथ-साथ बढ़ने लगती हैं। यदि प्रधानमंत्री ने ऐसा किया होता, तो न केवल देश के बुजुर्ग उन्हें ढेरों आशीर्वाद देते, बल्कि सकल जीवन प्रत्याशा भी बढ़ती। दरअसल बूढ़ों को स्वास्थ्य कवर देना बेहद गंभीर और जरूरी मुद्दा है, क्योंकि स्वास्थ्य बीमा कंपनियां वरिष्ठ नागरिकों को कवर देने से कन्नी काटती हैं या साफ इंकार कर देती हैं। अधिकतर निजी कंपनियों के बीमे की किस्त बेहद महंगी होती है, जिसे बिना पेंशन वाले बुजुर्ग वहन नहीं कर सकते। जो सरकारी सेवाओं में रहे हैं, उनके लिए सीजीएचएस जैसी सुविधाएं ताउम्र उपलब्ध हैं। ऐसे बहुत कम फीसदी लोग हैं।


### आपदाओं को रोकने में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही की निंदा की जा रही है

# अग्निकांड़ों ने हर भारतीय का दिल जख्मी किया

ललित गर्ग


'अग्निकांड' एक ऐसा शब्द है जिसे पढ़ते ही कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं। जीवन का हर पल दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है। दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना हो या सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना-हर स्थिति में मनुष्य जीवन के अस्तित्व एवं अस्मिता पर सन्नाटा पसर रहा है।


**गुजरात** के राजकोट में एक एम्यूजमेंट पार्क के अंदर गेमिंग जोन में लगी आग की लपटें अभी ठीक से बुझी भी नहीं थीं कि शनिवार देर रात राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बच्चों के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगने से सात नवजात बच्चों की जान चली गयी। दोनों ही घटनाओं में हताहत होने वालों में ज्यादातर छोटे बच्चे हैं। निश्चित रूप से ये हादसे प्रशासनिक लापरवाही की उपज हैं, यही कारण है कि सिस्टम में खामियों और ऐसी आपदाओं को रोकने में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही की निंदा की जा रही है। यह याद रखने योग्य है कि नियमित अंतराल पर मानवीय जिम्मेदारी वाले पहलू की अनदेखी से ऐसी गंभीर घटनाएं होने के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही कम होती नहीं दिख रही है। इन जहरीली काली आग ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए। कितनी ही आंखों की रोशनी छीन ली और एक कालिख पोत दी कानून और व्यवस्था के कर्णधारों के मुँह पर। 'अग्निकांड' एक ऐसा शब्द है जिसे पढ़ते ही कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं। जीवन का हर पल दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है। दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना हो या सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना-हर स्थिति में मनुष्य जीवन के अस्तित्व एवं अस्मिता पर सन्नाटा पसर रहा है। इन दोनों मामलों में शुरुआती सूचनाएं ही संदेह का पुख्ता आधार प्रदान कर रही हैं। मसलन, यह बताया गया कि राजकोट के प्राइवेट एम्यूजमेंट पार्क में चल रहे गेमिंग जोन को फायर एनओसी नहीं मिला था। इसके बावजूद यह गेमिंग जोन धड़ल्ले से चल रहा था, बड़ी संख्या में बच्चे यहां महंगे टिकट लेकर आ रहे थे और अगर आग लगने की यह घटना न होती तो पता नहीं कब तक सब कुछ ऐसे ही चलता रहता। ठीक इसी तरह दिल्ली के बेबी केयर सेंटर की आग की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। एनआईसीयू में वेंटिलेटर पर ही 7 नवजात ने दम



तोड़ दिया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि बच्चों को पीछे के रास्ते से बड़ी मुश्किल से निकाला गया। 5 बेड की क्षमता वाले हॉस्पिटल में 12 बच्चों का इलाज हो रहा था। जाहिर है, एक बेड पर दो या तीन बच्चे थे। आग लगने, हॉस्पिटल के मिस मैनेजमेंट और लापरवाही का क्या स्थानीय प्रशासन को अंदाजा नहीं होना चाहिए कि उसके कार्यक्षेत्र में किस तरह के व्यवसाय कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी करते हुए चलाए जा रहे हैं? प्रश्न है कि इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है? बहुत कठिन है दुर्घटनाओं की उफनती नदी में जीवनरूपी नौका को सही दिशा में ले चलना और मुकाम तक पहुंचाना, यह चुनौती सरकार के सम्मुख तो है ही, आम जनता भी इससे बच नहीं सकती। इन दोनों अग्निकांड़ों में पीड़ितजन तो सहानुभूति के पात्र हैं ही, पर इन घटनाओं के लिए सहानुभूति की पात्र देश की जनता भी है, जो भ्रष्ट, लापरवाह एवं लालची प्रशासनिक चरित्रों को झेल रही है। मनुष्य अपने स्वार्थ और रुपए के लिए इस सीमा तक बेईमान और बदमाश हो जाता है कि हजारों के जीवन और सुरक्षा से खेलता है। दो-चार परिवारों की सुख समृद्धि के लिए अनेक घर-परिवार उजाड़ देता है। राजकोट हो या राजधानी में प्राइवेट संस्थानों में आग लगना- बेकसूर लोगों के मारे जाने की घटनाएं कोई नई या चौंकाने वाली बात नहीं है। कभी कोई फैक्ट्री इस वजह से सुर्खियों में आती है तो कभी कोचिंग संस्थान। कभी कोई अस्पताल तो कभी एम्यूजमेंट पार्क। घटना के बाद पता चलता है कि वे संस्थान तमाम कानूनी प्रक्रियाओं को ताक पर रखते हुए चलाए जा रहे थे। यही वजह है कि दोनों ही मामलों में तत्काल जांच के आदेश दे दिए गए। मगर आम तौर पर ऐसे आदेश घटना से उपजे असुविधाजनक एवं ज्वलंत सवालों की ओर से लोगों का ध्यान हटाने भर का काम करते हैं। आसमान से बरसती आग के बीच शनिवार को हुए इन दोनों अग्निकांडों में मासूमों व बच्चों की मौत ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोरा है। तंत्र की काहिली और आपराधिक लापरवाही के चलत ऐसे हादसे होते हैं जिनमें भ्रष्टाचार पसरा होता है, जब अफसरशाह लापरवाही करते हैं, जब स्वार्थ एवं धनलोलुपता में मूल्य बौने हो जाते हैं और नियमों और कायदे-कानूनों का उल्लंघन होता है। आग क्यों और कैसे लगी, यह तो जांच का विषय है ही लेकिन इन व्यावसायिक इकाइयों को उसके मालिकों ने मौत का कुआं बना रखा था। आखिर क्या वजह है कि जहां दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, वही सारी व्यवस्थाएं फेल दिखाई देती है? सारे कानून कायदों का वहीं पर स्याह हनन होता है। हर दुर्घटना में गलती भ्रष्ट आदमी यानी अधिकारी एवं व्यवसायी की ही होती है पर कारण बना दिया जाता हैं पुर्जों व उपकरणों की खराबी को। जैसे-जैसे जीवन तेज होता जा रहा है, सुरक्षा उतनी ही कम हो रही है, जैसे-जैसे प्रशासनिक सर्तकता की बात सुनाई देती है, वैसे-वैसे प्रशासनिक कोताही के सबूत सामने आते हैं, मरने वालों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन हर बड़ी दुर्घटना कुछ शोर-शराबे के बाद एक और नई दुर्घटना की बाट जोहने लगती है। सरकार और सरकारी विभाग जितनी तत्परता मुआवजा देने में और जांच समिति बनाने में दिखाते हैं, अगर सुरक्षा प्रबंधों में इतनी तत्परता दिखाएं तो दुर्घटनाओं की संख्या घट सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है, क्यों नहीं हो रहा है, यह मंथन का विषय है। राजधानी दिल्ली ही नहीं, देश में हर जगह कानूनों एवं व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ते हुए देखा जा सकता है।

दृष्टि कोण

# खेतों से उजड़ते पेड़ मानवीय अस्तित्व को खतरा

**न** तो अब खेतों में कोयल की कूक सुनाई देती है और न ही सावन के झूले पड़ते हैं। यदि फसल को किसी आपदा का ग्रहण लग जाए तो अतिरिक्त आय का जरिया होने वाले फल भी गायब हैं। अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका 'नेचर सस्टैनबिलिटी' में 15 मई, 2024 को प्रकाशित आलेख बताता है कि भारत में खेतों में पेड़ लगाने की परंपरा अब समाप्त हो रही है। कृषि-वानिकी का मेलजोल कभी भारत के किसानों की ताकत था। देश के कई पर्व-त्योहार, लोकाचार, गीत-संगीत खेतों में खड़े पेड़ों के इर्द-गिर्द रहे हैं। मार्टिन ब्रांट, दिमित्री गोमिंस्की, फ्लोरियन रेनर, अंकित कररिया, वेंकन्ना बाबू गुथुला, फ़िलिप सियाइस, ज़ियाओये टोंग, वेनमिन झांग, धनपाल गोविंदराजुलु, डैनियल ऑर्टिज़-गोंज़ालो और रासमस फेंशोल्टन के बड़े दल ने भारत के विभिन्न हिस्सों में आंचलिक क्षेत्रों में जा कर शोध कर पाया कि अब खेत किनारे छाया मिलना मुश्किल है। इसके कई विषम परिणाम खेत झेल रहा है। जब देश में बढ़ता तापमान व्यापक समस्या के रूप में सामने खड़ा है और सभी जानते हैं कि धरती पर अधिक से अधिक हरियाली की छतरी ही इससे बचाव का जरिया है। ऐसे में इस शोध का यह परिणाम गंभीर चेतावनी है कि बीते पांच वर्षों में हमारे खेतों से 53 लाख फलदार व छायादार पेड़ गायब हो गए हैं। इनमें नीम, जामुन, महुआ और कटहल जैसे पेड़ प्रमुख हैं। इन शोधकर्ताओं ने भारत के खेतों में मौजूद 60 करोड़ पेड़ों का नक्शा तैयार किया और फिर लगातार दस साल उनकी निगरानी की। कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के अध्ययन के अनुसार, देश में प्रति हेक्टेयर पेड़ों की औसत संख्या 0.6 दर्ज की गई। इनका सबसे ज्यादा घनत्व उत्तर-पश्चिमी भारत में राजस्थान और दक्षिण-मध्य क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में दर्ज किया गया है। यहां पेड़ों की मौजूदगी प्रति हेक्टेयर 22 तक दर्ज की गई। रिपोर्ट से सामने आया कि खेतों में सबसे अधिक पेड़ उजाड़ने में तेलंगाना और महाराष्ट्र अव्वल रहे हैं। जिन पेड़ों को 2010-11 में दर्ज किया गया था उनमें से करीब 11 फीसदी बड़े छायादार पेड़ 2018 तक गायब हो चुके थे। बहुत जगहों पर तो खेतों में मौजूद आधे पेड़



गायब हो चुके हैं। अध्ययन से यह भी पता चला है कि 2018 से 2022 के बीच करीब 53 लाख पेड़ खेतों से अदृश्य थे। यानी इस दौरान हर किमी क्षेत्र से औसतन 2.7 पेड़ नदारद मिले। वहीं कुछ क्षेत्रों में तो हर किमी क्षेत्र से 50 तक पेड़ गायब हो चुके हैं। यह विचार करना होगा कि आखिर किसान ने अपने खेतों से पेड़ों को उजाड़ा क्यों? किसान भलीभांति जानता है कि खेत की मेड़ पर छायादार पेड़ होने का अर्थ है पानी संचयन, पत्तों और पेड़ पर बिराजने वाले पंछियों की बीट से निशुल्क कीमती खाद, मिट्टी की मजबूत पकड़ और सबसे बड़ी बात खेत में हर समय किसी बड़े बूढ़े के बने रहने का अहसास। इन पेड़ों पर पक्षियों का बसेरा भी रहता था। जो फसलों में लगने वाले कीट-पतंगों से रक्षा करते थे। फसलों को नुकसान करने वाले कीटाणु सबसे पहले मेड़ के पेड़ पर ही बैठते हैं। उन पेड़ों पर दवाओं का छिड़काव कर दिया जाए तो फसलों पर छिड़काव करने से बचत हो सकती है। जलावन, फल-फूल से अतिरिक्त आय तो है ही। इसके बावजूद नीम, महुआ, जामुन, कटहल, खेजड़ी (शमी), बबूल, शीशम व नारियल आदि जैसे बहुउद्देशीय पेड़ों का काटा जाना, जिनका मुकुट 67 वर्ग मीटर या उससे अधिक था, किसान की किसी बड़ी मजबूरी की तरफ इशारा करता है। एक बात समझना होगा कि हमारे यहां तेजी से खेती का रकबा कम होता जा रहा है। एक तो घरों में ही खेती की जमीन का बंटवारा हुआ, फिर लोगों ने समय-समय पर व्यवसायिक इस्तेमाल के लिए खेतों को बेचा। आज से पचास साल पहले 1970-71 तक देश के कुल किसानों में से आधे किसान सीमांत थे। सीमांत यानि जिनके पास एक हेक्टेयर या उससे कम जमीन हो। 2015-16 आते-आते सीमांत किसान बढ़कर 68 प्रतिशत हो गए हैं। अनुमान यह कि आज इनकी संख्या 75 फीसदी है। सरकारी आंकड़ा कहता है कि सीमांत किसानों की औसत खेती 0.4 हेक्टेयर से घटकर 0.38 हेक्टेयर रह गई है।

कुछ अलग

## युवाओं में कैंसर

**निश्चित** रूप से यह बेहद चिंता बढ़ाने वाला निष्कर्ष है कि भारत में कैंसर तेजी से युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा है। जो हमारी जीवनशैली व खानपान की आदतों में आये बदलावों का भी सूचक है। दरअसल, कैंसर विशेषज्ञों के समूह द्वारा कैंसर मुक्त भारत फाउंडेशन के तहत एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया कि कैंसर तेजी से युवाओं को प्रभावित कर रहा है। अध्ययन बताता है कि देश में बीस फीसदी मामले चालीस वर्ष से कम आयु के पुरुषों व महिलाओं में पाए गए हैं। जिसमें साठ फीसदी मरीज पुरुष हैं। कैंसर के सबसे ज्यादा मामले सिर व गर्दन के कैंसर के हैं, जो करीब छब्बीस प्रतिशत बताए गए हैं। इसके बाद ये आंकड़े बताते हैं कि सोलह फीसदी मामले गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर के, पंद्रह फीसदी स्तन कैंसर तथा रक्त कैंसर के मामले नौ फीसदी हैं। कैंसर विशेषज्ञों का मानना है कि युवा पीढ़ी में बढ़ते कैंसर के खतरे की वजह तंबाकू व शराब का सेवन है। वहीं दूसरी ओर मोटापा भी एक बड़ा कारक है। जिसके मूल में युवाओं का निष्क्रिय जीवन भी है। विशेषज्ञों का मानना है कि कैंसर के मामले बढ़ने की एक वजह प्रोसेस्ड भोजन का अधिक सेवन भी है। दुर्भाग्य से चिंता की सबसे बड़ी बात यह है कि दो तिहाई मामलों में कैंसर का पता तब चलता है जब तक उपचार में देर हो चुकी होती है। दरअसल, देश में कैंसर की समय रहते जांच कराने के प्रति उदासीनता के चलते भी इस जानलेवा रोग का देर से पता चलता है। ऐसे में सरकार और सामुदायिक स्तर पर कैंसर को लेकर देशव्यापी अभियान चलाने की जरूरत है। कम से कम लोगों को इस बात के लिये मानसिक रूप से तैयार किया जाए कि प्राथमिक संकेत मिलने पर समय रहते जांच तो करा ही लेनी चाहिए। स्वयं सेवी संगठन ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सचेत कर सकते हैं। यही वजह है कि एक प्रमुख बहुराष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा समूह द्वारा हाल ही में जारी अपनी एक रिपोर्ट में भारत को 'दुनिया की कैंसर राजधानी' के रूप में वर्णित किया है। इसकी वजह हर साल कैंसर के लाखों मामले दर्ज किया जाना भी है। दरअसल, भारत में हर साल कैंसर के दस लाख नये मामले दर्ज किये जाते हैं। आशंका जतायी जा रही है कि यह वृद्धि वर्ष 2025 तक वैश्विक औसत को पार कर जाएगी। दरअसल, युवाओं के मामलों को संभालने के लिये एक विशिष्ट केंद्रित दृष्टिकोण की जरूरत होती है। यह देश के कामकाजी वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है। जिसके लिये उन्हें जीवनशैली में बदलाव के लिये प्रेरित किया जा सकता है। साथ ही प्रारंभिक अवस्था में कैंसर का पता लगाने वाली प्रभावी स्क्रीनिंग रणनीति को प्रोत्साहित करके संकट को दूर किया जा सकता है। सही मायनों में भारत को इस छद्म महामारी से मुकाबले के लिये अच्छी तरह से तैयार रहना होगा। यह खतरा बड़ा है और इसमें कैंसर की प्रभावी देखभाल को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। समय की जरूरत है कि कैंसर विषयक अनुसंधान को विशिष्ट महत्व दिया जाए। विभिन्न अध्ययनों के निष्कर्ष कैंसर के प्रमुख कारकों पर प्रकाश डालते हैं। मसलन शरीर में टैटू गुदवाने वाले लोगों में रक्त कैंसर होने का खतरा ज्यादा होता है। इस तथ्य को युवाओं तक पहुंचाने की आवश्यकता है। कैंसर के खिलाफ जागरूकता के लिये ऐसे कदम उठाने जरूरी हैं। एक बहुआयामी रणनीति ही भारत को सभी बीमारियों से मजबूती से लड़ने में मदद कर सकती है। दरअसल, कैंसर के संकट के मुकाबले के लिये हमारे खानपान में सुधार, सक्रिय जीवनशैली तथा तनावमुक्त जीवन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

देश दुनीया से

## यह पूरे तंत्र की विफलता है, निपटने के लिए केंद्र और राज्यों के सम्मिलित प्रयासों की जरूरत


बच्चों के अस्पताल में आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। इसके अलावा, कृष्णानगर में एक इमारत में करीब दो बजे सुबह आग लगी, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी संवेदना व्यक्त की और आश्वासन दिया कि घटनाओं के कारणों की जांच की जा रही है, ताकि जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जा सके। घनी आबादी और भीड़भाड़ वाले इलाकों में तंग बुनियादी ढांचे के कारण भारत के शहरी क्षेत्र आग लगने जैसी घटनाओं के लिए विशेष रूप से असुरक्षित हैं।


**बीते** 25 मई को गुजरात के राजकोट में गेमिंग जोन में आग लगने से बच्चों समेत 32 लोगों की मौत हो गई। राज्य सरकार ने एसआईटी गठित कर जांच शुरू कर दी है। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मृतकों के परिवार को चार लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। 25 मई की रात ही दिल्ली में आग लगने की दो अलग-अलग घटनाएं हुईं। विवेक विहार में बच्चों के अस्पताल में आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। इसके अलावा, कृष्णानगर में एक इमारत में करीब दो बजे सुबह आग लगी, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी संवेदना व्यक्त की और आश्वासन दिया कि घटनाओं के कारणों की जांच की जा रही है, ताकि जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जा सके। घनी आबादी और भीड़भाड़ वाले इलाकों में तंग बुनियादी ढांचे के कारण भारत के शहरी क्षेत्र आग लगने जैसी घटनाओं के लिए विशेष रूप से असुरक्षित हैं। जैसे कि वर्ष 2018 में मुंबई के ईएसआईसी कामगार अस्पताल में आग लगी और 2019 में सूरत कोचिंग सेंटर में आग लगने से 22 छात्रों की मौत हो गई। ये घटनाएं बताती हैं कि अतीत की त्रासदियों से पूरी तरह सबक नहीं लिया गया। अतीत में हुए सबसे दुखद उपहार सिनेमा अग्निकांड और भोपाल गैस त्रासदी ने प्रणालीगत सुधारों की जरूरत और उपेक्षा के गंभीर परिणामों को उजागर किया। औद्योगिक सुरक्षा चूक की कई घटनाएं हुई हैं, जो मजबूत शासन और सख्त सुरक्षा नियमों की तत्काल जरूरत को रेखांकित करती हैं। उपहार सिनेमा अग्निकांड एक ऐसी त्रासदी थी, जिसे रोका जा सकता था। 13 जून, 1997 को जब दिल्ली के उपहार सिनेमा में एक लोकप्रिय फिल्म प्रदर्शित हो रही थी, उसी समय खराब ट्रांसफार्मर के कारण आग लग गई, जिसमें 59 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। ज्यादातर पीड़ित दम घुटने के कारण मरे, क्योंकि वे बालकनी वाले इलाके में निकास द्वार के बंद या बाधित होने के कारण फंस गए थे। अग्नि सुरक्षा से संबंधित उचित उपायों और आपातकालीन तैयारियों की कमी के कारण यह त्रासदी और भी गंभीर हो गई। इस अग्निकांड की जांच में घोर लापरवाही और सुरक्षा उपायों का उल्लंघन पाया गया, जैसे कि बचकर भागने के रास्ते बंद थे और अग्निशमन उपकरण उचित रखरखाव के अभाव में खराब थे। उपहार सिनेमा अग्निकांड भवन संहिता (बिल्डिंग कोड) एवं अग्नि सुरक्षा उपायों के सख्त क्रियान्वयन की व्यापक आवश्यकता की याद दिलाता है। यह नियमों के अनुपालन में स्थानीय अधिकारियों की विफलता को भी उजागर करता है, जो शासन के व्यापक मुद्दों को रेखांकित करता है, जिससे केंद्र और राज्य, दोनों स्तरों पर निपटने की जरूरत है। अग्निकांड से अलग प्रणालीगत विफलता का एक और उदाहरण है-भोपाल गैस त्रासदी। 1984 की भोपाल गैस त्रासदी औद्योगिक सुरक्षा की कमी का एक प्रमुख उदाहरण है, जिसके कारण बड़े पैमाने पर जनहानि हुई। भोपाल में यूनियन कार्बाइड कीटनाशक संयंत्र में मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ, जिसके कारण हजारों लोगों की तत्काल मृत्यु हो गई और पांच लाख से ज्यादा लोगों को लंबे समय तक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ा। यह त्रासदी खराब रखरखाव, अपर्याप्त सुरक्षा प्रोटोकॉल, आपातकालीन स्थितियों में तैयारी की कमी का नतीजा थी। इसके बाद लंबी कानूनी लड़ाइयां चलीं और पीड़ितों को देर से न्याय मिला। इस त्रासदी ने औद्योगिक संयंत्रों के संचालन में सुरक्षा मानकों को लागू करने और नियामक निगरानी के महत्व को उजागर किया। इसने लापरवाही के लिए कंपनियों को जिम्मेदार ठहराने और ऐसी आपदाओं को रोकने के लिए निवारक उपाय सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत कानूनी ढांचे की आवश्यकता को भी प्रदर्शित किया। इस तरह की भयावह घटनाओं के बावजूद हमारे देश के राज्यों में सुरक्षा एक महत्वपूर्ण चिंता बनी हुई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों से पता चलता है कि हमारे देश में हर साल आग लगने की घटनाओं में हजारों लोगों की जान जाती है। बिजली के शॉर्ट-सर्किट, ज्वलनशील सामग्रियों का सही ढंग से भंडारण नहीं करने और सुरक्षा उपायों की उपेक्षा आग लगने के आम कारण होते हैं। हमारे देश में आग के खतरों से निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करना-राष्ट्रीय भवन संहिता और अग्नि सुरक्षा मानदंडों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। नियमित निरीक्षण और गैर-अनुपालन के लिए दंड का प्रावधान रहने से लापरवाही को रोका जा सकता है। जन-जागरूकता और प्रशिक्षण- नागरिकों को अग्नि सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर नियमित मॉक ड्रिल (अभ्यास) करने से तैयारी बेहतर हो सकती है।

आप का नजरीया

## जानलेवा गर्मी

**नये** रिकॉर्ड तोड़ती गर्मी स्पष्ट संकेत दे रही है कि समय रहते बचाव के लिये नीतिगत फैसले नहीं लिए गए तो एक बड़ी आबादी के जीवन पर संकट मंडराएगा। यह संकट तीखी गर्मी से होने वाली बीमारियों व लू से होने वाली मौतें ही नहीं होंगी, बल्कि हमारी खाद्य सुरक्षा शृंखला भी टूटेगी। हालिया अध्ययन बता रहे हैं कि मौसमी तीव्रता से फसलों की उत्पादकता में भी कमी आई है। दरअसल, मौसम की यह तल्खी केवल भारत ही नहीं ,वैश्विक स्तर पर नजर आ रही है। एशिया के अलावा यूरोप व अमेरिकी देशों में भी तापमान में अप्रत्याशित बदलाव नजर आ रहा है। निश्चित रूप से यह तापमान उन लोगों के बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवन यापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम आने पर, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि उन्हें मौसम नहीं बल्कि गरीबी मारती है। पेट में पर्याप्त भोजन का अभाव कुपोषण को जन्म देता है। जिसके चलते व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर भी प्रभाव पड़ता है। लेकिन विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग के हमारे दरवाजे पर दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। दरअसल, गर्मी के प्रभाव से हाइपरटेंशन, निर्जलीकरण, लू लगने के अलावा मानव स्वास्थ्य से जुड़े कई तरह के संकट सामने आ रहे हैं। कई तरह के मानसिक रोगों की भी आशंका जतायी जा रही है। जिसकी वजह से विश्व स्वास्थ्य संगठन सार्वजनिक स्वास्थ्य की आपात स्थितियों के पैदा होने की आशंका जता रहे हैं। बहरहाल, रिकॉर्ड तोड़ते तापमान के दुष्प्रभावों को कम करने के लिये सरकारों को नीतिगत उपायों को लागू करने को प्राथमिकता देनी होगी। सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व ऑरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। खासकर ऐसे समय में जब हरियाणा व राजस्थान में पारा पचास पार करके गंभीर चुनौती का संकेत दे रहा है। स्कूल-कालेजों के संचालन, दोपहर की तीखी गर्मी के बीच कामगारों व बाजार के समय के निर्धारण को लेकर देश में एकरूपता का फैसला लेने की जरूरत है। कुछ जगह धारा 144 लागू की गई है, जो इस संकट का समाधान कदापि नहीं है। कभी संवेदनशील भारतीय समाज के संपन्न लोग सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ की व्यवस्था करते थे।

# सामुहिक दुष्कर्म में शामिल चार अभियुक्त गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** शुक्रवार को छिपादोहर पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। जहां एक सप्ताह के अंदर छिपादोहर थाना कांड संख्या 12/2024 का उद्भेदन करते एक महिला के साथ सामुहिक दुष्कर्म की घटना में शामिल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के आदेशानुसार छिपादोहर थाना में प्रेसवार्ता किया गया। इस दौरान एसडीपीओ वैंकटेश कुमार ने बताया कि छिपादोहर थाना कांड संख्या 12/2024 के प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस कप्तान के आदेशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई जिसमें छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह के साथ अन्य पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल सभी अभियुक्तों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि पीड़िता के चचेरे देवर के इशारे पर ही पीड़िता के साथ बारी बारी से दुष्कर्म किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त राजेश भुइयां पिता रावण भुइयां सुनील सिंह पिता धर्मदेव सिंह, सनोज सिंह पिता सुबेदार सिंह सभी छिपादोहर थाना क्षेत्र के ग्राम गाड़ी के रहने वाले हैं जबकि छोटू सिंह पिता बच्चूसिंह थाना लातेहार ग्राम बारियातू का रहने वाला है। वहीं छिपादोहर थाना कांड से संबंधित बताया गया कि दिनांक 3/6/2024 दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे पीड़िता से पानी मांगने के बहाने से पीड़िता के घर में घुसकर जबरन सामुहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

## मुखिया संघ की हुई बैठक लिया कई अहम निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर में स्थित गिद्धौर पंचायत भवन में शुक्रवार को मुखियासंघ की बैठक संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता मुखिया निर्मला देवी ने किया। संचालन मुखिया जगदीश यादव ने किया।बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत से मुखिया उपस्थित थे। जहां कई अहम् निर्णय लिया गया। जिसमें संगठन मजबूती रखना है एवं किसी भी प्रकार के कार्यो में डटकर सामना करना है। वहीं अबुआ आवास लाभुकों का दूसरा किस्त की राशि भुगतान नहीं किए जाने को लेकर, आवास कोऑर्डिनेटर पर नाराजगी व्यक्त किया।इसकी शिकायत करने को लेकर मुखिया संघ के लोगों ने प्रखंड़ कार्यालय पहुंचे। और बीडीओ राहुल देव से मिलने गए। तब तक बीडियो पत्थलगड़ा प्रखंड़ कार्यालय चले गए। बैठक में मुखिया डेगन गंझू, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती, उपेंद्र दांगी समेत अन्य मौजुद थे।

## उपायुक्त रमेश घोलप ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, आवास समेत अन्य मामला शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

## बीडीओ ने किया कर्मियों के साथ बैठक दिए गए निर्देश



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने शुक्रवार को प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक किया। जहां उपस्थित कर्मियों से 15 वें वित्त योजना,अबुआ आवास योजना,अंबेडकर आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा किया। बीडीओ ने कहा कि सभी आवास का स्थल निरीक्षण कर आवास लाभुकों का दूसरा क़िस्त की राशि देने का निर्देश दिया। बैठक में पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, उज्जवल सिंह, प्रियंका प्रिया, चितरंजन शर्मा, आवास कोऑर्डिनेटर फरहत नाज़नी 15 वित्त के शेखर कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

**हॉस्पिटल में गर्भवती महिला की मौत की खबर पर सीएस ने किया जांच**

## जांच के दौरान हॉस्पिटल में मौत की खबर को बताया अफवाह : सीएस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया रेफरल अस्पताल में जिला चिकित्सा प्रभारी ने छपी खबर के आलोक में औचक जांच किया। जांच के दौरान जिला चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि रेफरल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत की खबर को महज अफवाह और बेबुनियाद बताया है। कहा है कि उक्त महिला की मौत रेफरल हॉस्पिटल में ना होकर रेफर हजारीबाग सदर अस्पताल जाने के दौरान हुई थी।आपको बता दें कि बुधवार को लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के सौंस बोहागढ़ा की एक महिला ने प्रसव को लेकर सिमरिया रेफरल हॉस्पिटल में बुधवार को पहुंची थी।जहां नर्स और चिकित्सकों ने जांच के बाद हॉस्पिटल में हीं रेस्ट लेने के लिए बोला गया था। किंतु डिलेवरी का समय पूर्ण हो चुका था किंतु डिलेवरी पेन एवं अन्य कारणों के कारण उक्त महिला का प्रसव नहीं हो पा रहा था। महिला ने डिलेवरी पेन नहीं होने की बात बार बार बोल रही थी। इसी बीच बुधवार शाम को महिला और महिला के अभिभावक ने घर जाने की जिद करने लगे। रेफरल अस्पताल के कर्मियों ने उक्त महिला के अभिभावक एवं महिला को उचित सलाह देते हुए उन्हें बेहतर इलाज एवं सुगमता पूर्ण प्रसव होने के लिए हजारीबाग सदर रेफर कर दिया गया। जहां महिला के अभिभावकों ने हजारीबाग पहुंच किसी निजी हॉस्पिटल में भी इलाज करवाया। निजी हॉस्पिटल में भी जब सुगमता पूर्ण प्रसव नहीं हो पाया तो सदर अस्पताल जाने के दौरान महिला की रास्ते में हीं मौत हो गई थी। जहां परिजनों ने घर पहुंच उनकी अग्नि संस्कार कर दिया। वहीं इस तरह के मामले में परिजनों द्वारा किसी तरह का कोई शिकायत नहीं की गई है।

## विश्व पर्यावरण सप्ताह मौके पर केंद्रीय विद्यालय में प्रतियोगिताओं का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विश्व पर्यावरण सप्ताह के मौके पर केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।इस कैंप के तीसरे दिन शुक्रवार को पर्यावरण विषय पर कविता पाठ, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पीके ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। कहा कि हमें जल व जंगल की रक्षा करनी चाहिए। कार्यक्रम में कक्षा चार (बी) की आध्या व आदित्य टैगोर ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर स्पीच दिया। जबकि कक्षा चार (ए) की नित्या कुमारी ने कविता पाठ किया। इसके अलावा अन्य कई छात्रों ने भी इसमें भाग लिया। मौके पर छात्रों ने ई-वेस्ट सामग्रियों के संबंध में जानकारियां दी। प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि पिछले पांच जून से विद्यालय में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पहले दिन स्कूल के छात्रों के द्वारा पौधारोपण किया गया। दूसरे दिन पोस्टर मेकिंग एवं स्लोग राईटिंग समेंत कई कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। इस समर कैंप मे विद्यालय के छात्र बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं। मौके पर विद्यालय के कई शिक्षक आदि शामिल थे।

## पेड़ गिरने से घर हुआ क्षतिग्रस्त, बाल बाल बचे लोग



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के तरवाडीह पंचायत के समीप कोने ग्राम में बीते शाम अचानक जोरदार आंधी और तूफान आ गई। तुफान से कई पेड़ टुटकर घरो में जा गीरे जीससे कई लोगों के मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।साथ ही कुछ लोगों को हल्की चोट भी लगी है। इसकी जानकारी जैसे ही मुखिया को मिली तो मुखिया पति जुलेश्वर लोहरा तुरंत मौके पर पहुंचे और परिस्थिति का जायजा लिया साथ ही साथ हर संभव मदद करने की बात कही। कुछ लोगों को आर्थिक मदद किया। वहीं भुक्तभोगी कुसुम दयाल नायक ,गुलाब सिंह,संतोष भेंगरा ने बताया कि आंधी तूफान इतनी जोरदार थी कि देखते ही देखते घर के पास स्थित महुआ का पेड़ अचानक घर में गिर गया। संयोग से हम लोग दूसरे तरफ थे नहीं तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। वहीं कुछ लोगों को हल्की चोटें लगी है और घर में रखे खाने पीने के सामग्री भी पूरी तरह बर्बाद हो गया। इसमें लगभग हम लोगों का 50 हजार का नुकसान हुआ है। आगे उन्होंने जिले के उपायुक्त से न्याय की गुहार लगाई है।

## प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में लातेहार से भाजपा नेता राजधानी प्रसाद यादव भाग लेंगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह लोकसभा संयोजक राजधनी प्रसाद यादव भाग लेगें। दूरभाष पर प्रभात मंत्र को जानकारी देते हुए श्री यादव ने बताया कि प्रदेश व केंद्रीय भाजपा कार्यालय से उन्हें दूरभाष पर इसका न्यौता दिया गया है। उन्होंने बताया कि वे आठ जून को हवाई मार्ग से दिल्ली रवाना होगें।नौ जून की संध्या पांच बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा। श्री यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एनडीए के संसदीय दल का नेता चुने जाने पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार शपथ लेने जा रहे हैं। यह भाजपा और एनडीए के लिए गौरव की बात है।प्रधानमंत्री इस कार्यकाल में अपने अधूरे कार्यो को पूरा करेगें। देश की जनता उनके साथ है।

## वीपीआर कंपनी के मालिक बने सांसद कंपनी के लोगों ने मनाया जश्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी में खनन का काम कर रही वीपीआर कंपनी के मालिक प्रभाकर रेड्डी आंध्र प्रदेश से बतौर सांसद निर्वाचित हुए। श्री प्रभाकर रेड्डी आंध्र प्रदेश के नेल्लूर लोकसभा से तेलगु देशम पार्टी से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी वी0विजयसाई रेड्डी को दो लाख पैतीस हजार मतों से हराकर विजयी हुए। जबकि उनकी पत्नी प्रशांति रेड्डी भी आंध्र प्रदेश के काउर विधानसभा सीट से 49,000 मतों से जीतकर विधायक बनी। जिससे बालूमाथ में कार्यरत वीपीआर कंपनी के कर्मियों ने खुशी मनाई। कंपनी के कर्मियों ने मौके पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। वही मगध वीपीआर कंपनी के जीएम श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि हम लोगों के लिए हर्ष की बात है कि कंपनी के मालिक ऐसे प्रतिष्ठित पद पर पहुंचे और केंद्र में एनडीए गठबंधन का हिस्सा है। वहीं प्रभाकर रेड्डी के सांसद चुने जाने पर कई लोगों ने बधाई दिया है। जिसमें कंपनी के वेंकटेश राव, पवन रेड्डी, हरि कृष्ण, सुनील राम इसके अलावा सीसीएल के मगध कोल परियोजना जीएम नृपेंद्र नाथ, परियोजना पदाधिकारी एस0सतनारायण, मैनेजर अकरम अंसारी, सीएसआर सुनील मनोहर भास्कर, आरके सिंह चमातू गांव के रहने वाले चेतलाल रामदास, त्रिवेणी प्रसाद, सतनारायण प्रसाद, ईश्वर साव, शिवकुमार प्रसाद, अनिल प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, शम्भू साव, पदुम यादव, हिरामन प्रसाद समेत कई लोग के नाम शामिल है।


## राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम वयस्क बीसीजी प्रतिरक्षण अभियान को लेकर बैठक किया गया है। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रोहन साव ने किया वहीं संचालन बीडीओ विनय कुमार ने किया। बैठक में बीसीजी प्रतिरक्षण हेतु सहमति प्रदान करने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को देने को लेकर की गई। कार्यक्रम का टीका करण 1 जुलाई से प्रारंभ किया जाएगा जिसे लेकर सहिया के द्वारा गांव गांव जाकर लोगों का चयनित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पूर्ण होने पर कैंप लगाकर टीकाकरण किया जाएगा। मौके पर चिकत्सा प्रभारी डा अशोक करमाली, सीडीपीओ रीना साहू, बीपीएम देव कुमार पाठक, जेएसएलपीएस से दिलीप कुमार राणा, के अलावा दर्जनों लोग मौजूद थे।

## प्रतिबंधित माओवादी संगठन का सक्रिय सदस्य हथियार के साथ गिरफ्तार



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छिपादोहार पुलिस ने शुक्रवार को छिपादोहार बाईपास सड़क पर रेलवे फाटक के पास से प्रतिबंधित माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। जहां गिरफ्तार उग्रवादी के पास से तीन देशी भरठुआ बंदूक बरामद किया गया। इस संबंध में एसडीपीओ वेंक्टेश कुमार ने छिपादोहार थाना में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित माओवादी संगठन का सक्रिय सदस्य रामनदाग जंगल के रास्ते छिपादोहार बाईपास होते हुए लुकुमखाड के जंगल की ओर जाने वाले हैं। जिसकी सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम मे शामिल छिपादोहार थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह समेत शस्त्र बल के साथ छिपादोहर बाईपास रोड मे रेलवे फाटक के पास एम्बुस लगाकर माओवादी संगठन से जुड़े उग्रवादी को तीन देशी भरठुआ बंदूक के साथ गिरफ्तार किया।इस दौरान गिरफ्तार उग्रवादी से पुछताछ के दौरान पता चला कि उग्रवादी का नाम बिनोद उरांव उम्र 35 वर्ष पिता धनिया उरांव साकिम बारियातू थाना, जिला लातेहार है जो माओवादी के नाम पर संगठन से जुड़े अन्य दोस्तों के साथ मिलकर लोगों को हथियार का भय दिखाकर लेवी वसूलने का काम करता था। वहीं छापेमारी टीम मे छिपादोहार थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, विकाशेंदु त्रिपाठी, सहायक अवर निरीक्षक सचिदानंद सिंह और थाना रिजर्व गार्ड, शस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सड़क निर्माण में संवेदक के मनमानी रवैया से राहगीर हुए परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** करोड़ों की लागत से रोल से दुवारी भाया पत्थलगड़ा सड़क निर्माण में बरती जा रही है घोर अनियमितता। सड़क निर्माण लगभग 6 माह से कार्य प्रारंभ है। सड़क निर्माण संवेदक की मनमानी रवैया से ग्रामीणों के अलावा राहगीर काफी परेशान है। राहगीर कभी गड्ढे में गिर कर तो कभी रास्ते पर गिर कर चोटिल हो रहे हैं। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है। ग्रामीणों ने जब मुंशी को पूछा तो उन्होंने उलट कर उन्ही पर बरसने लगा और बोलने लगा कि जहां जाना है जाओ सभी जगह मेरे अपने लोग हैं। सड़क निर्माण में मनमानी रवैया से सड़क पर पानी इतना बहाया जा रहा है जो कि बढ़ती गर्मी के तापमान का असर भी नहीं पड़ रहा और सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया है। जिसके कारण राहगीरों को अवागमन में काफी परेशानी हो रही है साथ ही कई ऐसे राहगीर है जो सड़क पर गिर रहे हैं।

**मगध कोलयरी में नहीं रुक रहा है अवैध उगाही का धंधा**

## महीने में करोड़ों रुपए की होती है अवैध उगाही, जांच की मांग की




**प्रभात मंत्र संवाददात**

**बालूमाथ :** सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है ।इस कोलियरी में करोड़ों रुपए महीने की अवैध उगाही धड़ल्ले से संचालित है ।कई ट्रक चालक ने बताया कि मगध कोलियरी में लगभग सात स्थानों पर दिनदहाड़े अवैध उगाई की जाती है।ट्रक प्रवेश के दौरान पहले गोलीटांड चौक में तीन स्थान पर प्रत्येक ट्रक से 100-100 रुपये ग्रामीण द्वारा,पुनः हाईवा बैरियर के पास ग्रामीण 50 रुपये प्रति ट्रक, वही चमातू कमेटी के नाम से कांटा नंबर 15 एवं 16 के पास 350 रुपये प्रति ट्रक, वही आरा कमेटी के नाम पर 9 नंबर बैरियर के पास प्रति ट्रक 400रुपये , तथा काटा स्लिप लेने में सीसीएल के कांटा बाबू द्वारा 200 रुपये प्रति ट्रक, बैरियर के समीप गार्ड द्वारा दो स्थानों पर 50 रुपये प्रति ट्रक एवं कांटा के पास माल कम ज्यादा होने पर काटा बाबू के द्वारा पुनः200 रुपये प्रति ट्रक की अवैध उगाही धड़ल्ले से संचालित है ।इस तरह देखा जाए तो एक दिन में जो ट्रक चमातु में लोडिंग के लिए जाती है तो उसे कुल1250 रुपये एवम आरा में लोडिंग के लिए जाती है तो1300 रुपये प्रति ट्रक की बसूली होती है। आरा एवं चमातू दोनों कोलयरी मिलाकर एक दिन में लगभग 250 ट्रैकों का प्रवेश प्रतिदिन होता है। इस तरह टोटल अवैध उगाही को जोड़ दिया जाए तो एक दिन में लगभग 30से35 हजार की अवैध उगाई होती है। यह उगाही पूरे महीना तक चलती है जो एक महीने में लगभग एक करोड़ रुपए तक पहुंच जाती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस अवैध उगाही में सीसीएल के कर्मचारियों द्वारा लिए गए उगाही में सीसीएल के पदाधिकारी तक बंधी बंधाई रकम पहुंचती है ।वही कमिटी द्वारा लिए गए पैसे का 100 रुपये प्रति ट्रक अमरवाडीह पिकेट प्रभारी के नाम पर निकली जाती है।वही कई उग्रवादियों को भी बंधी बधाई रकम कमेटी द्वारा पहुंचाई जाती है ।ज्ञात हो की लगभग तीन-चार वर्ष पूर्व मगध एवं आम्रपाली कोलयरी में भी अवैध उगाही धड़ले से जारी था जिस पर एनआईए का डंडा चला तो यह अवैध उगाही पिछले कई वर्षो से बंद था। लेकिन इधर आरा एवं चमातू ग्राम के कुछ सफेदपोष लोग कमेटी बनाकर अवैध उगाही धड़ल्ले से जारी कर दिया है ।कई ट्रक आनर ने इसकी जांच एनआईए से कराने की मांग की है। लोगो ने कहा कि इसकी जांच स्वतंत्र रूप से कर दिया जाए तो यह मामला टेरर फंडिंग का सामने आ सकता है। इस संबंध में थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मेरे जानकारी में नहीं है फिर भी जांच कराऊंगा और जो भी अवैध उगाही में संलिप्त होंगें उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## समाहरणालय संवर्ग के नव चयनित निम्नवर्गीय लिपिक को उपायुक्त ने सौंपा नियुक्ति पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

हजारीबाग। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, रांची नियमित रिक्त विज्ञापन के आलोक में संपन्न इंटरमीडिएट स्तर (कंप्यूटर ज्ञान एवं कंप्यूटर में हिन्दी टंकण अहर्ता धारक पद हेतु) संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2017 एवं कौशल जांच परीक्षण के उपरांत सफल अभ्यार्थियों के राज्य मेघा सूची के आधार पर निम्नवर्गीय लिपिक (जिला समाहरणालय) के पद पर नियुक्ति हेतु 20 अभ्यर्थिओ को आज उपायुक्त नैंसी सहाय ने नियुक्त पत्र सौंपा। विभागीय निदेशानुसार निम्नवर्गीय लिपिक के पद नियुक्ति हेतु वर्तमान में हजारीबाग जिला के लिए आवंटित कुल 22 अभ्यार्थियों की शैक्षणिक प्रमाण पत्रों को गठित जांच टीम के द्वारा किया गया। आज नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कुल 20 अभ्यर्थी उपस्थित हुए शेष दो अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। नियुक्ति पत्र सौंपने के उपरांत उपायुक्त ने सभी अभ्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा योगदान करने को कहा। उन्होंने कहा हजारीबाग जैसे अच्छे जिले में पोस्टिंग हुई है, मेहनत और ईमानदारी से कार्य करें। नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे।

## फेडरेशन ऑफ़ हजारीबाग़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पदाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक से किया शिष्टाचार मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** व्यापारियों की एक संस्था जिस पर शहर व्यापारी निस्वार्थ भाव से भरोसा करते हैं उन्ही भरोसा पर हमेशा खड़ा उतरता है,फेडरेशन ऑफ़ हजारीबाग चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री। व्यापारियों की समस्या को अपनी समस्या समझकर हल करने का पूरा प्रयास करता है इस प्रयास के बीच शुक्रवार को चेंबर के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक के आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की मुलाकात के दौरान शहर के विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया। बताया गया कि ट्रैफिक की समस्या से व्यापारी वर्ग काफी परेशान हो रहे ,हैं उन्हें बताया गया कि गोला चौक स्थित जेवर दुकान में बीते दिनों उनके स्टाफ के द्वारा ज्वेलरी सामान लेकर फरार हो गया। जैसे विभिन्न बातों को पुलिस अधीक्षक से अवगत करवाया गया ,पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जेवर दुकान का स्टॉफ जल्द ही पुलिस के कस्टडी में होगा, चेंबर के पदाधिकारियों ने गीतांजलि ज्वेलर्स में हुई चोरी के मामले मे जिला पुलिस ने अपनी तीव्रता के साथ गुनहगारों को धर दबोचा है जिसके लिए विशेष रूप से पुलिस अधीक्षक को बधाई दिया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ट्रैफिक की समस्या पर जल्दी कोई बड़ी और ठोस मुहिम चलाई जाएगी। चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर शिष्टाचार भेंट किया गया इस मुलाकात में शहर के कई समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया गया। चेंबर के सचिव राकेश ठाकुर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह को गीतांजलि ज्वेलर्स में हुई चोरी का खुलासा कर अपराधियों को जेल भेजने के लिए विशेष रूप से बधाई दी गई। साथ ही शहर की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया। मौके पर - चैंबर के उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सहसचिव तारिक अहमद रजा,जेवर दुकान के संचालक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता मौजूद थे।

## कोल खनन परियोजना से प्रभावित गावों का खान सुरक्षा निदेशक ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की शिकायत पर श्रम व रोजगार मंत्रालय के खान सुरक्षा महानिदेशालय रांची के डिप्टी डायरेक्टर हनुमंत राव ने गांवों का निरीक्षण किया। चट्टीबारियातू व केरेडारी कोयला परियोजना से प्रभावित गांव पहुंचकर जानकारी ली। इस दौरान हैवी ब्लास्टिंग से पड़े घरों में दरार, उड़ते प्रदूषण, जोरदाग में तालाब का अतिक्रमण देखकर अधिकारियों ने संबंधित परियोजना कर्मियों को खरी खोटी सुनायी। बिरहोर टोला पहुंचने पर खनन क्षेत्र से अति नजदीक होने, जोरदाग स्कूल के समीप किया जा रहे ओबी डंप पर अधिकारियों ने नाराजगी जतायी। जांच रिपोर्ट बनाकर अधिकारी साथ ले गये हैं। मौके पर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सुंदर गुप्ता, बीस सूत्री सदस्य अत्ताउल्लाह, धीरेंद्र साव, मो राजा, मो शमीम, आदित्य साव, किशोर साव समेत कई लोग मौजूद थे।

## प्रकृति संरक्षण हेतु भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद का पौधारोपण अभियान चलाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रकृति संरक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम के तहत समाजसेवी एवं भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद शुक्रवार को संत कोलंबा महाविद्यालय के छात्रावास पहुंचे।वहां छात्रों संग पौधारोपण कर कहा कि हम सब को यह समझना चाहिए कि संपूर्ण मानवता का अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर है।कहा कि शहर में बहुत से लोगों को बदतर आबोहवा के चलते लोगों को सांस, हृदय, फेफड़ों की बीमारियों हो रही हैं। स्वस्थ एवं सुरक्षित पर्यावरण के बिना मानव समाज की कल्पना अधूरी है। कार्यक्रम में संत कोलंबा महाविद्यालय के प्रोफेसर राजकुमार चौबे ,आरएसएस के पूर्व जिला संचालक ज्ञान चंद मेहता,बबलू कुमार, दीपक कुमार, राहूल कुमार, सुमित कुमार, सहित दर्जनो लोग उपस्थित थे।

## पहली बार सांसद बनकर दिल्ली पहुंचे हजारीबाग के मनीष तो संसद में संविधान की मूल प्रति को किया नमन

### एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर दिया बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** दिल्ली के शुक्रवार को एनडीए की बैठक पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में हुई जिसमें सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुना गया। पहली बार सांसद बनकर दिल्ली पहुंचे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर उन्हें बधाई दिया। इससे पहले हजारीबाग के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने पहली बार देश के सबसे बड़ी पंचायत संसद पहुंचने पर संविधान की मूल प्रति को नमन किया। मनीष जायसवाल ने कहा कि हमारा संविधान ही है, जिसके कारण मुझ जैसा साधारण व्यक्ति भी इतनी महत्वपूर्ण जगह पर पहुंच पाया। बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर समस्त संविधान निर्माता को भी याद करते हुए उन्होंने नमन किया। उन्होंने कहा की जल्द ही तीसरी बार मोदी सरकार का गठन होगा।

## नवाबगंज निवासी मोहित सोंधी ने सदर थाने मे दिया आवेदन


**हजारीबाग :** नवाबगंज निवासी मोहित सोंधी ने सदर थाने मे दिया आवेदन देकर कहा है कि उनके झील टावर आवासीय परिसर मे 5 जून को अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर छज्जे पर डा बीरेन्द्र कुमार द्वारा बुधवार को जबरदस्ती क्लिनिक का बोर्ड लगाया जा रहा था।शुक्रवार बोर्ड लगाने से मना करने पर कुछ महिलाओ ने जबरदस्ती बोर्ड लगाने की धमकी देकर धक्का मुक्की एवं मारपीट किया।मोहित सोंधी और उनके परिवार के सदस्यों ने सदर थाना प्रभारी को आवेदन देकर मामले पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।इस मामले पर डॉक्टर बीरेंद्र ने टेलिफोनिक बातचीत में कहा कि मामला किरायेदार और दूसरे दुकान का है। मेरा इस मामले से कोई लेना-देना ही नहीं है। मुझे सिर्फ अपना बोर्ड लगाना है लेकिन मुझे इस मामले में फसाया जा रहा है हम लोग को बोर्ड लगाने नहीं दिया जा रहा है । झील टावर में सभी दुकान का बोर्ड लगा हुआ है लेकिन हमारा क्लीनिक का बोर्ड नहीं लग पा रहा है।

## बेहराबाद एवं बैरिसाल बालू घाटों की नीलामी के लिए की गई ग्रामसभा



**बरही :** उपायुक्त के आदेशानुसार बेहराबाद एवं बैरिसाल मौजा के बालू घाटों का नीलामी होंगा। जिसके संचालन के लिए मेंबर्स झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड के द्वारा नीलामी के लिए गुरुवार को बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार की अगुवाई में राजकीयकृत प्राथमिक मध्य विद्यालय बैरिसाल के प्रांगण में उप प्रमुख की अध्यक्षता में ग्राम सभा की गई। मौके पर प्रमुख मनोज रजक उपस्थित थे। ग्राम सभा में स्थानीय लोगों के कुछ शर्तों के साथ नीलामी के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। जानकारी के अनुसार पिछले बार स्थानीय मुखिया की अध्यक्षता में ग्राम सभा की गई थी, लेकिन स्थानीय लोगों द्वारा ग्राम सभा के द्वारा नीलामी के लिए स्वीकृति प्रदान नहीं की गई थी।ग्राम सभा में भंडारों मुखिया पति सह पूर्व मुखिया सकलदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य, विकास सिंह, बीसी विजय कुमार, पंचायत सचिव पोखराज यादव एवं ग्रामीणों में बिनोद कुमार, सीताराम यादव, रामलाल ठाकुर, महेश यादव, मकसूद आलम, सोबरन साव, संतोष पासवान, तुलसी दास, गांगो यादव, संदीप शर्मा, पिंटू यादव, जनार्दन पांडेय, उमेश यादव सहित कई लोग उपस्थित हुए।

## वन विभाग ने अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर पकड़ा, चालक को भेजा जेल



**बड़कागांव :** अवैध कोयला उत्खनन एवं कारोबार की रोकथाम को लेकर एसीएफ ए के परमार के नेतृत्व में पश्चिमी वन प्रमंडल कार्यालय के द्वारा बड़कागांव में गुरुवार की रात को सघन छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान राउतपारा अंबाझरना से अवैध कोयला लदा एक ट्रैक्टर जप्त किया गया। साथ ही ट्रैक्टर के चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। मामले को ले कर एसीएफ एके परमार ने कहा के अवैध कोयला कारोबार के रोकथाम को लेकर निरंतर करवाई जारी है। किसी भी हालत में अवैध कोयला कारोबारी बख्शे नही जाएंगे। पकड़े जाने पर शख्त से शख्त कानून कारवाई कर जेल भेजे जाएंगे।

## हजारीबाग के चमेली झरना में डूबने से हुई युवक की मौत

**हजारीबाग।** बीते 6 जून को हजारीबाग के इचाक स्थित चमेली झरना में डूबने से एक युवक की मृत्यु हो गई। हजारीबाग के जैन मंदिर के निकट निवासी जफर अब्बास के पुत्र ज़मन अब्बास की चमेली झरना में डूब जाने की खबर से स्थानीय लोगों में अफरा तफरी मच गई। ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं यहां पिछले वर्ष भी हुई हैं, जिसमें दो युवक और एक युवती की जान चली गई थी।

## मोटरसाइकिल चोरी की घटना का बड़कागांव पुलिस ने किया उद्भेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बड़कागांव में आए दिन हो रहे बाइक चोरी की घटना का उद्भेदन किया है। एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया के बड़कागांव थाना कांड संख्या 113/ 24 धारा 379 में चोरी की गई अपाची मोटरसाइकिल जेएच 02 बीई 6984 के संबंध में गुप्त सूचना मिली के लातेहार जिला के तरवाड़ीह गांव निवासी जसीम अंसारी पिता सलीम अंसारी जो वर्तमान में टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनटीपीसी लेबर कॉलोनी में मोबाइल एवं कोल्डड्रिंक का दुकान चलाता है उसके पास चोरी का मोटरसाइकिल है। उसके साथ मोटरसाइकिल चोरी गिरोह में राजा अंसारी, अरशद अंसारी दोनों ग्राम कमता, थाना टंडवा, जिला चतरा एवं विक्की कुमार ग्राम झंडा चौक, टंडवा भी शामिल है। राजा, विक्की कुमार एवं अरशद अंसारी क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी कर जसीम अंसारी को देते हैं और वह चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने का काम करता है। उक्त सूचना के आधार पर बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार के निर्देशानुसार पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार बड़कागांव अंचल के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा टंडवा थाना के सहयोग से एनटीपीसी लेबर कॉलोनी स्थित मोबाइल एवं कोल्ड्रिंक के दुकान के मालिक जसीम अंसारी को पड़कर पूछताछ किया गया। पूछताछ के क्रम में उनके द्वारा कांड में चोरी की गई मोटरसाइकिल जेएच 02 बीई 6984 के संबंध में बताया कि उनके सहयोगी राजा अंसारी, विक्की कुमार और अरशद अंसारी के द्वारा उक्त मोटरसाइकिल को बड़कागांव से चोरी कर मुझे दिया गया था। जिससे वह अपने घर ग्राम तरवाडीह में छुपा कर रखा है। जसीम के निशानदेही पर चोरी की गई मोटरसाइकिल को जसीम अंसारी के घर ग्राम तरवाड़ीह, जिला लातेहार से बरामद किया गया। उसके बाद जसीम अंसारी के अपराध स्वीकृति बयान एवं निशानदेही के आधार पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 145/24 धारा 379 में चोरी की गई अपाचे मोटरसाइकिल जेएच 02 एएक्स 7027 को केरेडारी थाना अंतर्गत ग्राम पेटो के सुनसान स्थान से बरामद किया गया है। एसडीपीओ अमित कुमार ने कहा के चुनावी जिम्मेवारी पूरी करने के कारण मोटरसाइकिल चोरी के घटना का उद्भेदन करने में देरी हुई है। लेकिन अब किसी भी घटना पर तत्काल करवाई की जाएगी। अपराधी चाहे जो भी हो, या जिस जिस भी तरह का अपराध हो किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। क्षेत्र में ब्राउन शुगर, गांजा और नकली विदेशी शराब के कारोबार को लेकर सवाल किया गया, जिसपर अमित कुमार ने जब देते हुए कहा के इस तरह के नशा से क्षेत्र के युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है। पुलिस किसी भी कीमत पर ऐसे अपराधियों को चिन्हित कर कड़ी से करवाई करेगी। क्षेत्र से अफीम, ब्राउन शुगर, गांजा, नकली विदेशी शराब के कारोबार में शामिल लोगों को चिन्हित करने के लिए प्रयासरत है। क्षेत्र के बुद्धिजीवी, समाजसेवी, तबके को आगे आना होगा तभी ब्राउन शुगर के ऊपर पूर्ण विराम लगाया जा सकता है। अगर किसी को जानकारी हो के कहीं अफीम, ब्राउन शुगर, नकली विदेशी शराब का कारोबार हो रहा है तो पुलिस को सूचना दें सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। छापेमारी दल में मुख्य रूप से पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, एएसआई हादी खान, बसंत प्रसाद, रामनिवास सिंह, दीपक रौशन लकड़ा सहित सशत्र बल के जवान शामिल थे।

## अग्निवीर की लिखित परीक्षा में सफल युवाओं को अदाणी फाउंडेशन ने किया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अग्निवीर की लिखित परीक्षा में सफल सभी पांच छात्रों को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। बड़कागांव स्थित कोचिंग परिसर में इन युवाओं को सम्मान स्वरूप टी-शर्ट, ट्रॉफी और उच्च गुणवत्ता वाले जूते प्रदान किए गए। इन जूतों की मदद से इन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण होने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि सेना और राज्य पुलिस की भर्ती की तैयारी कर रहे पांच युवाओं ने अग्निवीर की लिखित परीक्षा में सफलता हासिल की है। पहले बैच से ही पांच अभ्यर्थियों की सफलता से अन्य युवा भी काफी उत्साहित हैं। सफल छात्रों में संजय राज, राजू यादव, भानु प्रताप, राजदीप कुमार और सुशांत शर्मा शामिल हैं। अदाणी फॉउंडेशन ने युवाओं की निःशुल्क पढ़ाई- लिखाई के साथ-साथ शारीरिक प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की है। इस पहल के तहत अदाणी फॉउंडेशन के विशेषज्ञ शिक्षक और शारीरिक प्रशिक्षक लगातार बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। इस तैयारी में युवाओं को गणित, तर्कबुद्धि, हिंदी और सामान्य ज्ञान पढ़ाया जा रहा है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह की कक्षाओं में मॉक अभ्यास के लिए टेस्ट लिए जाते हैं। शारीरिक प्रशिक्षण के दौरान इनके पोषण का भी ख्याल रखा जा रहा है। अग्निवीर की परीक्षा के अलावा फरवरी माह में हुए शॉर्ट सर्विस कमीशन, एसएससी जीडी की कंप्यूटर आधारित परीक्षा में भी 11 छात्र शामिल हुए हैं, जिनका रिजल्ट जल्द ही आने वाला है।

## एनटीपीसी : केरेडारी में प्रदूषण का कहर, हवा में जहर, 1 लाख की आबादी झेल रही परेशानी

- **एनटीपीसी केरेडारी व चट्टीबरियातू कोल माइंस पर्यावरण संरक्षण के नाम पर कोयला कंपनियों द्वारा हरियाली लाने के बजाए कागजी खानापूर्ति कर रहे हैं।**
- **जिला प्रशासन से लेकर अंचल प्रशासन के बल पर प्रदूषण नियंत्रण नियमों को ताक में रखकर कोयला खनन कार्य चालू है।**





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी ।** एनटीपीसी चट्टी बरियातू व केरेडारी कोयला खनन परियोजना के कोयले की धूल एवं ओबी की धूल से सड़क किनारे धूल से सने मुरझाये पौधे, आम होती बच्चों-बुजुर्गों की सांस फूलने की समस्या, त्वचा की बीमारी, कोलियरी क्षेत्रों की फिजां से आ रही है धूल से त्वचा की बीमारी, यह बताने के लिए काफी है कि हम केरेडारी, चट्टीबरियातू, पाण्डु, कावेद, बेंगवरी में किस प्रदूषित वातावरण में जी रहे हैं लोग. इसे रोकने के लिए कई कार्य योजनाएं शुरू की गयी हैं, लेकिन जमीन पर यह कार्य योजना अभी भी नाकाफी साबित हो रही है.हवा में धूलकण तय मानक से अधिक = पूरे केरेडारी प्रखण्ड में प्रदूषण की सबसे बड़ी वजह हवा में मौजूद धूलकण है. उसकी मात्रा में दिन प्रति दिन इजाफा दर्ज किया जा रहा है. आज आलम यह है कि ग्राम केरेडारी, चट्टीबरियातू, पाण्डु, कावेद, बेंगवरी, लोचर, जोरदार के सबसे हरे-भरे क्षेत्रों में थे लेकिन कोयले की धूल एवं ओबी की धूल से सड़क किनारे धूल से सने मुरझाये पौधे दिखा रहे है कैसे यहां के लोगों के जीवन के साथ किस तरह से खिलवाड़ किया जा रहा है ।

**ओपेन कास्ट माइनिंग**

केरेडारी की हवा में सबसे अधिक जहर कोयला घोल रहा है. इसकी वजह से लोग सांस और स्कीन से संबंधित गंभीर बीमारियों से पीड़ित होते जा रहे हैं. चट्टीबरियातू व केरेडारी कोयला खनन परियोजना में अभी सबसे अधिक कोयला का उत्पादन ओपेन कास्ट माइंस से हो रहा है. यही माइंस प्रदूषण का सबसे प्रमुख स्रोत भी साबित हो रही है. इनके खनन के दौरान होने वाली ब्लास्टिंग की वजह से बड़ी मात्रा में धूलकण हवा में पहुंच इसे प्रदूषित कर रहे हैं. विशेषज्ञों के अनुसार इसके साथ यहां कोयला और ओवर बर्डेन की अवैज्ञानिक तरीके से होने वाले ट्रांसपोर्टिंग और डंपिंग की वजह से भी काफी मात्रा में धूलकण हवा में पहुंच जा रहे हैं. पर्यावरण संरक्षण के नाम पर कोयला कंपनियों द्वारा हरियाली लाने और कोयला क्षेत्र की जमीन को बचाने का दावा अब तक बहुत असरदार साबित नहीं हो रहा है.

**क्या कहते है आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी:**

आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने कहा कि प्रदूषण के इस महाकाल की समस्या से केरेडारी के साथ साथ संपूर्ण बड़कागांव विधानसभा की जनता भी जुझ रहे है,जिसपर यहां स्थापित कोल कंपीनिया विस्थापितों एवं प्रभावितों के साथ अपना मनमानी रवैया अपनाई हुई हैं,आम जनमानस की जीवन खतरे में है।इस मामले को लेकर मैं सांसद भवन दिल्ली एवं कोयला मंत्रालय में शिकायत करेंगे ।

**क्या कहते है पाण्डु पंचायत मुखिया:**

पाण्डु मुखिया सकीबा खातून ने कहा कि इतनी धूल उड़ती है पाण्डु पंचायत में की आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है कोल कंपनी पानी का छिड़काव नही करती है कंपनी गांव वालो को सीएसआर फंड से पानी भी नहीं दे रही टैंकरों के माध्यम से एवं गांव में पौधा रोपण का भी कार्य नही कर रही है इस विषय को लेकर खान सुरक्षा महानिदेशालय से शिकायत करेंगे ।

**क्या कहते है केरेडारी पंचायत मुखिया पति:**

केरेडारी मुखिया पति बैजनाथ महतो ने कहा कि प्रदूषण इतनी बढ़ गई है केरेडारी क्षेत्र में की लोग तरह तरह की बीमारियों से ग्रेसित हो रहे इसे देखते हुए कोल कंपनिया पानी का छिड़काव एवं पौधा रोपण का कार्य प्रारंभ करे कंपनी इस तरह की कार्य नहीं करती है तो बाध्य होकर आंदोलन करेंगे ।

## हर घर नल जल योजना के तहत नगर परिषद वार्ड 13 और 14 के लोगों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करवाया गया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर घर नल जल योजना के तहत शुक्रवार को नगर परिषद रामगढ़ वार्ड 13 और 14 अरगड्डा के झोपड़ी बस्ती सुभाष नगर अंबेडकर नगर चौहान मोहल्ला कब्रिस्तान मोहल्ला इंदिरा चौक माइनस क्वार्टर अरगड्डा खटाल चेक पोस्ट नीचे थोड़ा बनिया मोहल्ला रोलर चौक मस्जिद मोहल्ला नोनियाटांड़ इन सभी जगह में हर घर नल से जल योजना के तहत में सरकारी पाइपलाइन से जल उपलब्ध कराया जाएगा। इसी के तहत में समाजसेवी रंजीत पासवान ने झोपड़ी बस्ती के हर घर में नल जल कनेक्शन के लिए जूताको कंपनी के कर्मचारियों द्वारा जीपीआरएस ऑनलाइन आवेदन करवाया इन सभी जगह पर कुछ ही महीनो के अंदर सरकारी पाइपलाइन से जल उपलब्ध कराया जाएगा इसके लेकर झोपड़ी बस्ती के ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त किया। मुख्य रूप से समाजसेवी रंजीत पासवान रतन लाल ऋषि दीपक उरांव दिनेश नायक अजय कुमार अजीत कुमार बसंती देवी आरती देवी सरिता कुमारी उपस्थित थे।

## एचईसी और लायंस क्लब का जांच एवं कैंसर जागरूकता शिविर आज

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पारस एचईसी रांची एवं लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के सौजन्य से शनिवार को ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम में सुबह 11 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक निःशुल्क हृदय जांच एवं कैंसर जागरूकता शिविर लगाया जायेगा। शिविर में विशेषज्ञ डॉ. महेश कुशवाहा कंसल्टेंट कार्डियोलॉजी एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन), डीएम ( कार्डियोलॉजी) द्वारा मरीजों का निःशुल्क हृदय जांच कर उचित परामर्श दिया जायेगा। साथ ही कैंसर से गंभीर बीमारी से बचाव को लेकर जागरूक करते हुए उचित परामर्श दिया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए लायन अशोक सिन्हा, लायन अखिलेश शर्मा, लायन राजेंद्र महतो व लायन विजंयत कुमार ने बताया कि शिविर में बीपी, आरबीएस, एसपीओ-2 एवं ईसीजी आदि का निःशुल्क जांच की जायेगी।

## एकल अभियान ने निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का किया आयोजन, सैंकड़ों लोग हुए शामिल




**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां पंचायत के हेमतपुर गांव में एक अभियान के द्वारा एकल आरोग्य के तहत शुक्रवार को निः शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, नेत्र जांच शिविर का संचालन हेमतपुर गांव की आरोग्य सेविका सुशीला देवी ने किया। सुशीला देवी ने शिविर से एक दिन पूर्व गांव के सभी लोगों को कैंप की सूचना दी थी। गांव के सैकड़ों लोगों ने शिविर में शामिल होकर अपने नेत्रों का जांच करवाया,कैंप में जांच के पश्चात लोगों को दवा भी दिया गया,जिनको चश्मा की आवश्यकता पड़ी है उन लोगों को उनके पवार के अनुसार चश्मा बनाकर एक सप्ताह बाद चश्मा दिया जाएगा।एकल अभियान के इस मोबाइल आई वाहन में आंखों के जांच के लिए आधुनिक मशीनें लगी हुई। आंखों का जांच ऑफ्थलमिक टेक्नीशियन दीपक दास के द्वारा किया जाता है। एकल अभियान के द्वारा निः शुल्क नेत्र जांच शिविर पूरे गोला प्रखंड क्षेत्र में चार से पांच महीनों तक लगभग चलाया जाएगा। मौके पर पूर्व वार्ड सदस्य जगेश्वर रजवार, तिलचंद महथा,अतेश्वर महतो, दशमी देवी,शक्ति देवी,एतवरिया देवी,संजय महतो,देवगन महथा, आर्यन पटेल आदि लोग मौजूद थे।

## एनसीसी का 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 45 झारखण्ड बटालियन एन.सी.सी कोडरमा के द्वारा 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 45 झारखण्ड बटालियन एन.सी.सी कोडरमा, ग्रुप हेडक्वाटर हजारीबाग के अन्तर्गत लेफ्टिडेन्ट कर्नल विजय कुमार, एस.एम, (सेना मेडल) के दिशानिर्देश में ए.टी.सी कैम्प का आयोजन जगत्राय जैन महाविद्यालय में 6 जून से 15 जून तक दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया जा रहा है। इस कैम्प में कोडरमा जिले के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों से 500 कैडेट भाग ले रहे है। इस कैम्प में ड्रिल, मैप रीडिंग, फील्ड सिग्नल, वेपन ट्रेनिंग की कक्षाए संचालित की जायेगी। आज लेफ्टिडेन्ट कर्नल विजय कुमार, एस.एम, (सेना मेडल) ने प्रथम संबोधन में एन.सी.सी के महत्व के विषय में विस्तार से सभी कैडेट के सामने बताया कि एन.सी.सी के माध्यम से अच्छे नागरिक का निर्माण किया जा सकता है। प्रशिक्षण के माध्यम से भारतीय सेना में भर्ती हो सकते है। इस कैम्प में विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा सामाजिक कुरीतियों से उत्थान के बारे में जानकारी दी जायेगी। एस कैम्प में कैडेटों को आग के प्रकार, आग के दौरान उपयोग होने वाले उपकरण तथा घरों में आग से बचाव की जानकारी दी जायेगी। कैडेटों के लिए खेल कूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। किस प्रकार से एन.सी.सी के कैडेट्स समाज में जागरूकता ला सकते है एवं विभिन्नता भरे समाज को संगठित कर सकते है। संगठित समाज ही देश एवं राज्यों को विकसित बना सकता है। पूरे कैम्प को सूचारू रूप से से संचालित करने के लिए ऑनरेरी लेफ्टिटेंड रमेश कुमार राय, एन.सी.सी. ऑफिसर लेफ्टिटेंड (डॉ) विजेन्द्र कुशवाहा, लेफ्टिटेंड सुरज वर्मा, लेफ्टिटेंड संतोष कुमार, सुवेदार आलोक कुमार, सुबेदार अभय नारायण ठाकुर, सुबेदार सुदीप सरकार, नायक सुबेदार घसीटा राम, सुबेदार एस डी भगत, श्री रामोचित कुमार, श्री सिद्धार्थ कुमार तत्परता से लगे हुवे है।

## आरजेएसएस ने विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले भर में किया विभिन्न गतिविधि का अयोजन

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आर जे एस एस ने विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले भर में विभिन्न गतिविधि का अयोजन किया । प्रत्येक वर्ष की भाती राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रभात फेरी, वृक्षारोपण, चित्रांकन प्रतियोगित,निबंध प्रतियोगिता एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम उद्देश्य है लोगों में पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता एवं जबाबदेही बढ़े और चेतना जागृत हो। झलक डीह, बेलाडीह,जगदीशपुर, चोपनाडीह, पचाने, हदहदावा, रतनपुर, धुरसाही, नावाडीह, जमटोटो, भागा डीह सहित सैंकड़ों गांव में जहां प्रभात फेरी का आयोजन किया गया वहीं चित्रांकन प्रतियोगिता,निबंध प्रतियोगिता संकल्प सभा के साथ 211 नीम,अमरुद, कारंज, जामुन,सहजन, सम्मी इत्यादि के पौधे लगाए गए हैं । इस कार्यक्रम में बाल मंच के सदस्य, ग्राम बाल संरक्षण समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं सरकारी कर्मचारी प्राधिकारी शामिल हुए। सिमरिया पंचायत के मुखिया श्री मति सुनिता देवी ने संबोधित करते हुए कहा के पर्यावरण दिवस के अवसर पर बच्चों को प्रेरित करने एवं पर्यावरण संरक्षण का। संदेश देने के लिए इस तरह का प्रेरणादाई कार्यक्रम आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान परिवार को बहुत-बहुत धन्यवाद और साधुवाद देती हुं। संस्थान वृक्षारोपण कार्यक्रम को लेकर आगे बढ़े जितना पौधे की आवश्यकता होगी पंचायत की ओर जीतना पौधा की जरुरत होगी से मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा यह बात मुखिया पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक संयुक्त रूप से कह ।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएल/ओपी/आरएनसी/कुकिंग/मुरी/24, दिनांक 06.06.2024**; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल विद्युत अभियंता (ओपी)-I, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** रनिंग रूम/मुरी में 03 वर्षों (1095 दिन) की अवधि के लिए भोजन पकाने एवं परोसने हेतु आउटसोर्सिंग। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 60,85,462.50; **ईएमडी/बोली सुरक्षा:** रु. 1,21,700; **बंद होने की तारीख एवं समय:** 27.06.2024 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकता है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्यक होना चाहिए तथा आवश्यक रूप से आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। ई-निविदा प्रणाली में सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता भाग ले सकते हैं। (PR-227)

# लेवी के लिए सड़क निर्माण कार्य में लगे कंपनी के लोगों को पीटा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** बरकाकाना ओपी क्षेत्र में इन दिनों लगातार अपराधीक घटनाओं का इजाफा हो रहा है। जिस पर अंकुश लगाने में पुलिस असफल हो रहीं हैं। क्षेत्र में बरकाकाना ओपी, रेल थाना व आरपीएफ पोस्ट होने के बावजूद इन दिनों विभिन्न गिरोह के सदस्य व उग्रवादी संगठन से ताल्लुक रखने वाले लोगों द्वारा क्षेत्र के विकास कार्य में लगे विभिन्न कंपनी के लोगों को डरा धमका कर लेवी वसूली करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तरह का मामला बरकाकाना ओपी से महज 1किलोमीटर की दूरी पर महाराष्ट्र सोलापुर की कंपनी एवरेस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर कंपनी द्वारा रामगढ़ पतरातु मुख्य मार्ग में लगभग 15 करोड़ की लागत से 27 किलोमीटर तक 40 एमएम मोटी लेयर चादर चढ़ाने का काम किया जा रहा है। जहां बीते रात कुछ हथियारबंद नकाबपोश लोग कंपनी के साइड में पहुंचकर लेबी वसूली किए जाने के उद्देश्य से मजदूरों के साथ मारपीट कर काम को बंद करवा दिया गया। हथियारबंद नकाबपोश अपराध कर्मियों ने अपने आप को पीएलएफआई उग्रवादी संगठन का सदस्य बताते हुए काम को बंद करवाते हुए संगठन से बात कर करने के बाद काम शुरू करने की चेतावनी देते हुए चले गए। कंपनी द्वारा यातायात सुचारू बनाए रखे जाने को लेकर रात में काम करवाई जाती थी। अपराध कर्मियों द्वारा दिए गए धमकी के बाद से ही कंपनी के मजदूरों में दहशत का माहौल है। मजदूरों का डरे सहमे होने के कारण कंपनी द्वारा दिन के उजाले में काम किया जा रहा है। ज्ञात होगी इसके पूर्व भी बरकाकाना रेल थाना के अंतर्गत स्टेशन के विकास कार्य में लगे कंपनी के लोगों को अपराध कर्मियों द्वारा लेवी वसूली किए जाने के उद्देश्य से धमकी दिए जाने की भी बात सामने आई थी।

**क्या कहते हैं बरकाकाना पुलिस**

महाराष्ट्र सोलापुर की कंपनी एवरेस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर कंपनी मे घटित घटना के संबंध में पूछे जाने पर ओपी प्रभारी अख्तर अली द्वारा इस कोरा अफवाह बताया।

## पतरातू थाना क्षेत्र के तालातांड स्थित पेट्रोल पंप में अज्ञात अपराधियों ने चलाई गोलियां





प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** रामगढ़ के पतरातू थाना क्षेत्र में तालातांड स्थित भारत पेट्रोलियम में अज्ञात अपराधकर्मियों ने गुरुवार देर रात गोलियां चलाई है। फायरिंग कर दहशत का माहौल बना दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बाइक सवार दो अपराधियों ने पेट्रोल पंप के मालिक मो शमशेर को खोजते हुए चार राउंड गोलियां चलाई है । और फिर हथियार लहराते हुए वापस चलें गए। जिसके बाद आसपास दहशत का माहौल है। घटना का सूचना मिलने पर पतरातु थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, एसडीपीओ बिरेंद्र राम ने घटनास्थल से चार खोखा बरामद कर मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज में गोली चलाने का घटना कैद हुआ । सीसीटीवी से अपराधियों का पहचान किया जा रहा हैद्य इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है लोग लगातार डरे हुए महसूस कर रहे हैं। पुलिस के द्वारा सीसीटीवी के आधार पर जांच अभियान चलाया जा रहा है।

## खुशियों के साथ लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सकारात्मक सोच जरूरी : मुकेश सिंह चौहान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी परियोजना के पोटंगा बेसवकशॉप में स्थित विश्राम हॉल में शुक्रवार को खुशी चौपाल का आयोजन खुशी क्लास और लाइफ केयर रांची के संयुक्त बैनर तले किया गया। जिसकी अध्यक्षता उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार ने किया। वहीं इस खुशी चौपाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खुशी क्लास के संस्थापक मुकेश सिंह चौहान रहे। खुशी क्लास के स्थांपक मुकेश सिंह चौहान ने सभी कर्मचारियों को बताया कि कैसे अपने जीवन में खुश रहना चाहिए, सकारात्मक होना चाहिए,कभी भी अपने जीवन में तनाव /टेंशन को खुद पर हावी नहीं होने देना चाहिए, किसी भी परिस्थिति में हमें सकारात्मक सोच रखनी चाहिए।? सभी अच्छी बातों को खुद में आत्मसात करना चाहिए, अंक किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व का पैमाना नहीं है। बल्कि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें अपने जीवन में ÷ मुझे यह करना है÷ यह सोच रखना चाहिए ना कि ÷यह होना चाहिए÷यह सोच। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच मनुष्य को सफल बनाता है। चौहान ने सकारात्मकता से सजी कहानी भी सुनाई- एक 25 साल की युवती अपने पिता के साथ ट्रैन में सफर कर रही थी। खिड़की से बाहर देखते हुए जोर से चिल्लाई- पिताजी देखो ये पेड़ पीछे जा रहे हैं। पिता मुस्कुरा दिए। पास में बैठे लोगों ने सोचा, लड़की इतनी बड़ी है और इसका व्यवहार बच्चों के जैसा है। शायद ये लड़की मानसिक रूप से कमजोर है। कुछ देर में युवती फिर चिल्लाई- पिताजी देखो ये बादल हमारे साथ दौड़ रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से खान प्रबंधक पीके सेन गुप्ता, खान सेफ्टी ऑफिसर विजय प्रसाद,सेल्स ऑफिसर पीके गुप्ता, इंजीनियर (ईएंडएम ) सुनील कुमार, विजय सिंह, गणेश राम, राजकुमार महतो, डीपी मेहता, प्रमोद कुमार, एसपी सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## 10 जून से 12 जून तक खुला रहेगा हेल्प डेस्क, पीएफ संबंधित होंगे कार्य : अंबा प्रसाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुण्डा :** भुरकुंडा ग्लास फैक्ट्री में कार्य करने वाले वर्कर्स के लिए राहत की खबर है। स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के पहल पर रांची स्थित भविष्य निधि कार्यालय में 10 जून से 12 जून तक हेल्प डेस्क बनाया जाएगा जहां भुरकुंडा ग्लास फैक्ट्री में कार्य करने वाले वर्कर्स के लिए पीएफ सुनिश्चित करने हेतु कार्य किया जाएगा। विधायक अंबा प्रसाद ने दिन शुक्रवार को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अजितेश कुमार से मुलाकात करके वर्कर्स की समस्याओं से अवगत कराया था जिसके बाद वर्कर्स को उनका पीएफ मिल सके इसलिए विधायक अंबा प्रसाद की मांग पर हेल्प डेस्क बनाया जा रहा है। विधायक ने सभी वर्कर्स से अपील किया कि ससमय पीएफ हासिल करने हेतु प्रक्रिया को पूर्ण कर ले। जिसमें मुख्य रूप से ग्लास फैक्टरी के कर्मी रामशरण गिरी ,नागेंद्र प्रसाद, शिवकुमार शर्मा, अजय जी ,मिथिलेश जी ,संतोष ओझा, संजय श्रीवास्तव, लाल मुनी चौबे, रत्नाकर स्वर्ण एवं आदि उपस्थित थे।

## व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में भूमि और राजस्व मामले से संबंधित बैठक का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झालसा रांची के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में आज विशेष लोक अदालत (भूमि और राजस्व मामले) से संबंधित बैठक की गई। इस बैठक का नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा आलोक कुमार दुबे ने की। इस बैठक में डी0डी0सी0 रामगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, भूमि सुधार उप समाहर्ता रामगढ़, कार्यपालक दंडाधिकारी रामगढ़, सरकारी वकील रामगढ़, महाप्रबंधक (भूमि एवं राजस्व) सेंट्रल कोलफिल्ड्स लिमिटेड दरभंगा हाउस राँची, टाटा बेस्ट बोकारो के अधिकारी, डालसा सचिव अनिल कुमार उपस्थित थे। डालसा अध्यक्ष ने भूमि और राजस्व मामले से संबंधित दस्तावेजों के साथ उससे संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि इस विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक केस का निपटारा करें। साथ ही यह बताया की विशेष लोक अदालत का आयोजन दिनांक 29 जून 2024 को की जा रही है। इस विशेष लोक अदालत में भूमि और राजस्व से संबंधित जो मामले न्यायालय तथा अनुमंडल में लंबित है इसका निपटारा इस विशेष लोक अदालत में सुलहनीय तरीके से किया जाएगा। इस बैठक में भूमि और राजस्व के न्यायलयों में लंबित मामले के निष्पादन के लिए अग्रिम कार्रवाई के लिए निर्देश दिया गया ताकि इस विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक भूमि और राजस्व मामले केस का निष्पादन हो सके।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची**

**विज्ञापन संख्या – DLSA/01/2024**

1. माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, राँची के पत्रांक संख्या 1575 दिनांक 24.05.2024 के आलोक में लीगल ऐड डिफेन्स काउंसिल (LADC), रांची (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची) में पूर्णतः संविदात्मक (Purely Contractual) रूप से कार्यालय लिपिक/रिशेप्सनिष्ट/डाटा इंट्री ऑपरेटर और अनुसेवक/मुंशी/परिचारक के पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से विहित पत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त पदों पर नियुक्ति प्रारंभिक रूप से एक वर्ष के लिए की जायेगी तथा सक्षम प्राधिकारी के पर्यवेक्षण में संतोषजनक सेवा के आधार पर अगले एक वर्ष के लिए सेवा विस्तार किया जा सकेगा।
2. रिक्तियों की विवरणी निम्नांकित है :–
1. कार्यालय लिपिक/रिशेप्सनिष्ट/डाटा इंट्री ऑपरेटर – पदों की संख्या :– 01
2. कार्यालय अनुसेवक/मुंशी/परिचारक – पदों की संख्या :– 01
3. शैक्षणिक योग्यता एवं मानदेय :– पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता एवं मानदेय निम्न प्रकार है :–

| क्रम संख्या | पदनाम | मानदेय | अनिवार्य योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्यालय लिपिक / रिशेप्सनिष्ट / डाटा इंट्री ऑपरेटर | 18,000/– प्रतिमाह (न्यूनतम वेतन अधिनियम के प्रावधानों एवं इस संबंध में जारी आदेशों का पालन किया जायेगा) | 1. स्नातक उत्तीर्ण<br>2. कम्प्यूटर में दक्षता (Diploma / Advance Diploma / Post Graduate Diploma in Computer Applications)<br>3. हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग<br>4. डाटा इंट्री का ज्ञान |
| 2. | कार्यालय अनुसेवक / मुंशी / परिचारक | 12,500 /– प्रतिमाह (न्यूनतम वेतन अधिनियम के प्रावधानों एवं इस संबंध में जारी आदेशों का पालन किया जायेगा) | मैट्रिक उत्तीर्ण या समकक्ष। |

4. उम्मीदवार भारत का नागरिक हो, मानसिक, शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, नैतिक चरित्र अच्छा हो एवं किसी आपराधिक आचरण वाले किसी मामले में वांछित या सजायाफ्ता न हो तथा विवाहित होने की स्थिति में उनका एक से अधिक जीवित पत्नी / पति न हो।
5. उपरोक्त पदों पर उम्मीदवारों की उम्र सीमा दिनांक 04.06.2024 को कम से कम 18 वर्ष तथा सामान्य जाति के लिए अधिकतम 35 वर्ष, पिछड़ी जाति /अत्यंत पिछड़ी जाति के लिए अधिकतम 37 वर्ष, महिलाओं के लिए अधिकतम 38 वर्ष तथा अनुसूचित जाति/जनजाति (पुरूष/महिला) के लिए अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।
6. अपनी उम्र, शैक्षणिक तथा वांछित योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ अवश्य संलग्न करें।
7. उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र देवनागरी लिपि में न्यायायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची को संबोधित करते हुए विहित प्रारूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में विज्ञापन की तिथि से कार्यालय अवधि के दौरान सुबह 7.00 बजे से अपराहन 1.00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा हाथों–हाथा जमा कर सकते है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 19.06.2024 है। अंतिम तिथि पर आवेदन अपराहन 1.00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा हाथों–हाथ स्वीकार किये जायेंगे। उपरोक्त तिथि और समय के उपरान्त प्राप्त होनेवाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
8. महत्वपूर्ण निर्देश :–

I. आवेदन पत्र का प्रारूप व्यवहार न्यायालय, रांची की वेबसाइट www.districts.ecourts.gov.in/ranchi से डाउनलोड किया जा सकता है।
II. आवेदकों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
III. उम्मीदवार एक आवेदन पत्र पर केवल एक ही पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।
IV. उपरोक्त वांछित सूचनाएँ किसी प्रकार से अपूर्ण होने पर अथवा वांछित प्रमाण पत्र संलग्न नहीं रहने पर उम्मीदवार का आवेदन किसी भी समय रद्द कर दिया जायेगा और तत्सम्बन्धी किसी भी प्रकार का पत्राचार अमान्य होगा।
V. उम्मीदवार द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को किसी भी रूप से प्रभावित करने के प्रयास को उनकी अयोग्यता मानते हुए उनकी अभ्यर्थिता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी जाएगी।
VI. लिफाफे के उपर विज्ञापन संख्या, आवेदित पद का नाम बड़े–बड़े एवं साफ अक्षरों में लिखा जाना आवश्यक है।
VII. वर्तमान विज्ञापन में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा निरस्तीकरण का अधिकार झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची के निर्देशानुसार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
VIII. परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने पर कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

नोट :– विहित समय के अंदर प्राप्त आवेदनों की जांच कर माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची को अग्रसारित कर दिया जायेगा तथा आगे की प्रक्रिया माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के द्वारा / निर्देशानुसार पूर्ण की जायेगी।

IX. आवेदन भेजने का पता (निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट)

सेवा में,
न्यायायुक्त–सह–अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
व्यवहार न्यायालय, रांची (झारखण्ड) पिन – 834001

ह0/–
न्यायायुक्त–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची

PR 325385 Law(24-25).D

## विमल बुधिया गुट ने चलाया सघन चुनाव प्रचार अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** श्री सत्यनारायण मंदिर एवं मारवाड़ी धर्मशाला के 11 सदस्यों के होने वाले चुनाव के लिए विमल बुधिया गुट ने सघन चुनाव प्रचार करते हुए एवं रामगढ़ शहर के गोल रोड, मैन रोड,रांची रोड, मरार, साडी बरकाकाना एवं अन्य स्थानों में समाज के सदस्यों से संपर्क कर उनके सभी 11 प्रत्याशियों के पक्ष में मत देने का अनुरोध किया। इस अवसर पर विमल बुधिया ने बताया कि हम समाज के जिन भी सदस्यों के पास जा रहे हैं उनका धर्मशाला के नव निर्माण के लिए हमारा हमारी टीम को पूर्ण समर्थन मिल रहा है हमें विश्वास है कि हमारी टीम के सभी 11 सदस्य निर्वाचित होंगे, हमारी टीम का एक ही उद्देश्य है कि समाज के प्रबुद्ध सामाजिक बंधुओ से मार्गदर्शन एवं सहयोग लेकर धर्मशाला का नव निर्माण किया जाए उन्होंने बताया हमारी टीम के सभी सदस्य समाज के प्रत्येक वर्ग को यह आश्वस्त करते हैं कि हमारी टीम जीत के आने के पश्चात दो वर्षों में धर्मशाला परिसर में नवनिर्मित, जी प्लस फोर की खूबसूरत बिल्डिंग का निर्माण करेंगे जिसमें 30 से 40 कार पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी साथ ही 40 वतानुकूलित रूम भी बनाए जाएंगे 5000 वर्ग फीट का एक बड़ा हॉल एवं छोटे-छोटे हॉल के साथ सुव्यवस्थित रसोई घर ,स्टोर रूम आदि का निर्माण किया जाएगा, इस अवसर पर उनके टीम के अन्य प्रत्याशी मुरारी अग्रवाल अरविंद गोयल, मनोज बंसल, श्यामसुंदर शर्मा, उमेश राजगढ़िया, हरीश कुमार चौधरी, आयुष अग्रवाल, प्रवीण कुमार अग्रवाल, सावरमल अग्रवाल उपस्थित थे।

# बलियापुर बीडीओ ने अपने क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार दिनांक 07.06.2024 को प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर, राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा प्रखंड अंतर्गत सुरुंगा, अलकडीहा और आमझर पंचायत में मनरेगा, अबुआ आवास योजना और 15 में वित्त आयोग की योजनाओं का निरीक्षण किया गया। सुरुंगा और आमझर पंचायत में मनरेगा के तहत बिरसा सिंचाई कूप योजना का निरीक्षण करते हुए योजना से संबंधित सूचना पट्ट लगाने का निर्देश संबंधित रोजगार सेवक को दिया गया। साथ ही सुरुंगा और अलकडीहा पंचायत में अबुआ आवास योजना तथा 15 में वित्त आयोग के योजनाओं का निरीक्षण किया गया। अबुआ आवास को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश लाभुक को दिया गया। उक्त तीनों पंचायत में योजनाओं के क्रियान्वयन विभागीय नियमानुसार करने के लिए संबंधित पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रखंड कार्यालय कक्ष में सभी रोजगार सेवकों को मनरेगा के तहत आम बागवानी, बिरसा सिंचाई कूप, मानव दिवस सृजन, पोटो हो खेल मैदान आदि महत्वपूर्ण आयामो में अपेक्षित प्रगति करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा विशाल कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी मोहम्मद आलम, संबंधित कनीय अभियंता, संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक एवं मुखिया मौजूद रहे।

# आज और कल विद्यालय स्तर पर खेल का होगा आयोजन : ज़िला शिक्षा पदाधिकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह सम्हातन8 सभागार में जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक की अध्यक्षता में सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं खेल शिक्षक के साथ समाहरणालय सभागार कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से सुब्रतो राय फुटबॉल टूर्नामेंट की समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। दिनांक 8 से 9 जून तक विद्यालय स्तर पर खेल का आयोजन किया जाना है एवं तीन तैयार कर खिलाड़ियों की सूची प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराई जाएंगे। प्रतिस्पर्धा दो समूह के लिए अलग-अलग होगी अंडर 15 में वैसे बच्चे भाग लेंगे जिनकी आयु 1 जनवरी 2010 के बाद की एवं अंदर 17 में भाग लेने वाले बच्चों की आयु सीमा 1 जनवरी 2008 से 1 जनवरी 2010 तक की हो। प्रखंड स्तरीय टूर्नामेंट में आवश्यक सुविधाएं जैसे




ग्राउंड तैयार करना,मार्किंग करना, मेडिकल किट/first aid kit की व्यवस्था, मेडिकल टीम ,नींबू पानी ORS इत्यादि की समुचित व्यवस्था की जानी है। यदि भाग लेने वाले टीम की संख्या ज्यादा हो तो दो-तीन अलग-अलग ग्राउंड में मैच कराया जा सकता है। बच्चों को बैठने के लिए शेड की व्यवस्था की जाए एवं विजेता एवं उपविजेता के लिए प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार ट्रॉफी, मेडल इत्यादि की व्यवस्था की जानी है। 1 दिन में जितना मैच संभव हो उतनी ही टीम को बुलाया जाए और फिर अगले दिन अन्य टीम को बुलाया जा सकता है।बैठक में ट्रांजिशन रेट पर चर्चा की गई जिसके लिए विस्तृत दिशा निर्देश उपलब्ध कराया गया है। प्रत्येक कक्षा में विगत साल के नामांकित बच्चों को इस वर्ष अगली कक्षा में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाना है। विशेष रूप से कक्षा 5 से 6 कक्षा 8 से 9 एवं कक्षा 10 से 11 में ट्रांजिशन सुनिश्चित किया है। इस हेतु संकुल स्तर पर या प्रखंड स्तर पर प्राथमिक कक्षा , उच्च प्राथमिक कक्षा एवं माध्यमिक कक्षा के प्रधानाध्यापक का समन्वय आवश्यक होगा। मिशन लाइफ एवं इको क्लब गतिविधियों पर चर्चा की गई तथा प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय को 3500 मध्य विद्यालय के लिए 10000 एवं उच्च विद्यालय के लिए 15000 का का प्रावधान विद्यालय स्तर पर पौधारोपण के लिए किया गया है।

## उसरी नदी पर बने नए पुल का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** जिला अंतर्गत बरगंडा से सिरसिया को जोड़ने वाली बहु प्रतीक्षित उसरी नदी पर बनाए गए नए पुल का उद्घाटन शुक्रवार को विधिवत रूप से गिरिडीह सदर विधायक सोनू विश्वकर्मा ने किया। सदर विधायक सुदीब्य कुमार सोनू बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वही मौके पर पूर्व विधायक लक्षमण स्वर्णकार, संजय शर्मा, लखन राम समेत इलाके के कई प्रमुख जाने माने लोग मौजूद थे। उद्घाटन से पूर्व सभी प्रमुख लोगों का अभिनंदन किया गया उसके बाद विधिवत रूप से नारियल फोड़कर और शीलापट्ट हटाकर इस नए पुल ( पुराना पुल ) से विख्यात का महत्वपूर्ण पुल का उद्घाटन किया गया। बताया गया कि पहले इसका उद्घाटन गुरुवार 6 जून को ही होना था। लेकिन आचार संहिता की वजह से 7 जून को इसका उद्घाटन हुवा। इस पुल के उद्घाटन होने से आसपास के लोगों में खुशी की लहर देखी जा रही है। बताया गया की नदी के उस पर के कई गांवों को शहर से जोड़ने वाली यह बेहद महत्वपूर्ण पुल है। इसके नहीं रहने से लोगों को काफी समस्या आ रही थी जो अब नहीं होगा।

# पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन ने किया सेनेटरी पैड का वितरण एवं वृक्षारोपण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** केन्द्रीय रेलवे महिला कल्याण संगठन, नई दिल्ली की 'दस्तक' योजना के तहत पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा के नेतृत्व में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज दिनांक 07.06.2024 को यादव कॉलोनी/दीघा, पटना में रहने वाली कमजोर वर्ग की महिलाओं एवं लड़कियों के बीच सेनिटरी पैड का वितरण किया गया । पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा द्वारा महिलाओं को सेनिटरी पैड के उपयोग एवं स्वच्छता की महत्ता के बारे में जरूरी जानकारी दी गयी । ज्ञातव्य हो कि केन्द्रीय महिला कल्याण संगठन, रेलवे बोर्ड द्वारा कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए पर्यावरण के अनुकूल कम मूल्य के



सैनेटरी पैड के वितरण हेतु लाभ-हानि रहित मूल्य पर सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने के उदेश्य से 'दस्तक' योजना बनायी गयी है, जो कि काफी लोकप्रिय है। इसके साथ ही पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा के मार्गदर्शन में संगठन की सदस्याओं द्वारा आज पाटलिपुत्र रेल परिसर में वृक्षारोपण किया गया । संगठन की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने हरियाली के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए । यह कार्यक्रम विभिन्न स्थानों पर अगस्त महीने तक पूरे पूर्व मध्य रेल में चलाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक वृक्षारोपण हो सके । उपरोक्त दोनों कार्यक्रमों में पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की सचिव श्रीमती मीनाक्षी कुमार एवं कार्यकारिणी की अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं ।

## महुदा के होटलों में खुलेआम परोसी जाती है अवैध नकली शराब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा क्षेत्र में अवैध शराब के काले कारोबार मे डुबा हुआ है। होटलो में वीयर- बार के निरस्त लाईसेंस के बावजूद यहाँ के होटल संचालक तमाम सेटिंग के बल पर ग्राहकों को असली की जगह नकली शराब पिलाते है और मौत का सौदागर बनते है। असली और नकली शराब के इस बड़े व्यापार का आलम यह है कि सीमा क्षेत्र के एक छोर तेलमोच्चो पूल से लेकर दुसरी छोर कतरी नदी पूल तक पड़ने वाले तमाम नामी-गिरामी होटलों, अन्य दुकानों में धड़ल्ले से नकली शराब विक्री की जा रही है।

## शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू पदार्थ की बिक्री पर रोक

**डुमरी :** डुमरी अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी निजी एवं सरकारी स्कूल, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय के 100 गज की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की है,इसे लेकर बताया गया है की कोटपा एक्ट के तहत किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में सिगरेट या किसी अन्य तंबाकू पदार्थ की बिक्री पर रोक है। इसे देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी डुमरी, गिरिडीह द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए डुमरी, अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी निजी एवं सरकारी स्कूल, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय के 100 गज की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है, जो निम्न प्रकार है । कोई भी व्यक्ति सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पाद नहीं बचेगा, बिक्री के लिए पेश नहीं करेगा तथा बिक्री की अनुमति नहीं देगा।

## प्रवासी मजदूर का शव मुंबई से पहुंचा गांव, पूर्व विधायक एवं जिप उपाध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के कपिलो पंचायत के ग्राम रजमनिया निवासी बांधो साव का 32 वर्षीय पुत्र प्रकाश साव का देहान्त मुंबई में हृदयघात के कारण बीती सुबह को हो गया था, जिसका शव आज मुम्बई से हवाई मार्ग से मृतक का पैतृक निवास रजमनियां पहुंचा जिसकी सूचना मिलते हीं बगोदर विधानसभा के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो एवं जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव उनके निवास स्थान पहुंचकर अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदना प्रकट किया और पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाया। मृतक मुंबई में विगत दस वर्षों से ऑटो रिक्शा चला कर अपने परिवार का पालन पोषण किया करता था, वह अपने पीछे पत्नी प्रिया देवी समेत दो छोटे छोटे पुत्री एवं एक पुत्र को छोड़ गया। मौके पर स्थानीय मुखिया मुकेश यादव, देवनाथ राणा, लक्ष्मण दास, राजू विश्वकर्मा, छत्रधारी दास, विभीषण साव, संतोष महतो, सूरज मोदी, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## महुदा क्षेत्र में वट सावित्री व्रत हर्षोल्लास के साथ महिलाओं ने किया संपन्न



**महुदा :** वट सावित्री व्रत महुदा क्षेत्र के महिलाओ ने पूजा आस्था के साथ बरगद पेड़ के पास सिंगार का सामाग्री फल पुष्प पूजा सामाग्री लेकर पूजा-अर्चना किया, और आजीवन सुहागन बने रहने का महिलाओ ने बरगद पेड़ से बरदान माँगी एवं सावित्री सत्यवान का कहनी सुना यह पूजा कचर्रा,कंचनपुर, लुटूटाँड़ ,ऊपर नागदा , पाथरगड़िया, नागदा,मंझलाडीह,कुमारडीह, पारजोरिया,नागदा,हाथुडीह, भुरूंगिया, तारगा, मछियारा,मुचिराईडीह , काण्ड्रा, पिपराटाँड़, तेलमोचो, लोहापट्टी, देवघरा, धर्माबाँध ,छत्रुटाँड, मुरलीडीह,महुदा बस्ती, भाटडीह ,तेतुलिया,बेलाखोन्दा, पदुगोड़ा सिंगड़ा, बागड़ा मैं हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया ।मौके पर ममता रवानी,,रेखा देवी,पूनम सिंह, मधु देवी,पिंकी देवी, खुशबु देवी,गीता देवी,सुमित्रा देवी,इन्दु सिंह,सावित्री देवी , जोशना देवी ,आउल बाला देवी ,रेणु देवी ,मीरा देवी ,पिंकी देवी के अलावे सैकड़ो महिला ने पूजा हर्षोल्लास पूर्वक मनाया ।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

**धनबाद :** शुक्रवार को अद्वया सोशल फाऊंडेशन, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने एएसजी अस्पताल के सौजन्य से जरूरतमंदों के लिए गोल्फ ग्राउंड के समीप रेड क्रॉस सोसाइटी में निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। अद्वया फाउंडेशन की सचिव ने बताया कि इस शिविर में सबसे खास बात रही की ओल्ड एज होम वृद्धा आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों का भी एएसजी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने गहनता से आंखों का जांच किया और मुफ्त दवाइयां दी। कुछ लोगों को जांच उपरांत ऑपरेशन की सलाह दी गई। नेत्र रोग से ग्रसित वृद्धजन जांच के उपरांत काफी खुश थे और जांच के लिए आभार व्यक्त किया। नेत्र जांच शिविर में स्टेट को ऑर्डिनेटर किरण सिन्हा, संस्था की सदस्या डॉली सिन्हा श्रीवत्स, राजेश सिंह, अनुराधा सिंह, सोनी कुमारी, राणा प्रताप एवं अन्य उपस्थित थे।

## सीआईएसएफ की छापेमारी मे 15 टन अवैध कोयला जप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** जिले के लोयाबाद थाना क्षेत्र में कोयले के अवैध कारोबार पर सीआईएसफ व पुलिस ने की छापेमारी। लोयाबाद गोपा ग्राउंड में भंडारण किया हुआ 15 टन अवैध कोयला जप्त। अवैध भंडारण के बारे में सीआईएसफ को गुप्त सूचना मिलीं थीं। बताया जाता है की सीआईएसएफ व स्थानीय पुलिस द्वारा गोपा ग्राउंड में अवैध रूप से भंडारण किए कोयले पर छापेमारी कर जप्त किया गया। जप्त कोयले को कोलियरी प्रबन्धन को सौप दिया। बताते चलें कि उक्त स्थान पर कोयला माफियाओं द्वारा आए दिन कोयले का अवैध भंडारण किया जाता है।


e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI
(Behind State Guest House Morhabadi)
Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

**VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE**

**Quotation Reference No : BCD/Bld. Div. No.- 1 --- 02/2024-25**

Sealed Quotations are invited for the work **Renovation Work of Kitchen with new Equipment's Fittings & Installation of Sound System in Garden of JCSOI Club at Dindayal Nagar Booty Road, Ranchi (Jharkhand)** for all Materials from Reputed Shop Keepers / Manufacturers / Suppliers / Retailers / Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall furnish Pan, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 17-06-2024 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
(2) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 18-06-2024 अपराह्न 1:30 बजे।
(3) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची।
(4) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 8527519262
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division No.-1, Ranchi

PR 325408 (Building) 24-25 (D)



**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, खूँटी।**
**(मनरेगा कोषांग)**

–:अति अल्पकालीन निविदा:–

इस कार्यालय के ज्ञापांक 79/मन० दिनांक 07.03.2024 PR No. 321856 District (2023-24). D द्वारा मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना वित्तीय वर्ष 2024–25 के क्रियान्वयन हेतु फलदार एवं इमारती पौधों के क्रय हेतु झारखण्ड राज्य में अवस्थित स्थानीय NHB registered नर्सरियों जिनके पास झारखण्ड का GST No. हो से अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया गया था। आमंत्रित निविदा में एक ही निविदादाता द्वारा भाग लिया गया फलतः उक्त निविदा असफल हो गया। जिसके कारण उक्त निविदा को क्रय समिति द्वारा निरस्त कर निविदा पुनः प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया है।

अतः ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक (N) 208 (अनु०) दिनांक 21.02.2024 एवं पत्रांक (N) 543 (अनु०) दिनांक 21.04.2023 के आलोक में मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024–25 में खूँटी जिला के सभी प्रखण्डों में लगभग 3800 एकड़ क्षेत्र में बागवानी करने का लक्ष्य निर्धारित है। उक्त के आलोक में फलदार पौधा आम, अमरूद, निम्बू, बेर, कटहल, सहजन, चीकू, नासपाती, लीची, संतरा एवं इमारती पौधे सागवान, शीशम, नीम, बकेन, महोगनी, गम्हार तथा कटहल पौधे के क्रय हेतु झारखण्ड राज्य में अवस्थित स्थानीय NHB registered नर्सरियों जिनके पास झारखण्ड का GST No. हो उनसे अति अल्पकालीन निविदा दिनांक 15.06.2024 को अपराह्न 02:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। निविदा उसी दिन दिनांक 15.06.2024 को अपराह्न 03:00 बजे कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, खूँटी में क्रय समिति के समक्ष खोला जाएगा।

निविदा की विस्तृत जानकारी खूँटी जिला के वेबसाईट www.khunti.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है, अथवा कार्यालय अवधि में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, खूँटी मनरेगा कोषांग के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त
–सह– अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, खूँटी।

PR.NO.325467 District(24-25):D



**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा**

ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (1st Call)

निविदा सूचना संख्या–DWSD/RTF/PVTG/TND/02/2024-25 दिनांक – 06.06.2024

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | **Name of Work :** - Retrofitting of Rural Pipe Water Supply Scheme with 1.0 HP DC Solar Motor Pump Complete set and 125 mm X 115 mm x 90 Mtr. Deep Drilled Tube Well with I.M-II Hand Pump for Birhor Tola at Village -Koyad Block -Tandwa on "TurnKey Basis" Under D.W.&S. Division, Chatra for the Year 2 024-25 (Under JJM) | | | | | |
| | ग्रुप संख्या | योजना की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| 1 | RTF/PVTG/TND-01 | 01 | 6.96891 | 0.14000 | 1,250/- | 60 Days |
| B | वेबसाईट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 10.06.2024 समय 02:00 बजे अपराहन तक | | | | |
| C | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 17.06.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | | | |
| D | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि **Online** जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 17.06.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | | | |
| E | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 18.06.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | | | |
| F | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। | | | | |
| G | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम / पदनाम | ई0 अजय कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। | | | | |
| H | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन संख्या | 9431325479, 9931972161 एवं 06541–253273 | | | | |
| I | ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651–2480345 | | | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 अजय कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.325400 Drinking Water and Sanitation(24-25):D



**झारखण्ड सरकार**
**झारखण्ड खेल प्राधिकरण**
**(पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल–कूद एवं युवा कार्य विभाग)**
गेट सं०–29, बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी, राँची–834008
Email : - sajha9@gmail.com, Website :- www.sajha.in

आ०सू०सं० : 141. दिनांक : 07.06.2024.

**अति अल्पकालीन पुनर्निविदा**

पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड, राँची अन्तर्गत झारखण्ड खेल प्राधिकरण के अधीन अलग–अलग खेल विधाओं के सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस (एकलव्य केन्द्र) के प्रशिक्षु खिलाड़ियों को Fresh & Hygienic भोजनादि की व्यवस्था हेतु निविदा दस्तावेज में उल्लेखित मेन्यू के अनुसार अलग–अलग 07 एकलव्य प्रशिक्षण केन्द्रों हेतु प्रति कैडेट (प्रशिक्षु) प्रतिदिन (Per day) पर आपूर्ति हेतु इच्छुक कैटरर/फर्म/प्रतिष्ठान से NIT No. - 97, 98, 99, 100, 101, 102 एवं 103, दिनांक 15.03.2024, PR No: -322826 के माध्यम से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की गई थी। क्रय/निविदा समिति द्वारा लिये गए निर्णय के आलोक में उपरोक्त एकलव्य केन्द्रों में Fresh & Hygienic भोजनादि की व्यवस्था हेतु प्रति कैडेट (प्रशिक्षु) प्रतिदिन (Per day) **पर अति अल्पकालीन पुनर्निविदा (Call–2)** आमंत्रित की जाती है :–

**सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस (एकलव्य केन्द्र) की विवरणी :**

| क्र. सं. | निविदा संख्या | केन्द्र का नाम | खिलाड़ियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | NIT No.- 97 | सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस (एकलव्य केन्द्र), तीरन्दाजी प्रशिक्षण केन्द्र, खेलगाँव, होटवार, राँची। | बालक –32 एवं बालिका –32 |
| 2. | NIT No.- 98 | सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस (एकलव्य केन्द्र), तीरन्दाजी प्रशिक्षण केन्द्र, दुधानी, दुमका। | बालक –32 एवं बालिका –32 |
| 3. | NIT No.- 99 | सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस (एकलव्य केन्द्र), हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र, मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, मोराबादी, राँची। | बालक –32 एवं बालिका –32 |
| 4. | NIT No.- 100 | सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस, बैडमिण्टन प्रशिक्षण केन्द्र, ठाकुर विश्वनाथ साहदेव इण्डोर स्टेडियम, खेलगांव, होटवार, राँची। | बालक –25 एवं बालिका –25 |
| 5. | NIT No.- 101 | सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस, कुश्ती प्रशिक्षण केन्द्र, शहीद गणपत राय इण्डोर स्टेडियम, खेलगाँव, होटवार, राँची। | बालक –32 एवं बालिका –16 |
| 6. | NIT No.- 102 | सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस, एथलेटिक्स प्रशिक्षण केन्द्र, बिरसा मुण्डा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगाँव, होटवार, राँची। | बालक –25 एवं बालिका –25 |
| 7. | NIT No.- 103 | सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस, फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र, बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी, राँची। | बालक –32 एवं बालिका –32 |

इस संबंध में विस्तृत विवरणी (निविदा दस्तावेज) झारखण्ड खेल प्राधिकरण के वेबसाईट www.sajha.in पर उपलब्ध है।

- प्रति प्रशिक्षु, प्रतिदिन (Per day) की अधिकतम दर कर सहित 350/– रुपये प्रतिदिन होगा।
- निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि एवं समय 14.06.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक है।
- निविदा के प्रावधानों के अनुसार MSME अन्तर्गत किसी भी प्रकार के शुल्क में छूट हेतु झारखण्ड सरकार द्वारा निर्धारित सभी दस्तावेजों/प्रमाण–पत्रों को समर्पित करना अनिवार्य होगा।
- पूर्व में सफल निविदादाता द्वारा समर्पित किये गए निविदा मान्य होगा, उन्हें पुनः निविदा समर्पित करने की आवश्यकता नहीं होगी।
- निविदा (तकनीकी प्रस्ताव एवं वित्तीय प्रस्ताव) खोलने की तिथि एवं समय **दिनांक 14.06.2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे** झारखण्ड खेल प्राधिकरण का कार्यालय, गेट नं०–28, बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, राँची है।
- एतत् संबंधी पूर्व में प्रकाशित सभी सूचनाओं को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

ह०/–
कार्यकारी निदेशक

PR 325460Art Culture Sports and Youth Affairs(24-25)#D

# हर पंचायत में पेयजल हेतु 10-10 चापाकल का किया जा रहा निर्माण : डॉ. रामेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को माननीय विधायक लोहरदगा सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा ने कुडू प्रखंड के ग्राम ककरगढ़, लापुर,रानी टोंगरी,महूंगांव का किए दौरा हुवे ग्रामीणों से रूबरू सुने उनकी समस्या। क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम में ग्रामीणों के द्वारा माननीय मंत्री का स्वागत किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों के द्वारा माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के समक्ष क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं को आवेदन के माध्यम से रखा गया। इस मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पे किया जा रहा है। हमारे सरकार विकास के कार्य के लिए कृत संकल्पित है। ये सरकार लोगो को राशन दे रही सभी लोगो को राशन कार्ड से जोड़ लोगो को अनाज देने का काम कर रही है। गरीब लोगो को अंग वस्त्र धोती, लुंगी, साड़ी, देने काम कर रही। लोगो को अबुवा आवास के माध्यम से गरीब परिवार को छत देने का काम किया जा रहा है। मतलब हमारी सरकार रोटी कपड़ा मकान देने का काम कर रही है। इसके साथ ही मूलभूत समस्या गांवों में पेयजल की समस्या है जिसके निदान के लिए हर पंचायत में 10-10 चापाकल का निर्माण किया जा रहा है इसके निर्माण से इन सभी के निर्माण से पेयजल की समस्या गांव के क्षेत्र में दूर होगी इसके ऊपर हम काम कर रहें हैं। इससे पूर्व में भी हर पंचायत में 5-5 चापाकल का निर्माण किया गया है। विधायक मद से सड़कों के निर्माण झारखंड सरकार के द्वारा किया जा रहा है एवं विधायक मद से भी प्राथमिकता कर आधार पर पीसीसी पथ का निर्माण किया जा रहा है। एवं अन्य समस्याओं का भी निदान किया जा रहा है। ग्रामीणों के द्वारा माननीय विधायक सह मंत्री महोदय को जो भी समस्या आवेदन एवं मौखिक रूप पेंशन, राशन कार्ड, स्वास्थ्य से संबंधित, बिजली आदि समस्या रखी गई उन सभी समस्याओं को समाधान हेतु मौके पर उपस्थित प्रशासनिक पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों से बात कर जल्द ही समस्याओं का निदान करने का बात कही। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिला कांग्रेस महासचिव हाजी अब्दुल जब्बार, सचिव संदीप मिश्रा, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, संगीता उरांव, कमरूल इस्लाम, हातिम अंसारी, खुर्शीद अंसारी, दुलार भगत, मुनीम अंसारी, तलहा अंसारी, सेराजुल अंसारी, रमजान अंसारी, मुखिया चेमनी टोप्पो, मनोहर भगत, चौधरी भगत, ससीता उराईन, कोयली उरांव, दासकन उरांव, बंधन उरांव, आदि उपस्थित थे।

# देवनद दामोदर महोत्सव गंगा दशहरा कार्यक्रम को लेकर रामस्वारथ साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक

**दामोदर नदी का उद्गम स्थल लोहरदगा जिला में होना गौरव की बात है : ओम प्रकाश सिंह**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दामोदर बचाओ आंदोलन लोहरदगा जिला के तत्वाधान में देवनद दामोदर महोत्सव गंगा दशहरा कार्यक्रम दिनांक 16-6-2024 दिन रविवार को दामोदर नदी के उद्गम स्थल चूल्हा पानी में मनाया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए रामस्वारथ साहू की अध्यक्षता में एक अति महत्वपूर्ण बैठक सालगी में आयोजित की गई। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू से आग्रह किया गया है कि कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई, चूल्हा पानी से कटात तक सड़क की मरम्मती,पेयजल कुआं की सफाई,जला हुआ ट्रांसफार्मर यथा शीघ्र बदलने की मांग के साथ ही बहेरामांडर के पास एक टैंकर पेयजल आपूर्ति हेतु मांग की गई। कार्यक्रम में तय किया गया की हर वर्ष की भांति कीर्तन मंडली के द्वारा कीर्तन किया जाएगा, साथ ही नदी पूजन हवन एवं विशेष आरती का आयोजन, प्रसाद वितरण, भंडारा का आयोजन होना तय किया गया। दामोदर बचाओ आंदोलन संरक्षक ओमप्रकाश सिंह ने कहा दामोदर नदी का उद्गम स्थल लोहरदगा जिला में होना गौरव की बात है इसे हर हाल में हमें संरक्षित रखना होगा साथ ही हर वर्ष गंगा दशहरा का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा। चूल्हा पानी देश स्तर का एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि लोग आए और दामोदर नदी का उद्गम स्थल का दर्शन करें साथ ही चूल्हा पानी से स्नान कर लोहड़ी बाबा का दर्शन कर पुन्य के भागीदारी बने। माननीय विधायक जमशेदपुर पूर्वी श्री सरयू राय के प्रयास से इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है उनके माध्यम से हमारा यह सलगी पंचायत को आज पूरा देश जान रहा है। बैठक में मुख्यरूप से जिला संयोजक बालकृष्ण सिंह, विपिन भारती, दिलीप पटनायक, जय नारायण प्रजापति, अशोक उरांव, विनोद गंझु, सूरजा गझु, वीरेंद्र सिंहु, राम उरांव, धीरज साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# 9 जून को आयोजित होगा झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा : उपायुक्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) के पदों के लिए दिनांक 09 जून 2024 को आयोजित होनेवाली प्रारंभिक परीक्षा को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक सभी दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों व केंद्राधीक्षकों के साथ समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। लोहरदगा जिला में यह परीक्षा 13 परीक्षा केंद्रों पर होनी है जिसमें 4741 अभ्यर्थी शामिल होंगे। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा में कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण आयोजित होना है। इसमें सभी कार्य निर्धारित समयावधि में ही निष्पादित करना है। परीक्षा केंद्र के अंदर कोई भी मोबाईल फोन या अन्य किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गजट ले जाने की अनुमति नहीं है। परीक्षा संबंधित प्रश्न-पत्र व उत्तर पुस्तिका खोलते समय उसकी सही तरीके से वीडियोग्राफी करा कर उसका रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाए। क्या करना है और क्या नहीं करना है,इसकी जानकारी सभी को रहे। हम सभी को परीक्षा कदाचारमुक्त संपन्न कराना है। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलिन टोप्पो समेत अन्य उपस्थित थे।

# जंगली हाथी के कुचलने से हुई एक महिला की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत जामपानी कुसुमटोली में हाथी द्वारा मारी गयी महिला के शव का पोस्टमार्टम के उपरांत शुक्रवार की दोपहर गांव के नजदीक अंतिम संस्कार किया गया। घटना की सूचना पर ग्रामीणों से मिलने सदर अस्पताल पहुंचे विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने ग्रामीणों से मामले की विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने उपायुक्त, डीएफओ आदि अधिकारियो से दूरभाष पर सम्पर्क कर हाथी की समस्या को दूर करने की बात कही। विधायक नमन विक्सल ने कहा कि जंगल मे हाथियों के भोजन के लिए इंतजाम नही होने से हाथी गावों की ओर आकर्षित होते है और इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को भी सतर्क रहने और स्थिति पर नजर बनाए रखने और आवश्यता पड़े तो उन्हें भी सूचित करने को कहा ताकि किसी भी अनहोनी को टाला जा सके। इस दौरान विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी के निर्देश पर जल्द पोस्टमार्टम भी किया गया और तत्कालीन मुआवजा राशि 10000 रुपया उनके परिवार वालो को दिलवाया गया। साथ ही जो सरकार के तरफ़ से मुवावजा मिलता है उसे भी जल्द देने को कहा गया। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख सह कांग्रेस नेता बिपिन पंकज मिंज, अल्पसंखयक प्रदेश सचिव जमीर अहमद, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, अल्पसंख्यक जिला सचिव जमीर हसन के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गर्मी छुट्टी के अवसर पर सामुदायिक स्तर पर बच्चों के साथ किया गया खेल मेला का आयोजन



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा जिला के अंतर्गत सिमडेगा प्रखंड के 6 जून को 6 गाँवों जिसमें मैनबेरा, बिर्केरा, सिकरियाटांड, पत्रा टोली, 5 जून को बगटांड दीपा टोली, गिरजाटोली मेरोमडेगा और टुकुपानी बड़ाईक टोली वहीं 4 जून को हरिन्धरा, मेरोमडेगा बस्ती, खिरजी खुटी टोली और सिकरियाटांड, 3 जून अरानी और ठेठइटांगर में छलांग प्रोजेक्ट के तहत साख फाउंडेशन के द्वारा स्कूलों के इस गर्मी छुट्टी में सामुदायिक स्तर पर बच्चों के साथ खेल मेला का आयोजन किया गया। इस खेल मेला में साख फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर अभिजीत सिन्हा के द्वारा बताया गया खेल मेला में उपस्थित सभी ग्रामीणों को प्रोजेक्ट छलांग के बारे में जानकारी दी गई और बताया गया कि खेल के माध्यम से हम अपने जीवन को सफल और सम्पूर्ण बना सकते है एवं साथ में सभी खेल के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। खेल मेला में विजय हुए बच्चों को पुरस्कार प्रदान की गई। साख फाउंडेशन के फील्ड समन्वयकों निर्मल सिंह, मीना, सुरज और सुदर्शन सिंह के द्वारा इस खेल मेला में डोज हैण्ड बॉल, ट्रैफिक रन, 1,2,3,4 बच्चों बनो होशियार, स्टील द ट्रेजर, छिलझपट्टा, म्यूजिक रन, लेट्स डू द एडिसन, पिट्ठू फुटबॉल सहित कई तरह के खेल करवाए गए। खेल के माध्यम से बच्चों का मांशिक एवं शारीरिक विकास किया गया। खेल के माध्यम से बच्चो में एकजुटता बढाई गई। खेल मेला में अरानी पंचायत के मुखिया कंचन नाग भी खेल मेला में शामिल होकर बच्चों को खेल खेलने के लिए उत्साहित किया और बताया की इस तरह के खेल मेला का आयोजन होना चाहिए ताकि बच्चों में उत्साह बनी रहें।

# कैम्प आयोजित कर गर्भवती महिलाओं का खाता खोला गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के बदला पंचायत अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र महादेव टोली में कैम्प आयोजित कर प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं का खाता खोला गया। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अन्तर्गत बाल विकास परियोजना द्वारा गर्भवती महिलाओं का खाता से आधार लिंक नही होने के कारण प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ से वंचित गर्भवती महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से महादेव टोली आंगनबाड़ी केन्द्र में कैम्प आयोजित कर डाकघर के माध्यम से लाभुकों का खाता खोलवाया गया। साथ ही नये लाभुकों का भी खाता खोल कर डेटा इंट्री का कार्य किया गया। जिसे नए लाभुकों को प्रोत्साहन राशि का लाभ दिलाने में आसानी हो सके वही महिला पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने बताया कि प्रथम गर्भवती महिला को सरकार की ओर से प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत 5,000 रुपये का लाभ दिया जाता है। तथा जो भी महिलाएँ दूसरी बार गर्भवती होती है और लड़की का जन्म होने पर उस महिला को 6,000 हजार का लाभ दिया जता है। मौके पर अंजनी बेक के अलावे फुलेश्वरी कुमारी, लिली टोप्पो, ललिता कुमारी, राजमुनी देवी सहित बदला पंचायत की सभी सेविकाएं लाभुकों के उपस्थित थे।

# शिक्षक संघ ने नवनिर्वाचित सदस्य सुखदेव भगत को लोक सभा चुनाव में जीत की दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में शुक्रवार को लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत से अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला समिति के एक शिष्टमंडल मिल कर गुलदस्ता भेंट कर जीत की बधाई दी। साथ ही लोहरदगा जिले के शिक्षक/ शिक्षिकाओं के वर्षो से लंबित कोढ़ नुमा प्रोन्नति कार्य को संपादित करवाने एवं कार्यालयों में शोषण एवं भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण बनाते हुए जिले में अच्छे शिक्षा का माहौल तैयार करने हेतु यथोचित पहल करने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त राज्य स्तरीय मुद्दे यथा वेतन विसंगति (फिटमेंट टेबल) एवम MACP सहित विभिन्न लंबित मुद्दो पर राज्य समिति अजसा को माननीय मुख्यमंत्री महोदय से समय दिलवा कर वार्ता एवम इन जायज मांगों को दिलवाने में अपेक्षित सहयोग हेतु आग्रह किया गया। सांसद महोदय ने शिक्षक प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही उपरोक्त तमाम बिंदुओं पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला एवम राज्य समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर पहल की जाएगी। इस दौरान बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष मनी उरांव, प्रमंडलीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, महासचिव शंभू कुमार शर्मा, विजय कुमार दास, शौकत हुसैन, वकील भगत, अजय भगत, सुजीत कुजूर, अल्मीन अंसारी शामिल थे।

# जलछाजन के तहत सभी पाइप लाइन का कार्य को पूर्ण करें : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीडीओ की अध्यक्षता में बीपीओ और सीएफटी परियोजना के कार्यकर्ताओं के साथ जलछाजन से सम्बंधित बैठक आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने बीपीओ तथा सीएफटी परियोजना के कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा योजना के तहत संचालित जलछाजन का प्रखंड क्षेत्र के सभी छः पाइप लाइन का कार्य को डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट के आधार पर गति प्रदान करते हुए आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट के तहत लुजबोल्डर,टीसीबी और आम बागवानी का घरान के लिये ट्रेंच निर्माण का कार्य करना है। साथ ही निर्देश देते हुए कहा कि कार्य मे आदिवासी समुदाय का भागीदारी अधिक से अधिक संख्या में सुनिश्चित हो जिसे जलछाजन का कार्य होने से ग्रामीणों को पेयजल व सिंचाई के लिये पानी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हो सके। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार के अलावे विश्वनाथ कुम्हार, राहुल तिवारी, परमेन्द्र कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# गोरारजोर मंडली में हुआ मोरियाह शालोंम गिरजाघर का पवित्र संस्कार समारोह

**केरसई(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नार्थ वेस्टर्न चर्च गोरारजोर मंडली के द्वारा मोरियाह शालोंम गिरजाघर का पवित्र संस्कार समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रुप से बिशप निस्तार कुजूर सहित कई धर्मगुरु और पूर्व मंत्री एनोस एक्का, संदेश एक्का आदि उपस्थित थे। मौके पर धर्म विधि के साथ पवित्र गिरजाघर का संस्कार किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। संस्कार समारोह को संबोधित करते हुए बिशप निस्तार कुजूर ने कहा कि कि गिरजाघर कोई भवन या इट पत्थर का बना भौतिक जगह नहीं है। यह परमेश्वर के परिवार के लोगों का समूह है, परमेश्वर के निवास के लिए गिरजाघर उनके घर की तरह है। उन्होंने कहा कि गिरजाघर में प्रभु की उपस्थिति में उनके वचन को सीखने और अध्यात्मिक सुख प्राप्त किया जाता है। उन्होंने मंडली के सभी लोगों से संगठित रहते हुए आत्मिक उन्नति और बढ़ोत्तरी के लिए गिरजाघर में प्रतिदिन विनती प्रार्थना करने की बात कही। कार्यक्रम में रेभ निलोफार लकड़ा, रेभ असफ मिंज, प्रेमचंद बाड़ा, अनुकरण लकड़ा, झापा जिलाध्यक्ष मतियस बागे, अमन खेस, जोसेफ डुंगडुंग, रसेल खलखो, अंकित मिंज आदि उपस्थित थे। **प्रभु से निकटता बढ़ाने की जगह है गिरजाघर : एनोस** कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंत्री अनुष्का ने कहा कि गिरजाघर आने से प्रभु से निकटता बढ़ती है। साथ ही साथ उनके वचन को सीख कर अपने दायित्व को निर्वाह करने की शिक्षा मिलती है। उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन में मसीह जैसे गुणों को विकसित करने और समाज को बेहतर और शांतिपुर्ण बनाने के लिए प्रतिदिन गिरजाघर जाना जरुरी है। उन्होंने कहा कि गिरजाघर परमेश्वर का निवास स्थान है और गिरजाघर जाने से अध्यात्मिक और आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है।

**जितनी बड़ी जीत, उतनी बड़ी जिम्मेदारी : सुखदेव भगत**

# सुखदेव भगत के आवास में लगा रहा बधाई देने का तांता





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत के आवास पर शुक्रवार को जिला के आदिवासी संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल, टाना भगतों का प्रतिनिधिमंडल, नदिया हिंदू हाई स्कूल के शिक्षकगण सहित अनेक संस्थाओं के सदस्यों ने सुखदेव भगत से मिलकर ऐतिहासिक एवं प्रचंड जीत के लिए उन्हें बधाई दिए। मौके पर उपस्थित लोगों से सुखदेव भगत ने कहा कि जितनी बड़ी जीत उतनी बड़ी जिम्मेदारी है। जनता ने जिस उम्मीद से उन्हें सांसद बनाया है उस पर पूरा खरा उतरूंगा। समाज के सभी वर्गों एवं क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कैसे हो उसके लिए प्राथमिकता तय की जाएगी। जन आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य किया जाएगा। राहुल गांधी की सोच को आगे बढ़ाया जाएगा। सभी वर्गों में भाईचारगी एवं क्षेत्र में अमन चैन बना रहे उसे प्रकार विशेष ध्यान जाएगा। श्री भगत ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि होता है। बिना पूर्वाग्रह के वह काम करेंगे जो हमें वोट नहीं दिया है वे भी हमारे पास आएंगे तो बिना भेदभाव का उनका भी काम होगा क्योंकि वे लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के रहने वाले सभी लोगों का सांसद हैं।

**परमेश्वर की कृपा से गांव-समाज तरक्की के पथ पर बढ़ेगा आगे : विधायक भूषण बाड़ा**

# कोनजोबा पेरिस के गोरारजोर मंडली में बने नॉर्थ वेस्टर्न जीईएल चर्च का आर्च बिशप निस्तार कुजूर और विधायक भूषण बाड़ा ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरसई प्रखंड के कोनजोबा पेरिस के गोरारजोर मंडली में बने नॉर्थ वेस्टर्न जीईएल चर्च का पवित्र संस्कार किया गया। नवनिर्वाचित जीईएल चर्च का उद्घाटन आर्च बिशप निस्तार कुजूर और सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने सयुक्त रूप से फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। मौके पर बिशप निस्तार कुजूर के द्वारा विशेष अराधना की गई। साथ ही प्रभु भोज की विधि का भी अनुष्ठान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आज परमपिता परमेश्वर को धन्यवाद देने का दिन है। क्योंकि ईश्वर की योजना से ही यहां पर चर्च का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि सचमुच ईश्वर की योजना निराली है। बहुत अद्भुत है। आज से 20 -25 वर्ष पहले किसी ने नही सोंचा होगा कि इस छोटे से गांव में भी इतना सुंदर सा चर्च बनेगा। जहां सर्वशक्तिमान ईश्वर बिराजमान होंगे। आज ऐसा लग रहा है मानो सचमुच परमपिता परमेश्वर हमारे घर मे आये हैं। हमे आशा ही नहीं पूर्ण विस्वास है कि अब यहां के लोगों में परमेश्वर की कृपा बरसेगी। गांव और हमारा समाज तरक्की के पथ पर आगे बढ़ेगा। प्रभु येसु का वचन दूर दूर तक फैलेगी। भूषण बाड़ा ने कहा चर्च में आकर प्रार्थना करने वाले सभी लोगों को सुख और परम शांति की अनुभूति होगी। गांव के युवा भटकाव के मार्ग से दूर होंगे और ईश्वर का राज्य बनाने में सहयोगी बनेंगे। उन्होंने कहा आज हमारे लोगों को बांटने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे लोगों को हमे मुहतोड़ जवाब देने के लिए एकजुट रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह धरती हमारी है। इसे हमारे पूर्वजों ने कठिन परिश्रम से सींचकर तैयार किया है। इसे सुरक्षित और सुंदर बनाकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

**सर्वशक्तिमान है परमपिता परमेश्वर : बिशप निस्तार कुजूर**

आर्च बिशप निस्तार कुजूर ने परमपिता परमेश्वर सर्वशक्तिमान है। उन्होंने मानव जाति के कल्याण के लिए सूली में चढ़ गए। आज हम धन्यवाद देते हैं कि उनकी महान कृपा से यहां गिरजाघर का निर्माण हुआ। यहां चर्च बन जाने से प्रभु की कृपा यहां के लोगो में बरसेगी। धर्म का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि परमपिता परमेश्वर समूची मानव जाति का कल्याण करे। हम भी के पापों को क्षमा करें इसके लिए हमे उनसे विनती प्रार्थना करें। बिशप ने कहा कि आप सभी इस चर्च की पवित्रता को बनाए रखें और यहां आकर प्रार्थना करने में समय निकालें। ईश्वर के वचनों को सुनें और उसे अपने जीवन मे आत्मसात करें।

**ईश्वर के वचन को जीवन मे आत्मसात करें : जोसिमा खाखा**

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि ईश्वर की भक्ति में शक्ति है। आप सभी निरंतर प्रभु की भक्ति में लीन रही। उनकी सेवा करें। इस चर्च में आकर अपने अलावे दिन दुखियों एवं देश की तरक्की के लिए भी प्रार्थना करें। उन्होंने कहा कि ईश्वर के वचनों को सुने और उस वचन को जीवन मे आत्मसात करते हुए ईश्वर के वचन के अनुसार जीवन जिएं। सामज में ब्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए आगे बढ़ें। संगठित रहें और अपने हक और अधिकार की प्राप्ति के लिए आवाज बुलंद करें।

चलते चलते एक नजर

## रिजर्व बैंक ने 2024-25 के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 4.50 फीसदी पर बरकरार रखा



**मुंबई :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मानसून सामान्य रहने के अनुमान को देखते हुए चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मुद्रास्फीति (महंगाई) के अनुमान को 4.50 फीसदी पर बरकरार रखा है। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 5.40 फीसदी के अनुमान से कम है। हालांकि, आरबीआई ने इसके साथ ही खाद्य कीमतों के परिदृश्य पर करीबी नजर रखने की जरूरत पर बल दिया है।रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यहां द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद फैसलों की जानकारी दी। दास ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 फीसदी पर बरकरार रखा गया है। उन्होंने बताया कि पहली तिमाही में मुद्रास्फीति के 4.9 फीसदी, दूसरी तिमाही में 3.8 फीसदी, तीसरी तिमाही में 4.6 फीसदी और चौथी तिमाही में 4.5 फीसदी रहने की संभावना है।शक्तिकांत दास ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च-अप्रैल पहली तिमाही में नरम पड़ी है लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति पर लगातार दबाव की वजह से आम आदमी को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि दालों तथा सब्जियों की मुद्रास्फीति दो अंक में बनी हुई है। दास ने कहा कि दालों तथा सब्जियों की रबी की आवक पर सावधानी से निगाह रखने की जरूरत है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने रिजर्व बैंक को सीपीआई पर आधरित मुद्रास्फीति दर को 4 फीसदी (दो फीसदी ऊपर या नीचे) के स्तर पर रखने का लक्ष्य दिया है।

## फर्जी एनकाउंटर केस में पंजाब पुलिस के पूर्व डीआईजी को सात साल व डीएसपी को उम्र कैद

**चंडीगढ़ :** सीबीआई कोर्ट ने करीब तीन दशक पुराने फर्जी एनकांउटर मामले में पंजाब पुलिस के एक डीएसपी को उम्र कैद तो तत्कालीन डीआईजी को सात साल की सजा सुनाई है। अदालत ने गुरुवार को दोनों पूर्व अधिकारियों को दोषी करार दिया था, जिसके बाद शुक्रवार को फैसला सुनाया है। सीबीआई कोर्ट का यह फैसला तब आया है, जब शिकायतकर्ता चमन लाल की मौत हो चुकी है।वर्ष 1996 में जंडियाला रोड अमृतसर निवासी चमन लाल की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। उन्होंने शिकायत में कहा था कि 22 जून 1993 को तत्कालीन डीएसपी दिलबाग सिंह के नेतृत्व में तरनतारन पुलिस की एक टीम उनके बेटे गुलशन को जबरन उठा ले गई।

# खेल हमारे जीवन की आवश्यकता है : डीएफओ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान में चल रहे समर कैंप का समापन शुक्रवार को किया गया। समापन अवसर पर समर कैंप में शामिल सभी खिलाड़ियों के बीच ड्रेस का वितरण किया गया। इस मौके पर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डीएफओ दिलीप कुमार यादव ने कहा कि आप सभी लोग अभी नौनिहाल हैं।

आप लोगों के अंदर अभी काफी ऊर्जा है। इस ऊर्जा को आपको सही दिशा में इस्तेमाल करना है। आप सभी लोगों को समर कैंप के माध्यम से टेबल टेनिस खेलने के बारे में जानकारी दी गई है। खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा जिले में काफी गर्मी है और ऐसी स्थिति में हम जिन लोगों से भी मिलते हैं उनसे निवेदन करते हैं कि आप तालाब की हत्या न करे। हम सभी लोगो को मिलकर तालाब और पेड़ का संरक्षण और उसके संवर्धन करने की जरूरत है। पहले के राजा महाराजा अपने क्षेत्र में तालाब और बगीचा लगाया करते थे।जिसका लाभ लोगो को मिलता था। आज हम सभी लोगों को भी अपने आसपास के जल को संरक्षण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा की तालाब के पास आप ध्यान देंगे तो आपको पता लगेगा की तालाब के पास एक डिग्री से 12 डिग्री तक तापमान कम रहता है। वही पेड़ के पास आठ डिग्री सेल्सियस तापमान कम होता है।आप सभी लोग जहां भी तालाब बचे है उसका अतिक्रमण नहीं होने दे और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए। संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेल बहुत ही आवश्यक है। हर व्यक्ति स्वस्थ रहने के लिए खेल को अपने नियमित दिनचर्या में शामिल करे। टेबल टेनिस समर कैंप में खिलाड़ियों ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया और खेल के बारे में जानकारी हासिल किए हैं। हमें उम्मीद है की आने वाले दिनों में खिलाड़ी अपने खेल की बदौलत जिले का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर इस मौके पर अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, नंदकुमार गुप्ता सुशील केशरी ,संजय सोनी ,चंद्रभूषण सिन्हा, सचिव आनंद सिन्हा,सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष सह कोच कमलेश कुमार दुबे, अमोद कुमार पांडे ,सुशील तिवारी,उमेश शामिल थे। मंच का संचालन कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे नें तथा धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष सुशील केशरी नें किया।

## कमल किशोर सोन ने ईएसआईसी के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाला

**नई दिल्ली :** श्रम और रोजगार मंत्रालय में श्रम कल्याण के अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक के रूप में कार्यरत कमल किशोर सोन कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कमल किशोर सोन झारखंड कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं। कमल किशोर सोन का झारखंड राज्य में भूमि राजस्व प्रबंधन और जिला प्रशासन, कृषि और पारस्परिक सहायता, स्वास्थ्य, भवन निर्माण, परिवहन, वित्त, ऊर्जा, जल संसाधन, सामाजिक न्याय और हस्तांतरण सहित विभिन्न विभागों के शासन और प्रबंधन में व्यापक अनुभव है।

# रोजगार आपके द्वार की परिकल्पना साकार करेगी एसआईएस



एजेंसी

**देहरादून :** भारत की बहुराष्ट्रीय कंपनी एसआईएस लिमिटेड उत्तराखंड के बेरोजगारों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर लेकर आई है, जो ब्लाक स्तर पर शिविर लगाकर बेरोजगारों को स्वावलंबी बनाने के साथ रोजगार आपके द्वार की परिकल्पना साकार करेगी। मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान ने बताया कि एसआईएस लिमिटेड देहरादून की ओर से सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर की भर्ती के लिए ब्लॉक स्तर पर आठ जून से शिविर आयोजित किए जाएंगे। एसआईएस लिमिटेड सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारतवर्ष व विदेशों में कर रही है।एसआईएस के भर्ती अधिकारी ने बताया कि ब्लाक मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले शिविरों की तिथियां निर्धारित की गई है। इसमें आठ जून से नौ जून तक ब्लाक चकराता, 10 से 11 जून तक ब्लाक कालसी, 12 से 13 जून तक ब्लाक विकासनगर, 14 से 15 जून तक ब्लाक डोईवाला, 16 से 17 जून तक ब्लाक रायपुर एवं 18 से 19 जून तक ब्लाक सहसपुर में सुबह 10 बजे से शाम तीन बजे तक भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7905086105 व 9193734678 पर संपर्क कर सकते हैं।

## मप्र में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस नेता दिल्ली तलब



एजेंसी

**भोपाल :** लोकसभा चुनाव 2024 में मध्यप्रदेश में कांगेस को मिली करारी हार के बाद अब प्रदेश के नेता दिल्ली तलब किये गए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चीफ जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को दिल्ली बुलाया गया है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शुक्रवार को कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से उनके आवास 10 जनपथ पर मुलाकात कर चर्चा की। बता दें कि छिंदवाड़ा में चुनाव हारने के बाद कमलनाथ की सोनिया गांधी से यह पहली मुलाकात थी।सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद कमलनाथ ने कहा कि हमने मध्य प्रदेश और देश के मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा की। क्या हो रहा है और क्या होना चाहिए, हमने उस सब पर चर्चा की। हम देख रहे हैं कि चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार क्या करते हैं? जब उनसे पूछा गया कि क्या वह एन चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार से बात करेंगे तो इस पर कमलनाथ ने कहा, कि मैं उनसे बात नहीं करूंगा। बीजेपी उनसे बात कर रही है।

उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सोचती है कि नीतीश और नायडू घर बैठ जाएंगे, तो ऐसा नहीं होने वाला है। यह मोदी सरकार नहीं है, यह एनडीए सरकार है। ये सभी एनडीए में एक साथ हैं, एनडीए में सबकी अपनी-अपनी हिस्सेदारी है।वहीं दूसरी तरफ नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी दिल्ली पहुंच गए हैं। वहीं पीसीसी चीफ जीतू पटवारी शुक्रवार शाम को दिल्ली रवाना होंगे। दोनों नेताओं से हार की रिपोर्ट ली जाएगी। एमपी कांग्रेस की तरफ से आलाकमान को 6 से 7 सीट जीतने का दावा किया गया था। साल 2019 के मुकाबले 2024 में कांग्रेस का वोट प्रतिशत 2 फीसदी कम हुआ है।

# महतारी वंदन योजना से महिला सशक्तिकरण की राह हुई मजबूत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रायपुर :** प्रदेश में विष्णु देव साय सरकार 70 लाख महिलाओं के खाते में हर महीने एक हजार रुपये अंतरित कर रही है। इस योजना से न केवल महिलाओं को खर्च करने के लिए अपनी स्वयं की राशि मिली है अपितु परिवार भी आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत हुए हैं। पूरे प्रदेश में महतारी वंदन योजना आने के बाद महिलाओं द्वारा इस राशि के उपयोग पर नजर डालें तो पाएंगे कि महिलाएं हमेशा की तरह इसमें से कुछ हिस्सा भविष्य की जरूरतों के लिए सुरक्षित रख रही हैं।डाकघरों में महिलाओं ने बड़े पैमाने पर आरडी शुरू किये हैं और प्रदेश के हर डाकघर में महिलाओं की लंबी लाइनें नजर आती हैं। महिलाएं न केवल भविष्य की जरूरतों के अनुरूप इसे बचा रही हैं अपितु परोक्ष रूप से राष्ट्र के सकल घरेलू बचत में भी अपना योगदान दे रही हैं। सकल घरेलू बचत का प्रतिशत जितना मजबूत होगा, अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रवाह के दृष्टिकोण से भी यह अच्छा होगा। रायपुर, दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर जैसे बड़े शहरों में म्यूच्युअल फंड के माध्यम से एसआईपी का ट्रेंड भी है। महिलाएं शेयर बाजार का लाभ उठाना चाहती हैं और इसके लिए म्यूच्युअल फंड के माध्यम से इसमें प्रवेश कर रही हैं। अभी तक का ट्रेंड रहा है कि दीर्घावधि के लिए एसआईपी रिटर्न के मामले में काफी उपयोगी रहा है।दूसरा ट्रेंड शिक्षा में निवेश को लेकर है, जिन महिलाओं के बच्चे प्री ग्रेज्युएट एवं ग्रेज्युएट स्तर पर दी जाने वाली परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं उनके लिए वे महतारी वंदन योजना के माध्यम से अर्जित की गई राशि का निवेश कर रही हैं। इसके माध्यम से वे कोचिंग आदि का मासिक खर्च उठा रही हैं और किताबों आदि की व्यवस्था अपने बच्चों के लिए कर रही हैं।

महतारी वंदन योजना की राशि को खर्च करने का एक तीसरा तरीका भी महिलाओं ने निकाला है। वे उद्यमशीलता के रास्ते पर बड़ी हैं।

## 2024 का जनादेश मोदी की नैतिक हार सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची :** झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 में मिला जनादेश नरेन्द्र मोदी की नैतिक हार है। पहले जब मोदी संबोधित करते थे तब कहते थे यह भाजपा की सरकार है। मोदी की सरकार है लेकिन आज उन्हें एनडीए की सरकार कहना पड़ा रहा है। इससे पता चलता है उन्होंने नैतिक हार स्वीकार कर ली है। उनका अहंकार टूट गया है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने रांची में पत्रकार वार्ता में कहा कि जब यह सरकार सर्वसम्मति से चलेगी तो मैं नीतीश कुमार से पूछना चाहता हूं कि क्या जातीय जनगणना पूरे देश में करायी जाएगी या नहीं। मैं यह भी पूछना चाहता हूं कि झारखंड विधानसभा से पारित सरना धर्म कोड और पिछड़ों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण पर मुहर लगेगी या नहीं। हम उन्हें सशर्त शुभकामनाएं देते हैं कि इन सब मुद्दों पर वे मुहर लगाएं।

# स्वस्थ्य रहने के लिए जैविक खेती अपनाना होगा : डा. शिवमंगल सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**फतेहपुर :** कृषि विभाग की सर्विस प्रोवाईडर ईश एग्रीटेक प्रा.लि.इंदौर मध्य प्रदेश की ओर से जैविक कृषि मेला का आयोजन शुक्रवार को मलवां विकास के दूधीकगार में किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र थरियांव के पशु वैज्ञानिक डाक्टर संजय पांडेय ने मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया।कृषि वैज्ञानिक डा.शिवमंगल सिंह ने कहा कि जैविक खेती करने से कम लागत में अच्छी पैदावार प्राप्त कर सकते हैं।

रासायनिक खाद एवं कीटनाशक, केमिकलयुक्त दवाओं के प्रयोग से अतिरिक्त धन और स्वास्थ्य की हानि होती है। स्वस्थ रहने के लिए पुरानी पद्धति वाली जैविक खेती दोबारा अपनाना होगा।प्राकृतिक किसान रमाकांत तिवारी ने कहा जैविक कीटनाशक दवा तैयार करने के लिए पांच लीटर गोमूत्र,पांच किलो नीम की पत्ती, पांच किलो सदाबहार के पत्ते, पांच किलो अकऊआ के पत्ते, ढाई सौ ग्राम हल्दी, ढाई सौ ग्राम लाल मिर्च, एक किलो लहसुन, दो किलो तुलसी पत्ती, ढाई सौ ग्राम नीला थोता आदि चीजों को दस लीटर पानी में मिलाकर रख दें।

इसके आठ दिन बाद यह कीटनाशक दवा बन जाएगी। इस प्रकार से हम केमिकल दवाओं से बच सकते हैं।वहीं, मास्टर ट्रेनर वीरेंद्र यादव ने कहा कि मनुष्य एवं पशुओं से बचे अवशेषों को खेतों तक पहुंचाना होगा। तभी हम जैविक खेती के माध्यम से स्वयं को रोगों से बचा सकते हैं। मंच का संचालन आलोक गौड़ व अध्यक्षता शिवशंकर सिंह परिहार ने किया।इस मौके पर प्रदीप कुमार, बृजेन्द्र सिंह, ईश एग्रीटेक प्रा.लि.के प्रोजेक्ट क्वार्डिनेटर जितेंद्र सिंह,अनिल मिश्रा, अरविंद, रामेंद्र पटेल, विपुल तिवारी, विवेक सिंह, आशीष कुमार, फूलसिंह यादव पूर्व प्रधान आदि लोग रहे।

पर्यावरणविद ने सांसद बीडी राम की लगातार तीसरी जीत पर पौधा देकर स्वागत किया, कहा

# उजाला योजना के लाभ से वनों की कटाई पर लगेगा रोक : कौशल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** शहर के सुदना स्थित सांसद विष्णु दयाल राम के आवास पर गुरुवार को विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पलामू संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा पर्यावरण धर्म के तहत अतिथियों की स्वागत पौधों से करने का विधान है । जिसके तहत दुनिया के सबसे अधिक हाई ग्रीन पौधा देकर नवनिर्वाचित सांसद वीडी राम का स्वागत किया ।

श्री जायसवाल ने श्री राम से कहा कि बेकाबू गर्मी और जल संकट को टालने तथा जलवायु परिवर्तन को रोकने के उद्देश्य से पूरे देश में उज्ज्वला योजना के तहत अधिक से अधिक महिलाओं को गैस सिलेंडर दिलाई जाए। जिसमे भोजन बनाने के लिए महिलाएं जलावन के लिए वनों की कटाई नहीं करेंगी। जिससे वनों का क्षेत्रफल बढ़ने से प्रदूषण पर लगाम लगेगा। इतना ही नहीं वनों की कटाई नहीं होने से वर्षापात का भी प्रतिशत भी बढ़ेगा। जिससे बेकाबू गर्मी से भी निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि अगर सरकार सभी महिलाओं को एक गैस सिलेंडर देती है उससे समाज के लोगों को कई लाभ मिलेगा। इससे दुनियां की चार बड़ी समस्याओं का निदान सम्भव हो सकेगा। मौके पर पर छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के साथ कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ईडी ने राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल को जब्त की गई 180 करोड़ की संपत्ति लौटाई

**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राकांपा (अजीत पवार) गुट के नेता प्रफुल्ल पटेल की 180 करोड़ की संपत्ति जब्ती रद्द करके लौटा दी है। इन संपत्तियों में मुंबई के वर्ली इलाके में स्थित सीजे हाउस में 12वीं और 15वीं मंजिल के सात फ्लैट शामिल हैं। ईडी ने 2022 में प्रफुल्ल पटेल, उनकी पत्नी वर्षा और उनकी कंपनी मिलेनियम डेवलपर्स के स्वामित्व वाले कम से कम सात फ्लैट मनी लॉड्रिंग के तहत जांच करते हुए जब्त कर लिए थे। ईडी ने आरोप लगाया था कि पटेल ने यह सभी फ्लैट गैंगस्टर इकबाल मिर्ची की पत्नी से अवैध रूप खरीदे थे। ईडी का यह भी आरोप था कि इस संपत्ति के लिए 2007 में समझौता हुआ था। अब ईडी ने दावा किया है कि यह संपत्ति इकबाल मिर्ची से संबंधित नहीं है, इसलिए जब्ती रद्द करते हुए यह संपत्ति प्रफुल्ल पटेल को लौटा दी है। राकांपा शरद पवार गुट के विधायक रोहित पवार ने कहा कि प्रफुल्ल पटेल का भाजपा के साथ जाना सफल हो गया है।

# ईपीसीएच ने दुबई में इंडेक्स मेले में मौजूदगी दर्ज कराई

भारतीय पवेलियन कर रहा प्रीमियम खरीदारों को आकर्षित




एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडेक्स फेयर, 04 से 06 जून तक दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शुरू हो गया है। इस मेले में ईपीसीएच इंडिया पवेलियन का उद्घाटन के. कालीमुथु, वाणिज्य दूत, भारतीय महावाणिज्य दूतावास, दुबई ने ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आरके वर्मा और अन्य निर्यातक सदस्यों की मौजूदगी में किया। ईपीसीएच के राजेश रावत, अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच ने बताया कि यह मेला भारतीय निर्यातकों को मध्य-पूर्व के प्रीमियम खरीदारों के आगे अपने अनूठे हस्तशिल्प उत्पादों को प्रदर्शित करने के कई अवसर प्रदान करता है।

के. कालीमुथु, वाणिज्य दूत, भारतीय महावाणिज्य दूतावास, दुबई ने भारतीय पवेलियन का उद्घाटन करते हुए भारतीय हस्तशिल्प को विश्व बाजारों में लाने और देश से हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ईपीसीएच के निरंतर प्रयासों की सराहना की। सीजीआई ने भारतीय प्रदर्शकों से बातचीत की और यूएई में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जरूरी मदद की पेशकश की। ईपीसीएच अध्यक्ष दिलीप बैद ने बताया कि परिषद नियमित तौर पर इंडेक्स फेयर, दुबई, यूएई में भाग लेती है, इससे यूएई के बाजार की विविधता के बारे में जानकारी मिलती है। इंडेक्स दुबई डिजाइन पर आधारित उत्पादों का पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका (डब्ल्यूएएनए) में सबसे बड़ा व्यापार मेला है ढ्ढ ईपीसीएच ने इंडेक्स फेयर में हस्तशिल्प निर्यातकों की इस भागीदारी का आयोजन वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आरके वर्मा ने कहा कि अहमदाबाद,करूर,बेंगलुरु,चेन्नई,पानीपत,सहारनपुर,जयपुर,जोधपुर, मुरादाबाद और दिल्ली एनसीआर के प्रदर्शक इंडिया पवेलियन में अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। वो अपने होम डेकोर लाइफस्टाइल, होम टेक्सटाइल, फर्नीचर और एक्सेसरीज के खास उत्पाद, मेले में आ रहे प्रीमियम खरीदारों को दिखा रहे हैं।हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद देश से हस्तशिल्प के निर्यात को बढ़ावा देने की एक नोडल संस्थान है और यह देश के विभिन्न शिल्प क्लस्टर में होम, लाइफस्टाइल, टेक्सटाइल, फर्नीचर और फैशन ज्वेलरी व एक्सेसरीज उत्पादों को बनाने में लगे लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के प्रतिभाशाली हाथों के जादू की ब्रांड छवि बनाती है। साल 2023-24 के दौरान हस्तशिल्प का निर्यात 32,759 करोड़ रुपये (3,956 मिलियन अमेरिका डॉलर) का हुआ। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान यूएई में होने वाला हस्तशिल्प निर्यात 2049 करोड़ (247 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा, जिसमें बीते वर्ष की तुलना में रुपये के संदर्भ में 15.91 प्रतिशत और डॉलर के संदर्भ में 12.60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है, ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा द्वारा सूचित किया गया।